सूर्योदय : 6:20
सूर्यास्त : 6:12
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 19.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173


डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-260 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 13 मार्च 2025
12 रमज़ान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




12 रमजान, 13.03.2025

| सुन्नी हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04 : 54 | 06 : 15 |

| शिया हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04 : 48 | 06 : 26 |

## होली पर योगी सरकार का तोहफा

# 1.86 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस सिलेंडर

- सीएम योगी ने बटन दबाकर योजना का किया शुभारंभ
- गरीबों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** होली के ठीक पहले बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1890 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की। इस योजना का शुभारंभ लखनऊ के लोकभवन सभागार में सीएम योगी ने बटन दबाकर किया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां गैस कनेक्शन के लिए घूस देना पड़ता था, वहीं अब देश में 10 करोड़ परिवारों को ये सुविधा फ्री में उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही होली दीपावली पर गैस सिलेंडर भी मुफ्त दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार होली और रमजान एक साथ है, तो सभी लोगों को इस योजना का फायदा मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि उज्ज्वला योजना को 2016 में शुरू किया गया था, जिसके तहत देशभर में 10 करोड़ परिवारों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिले। उत्तर प्रदेश में करीब 2 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2021 में हमने वादा किया था कि 2022 में सरकार बनने पर होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जाएगा। तब से हर साल यह योजना चल रही है ताकि लोग पर्व और त्योहार अच्छे से मना सकें। इस बार होली और रमजान दोनों साथ हैं, इसलिए सभी को इसका लाभ मिलेगा। सीएम ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि पहले एक गैस कनेक्शन के लिए 25-30 हजार रुपये की घूस देनी पड़ती थी और त्योहारों पर सिलेंडर भी नहीं मिल पाते थे।



## मुख्यमंत्री ने होली की दी हार्दिक शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि होली भारत की सनातन परम्परा का प्रमुख पर्व है। सामाजिक समता, सौहार्द एवं उल्लास का प्रतीक यह पर्व सम्पूर्ण समाज एवं प्रदेशवासियों के लिए मंगलमय हो। कहा कि पर्व एवं त्योहारों की लम्बी श्रृंखला, भारत की प्राचीन गौरवशाली परम्परा का उदाहरण है।

## अवकाश सूचना

होली के शुभ अवसर पर सभी सुधी पाठकों एवं विज्ञापन दाताओं व प्रतिनिधियों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 'अवधनामा' प्रेस व कार्यालय में दिनांक 13 मार्च और 14 मार्च को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 16 मार्च को निकलेगा।

**सम्पादक**

## जौनपुर बनेगा स्मार्ट सिटी : योगी

### 1001 जोड़ों को मुख्यमंत्री ने दिया आशीर्वाद

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को शाही किला में आयोजित जौनपुर महोत्सव के तीसरे दिन सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पहुंचकर 1001 जोडों को आशीर्वाद दिया। कहा की मुख्यमंत्री मंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत के प्रदेश सरकार में मेरे सहयोगी गिरीश चंद्र यादव सांसद, विधायकगण व ग्रामीण से आएं हुए बहनों भाईयों व 1001 नवदंपत्तियों को बधाई देता हूं। सबका साथ सबका विकास के तहत 1 करोड़ 86 लाख उज्ज्वला योजना अंतर्गत होली के शुभ अवसर पर निःशुल्क सिलेंडर प्रदान किया है। विकास की कोई सीमा नहीं हों सकतीं है बस उनके जीवन में उत्साह उमंग का भाव पैदा करना चाहिए। डबल इंजन की सरकार यह कर रही है। यह सरकार बिना भेदभाव के साथ हर गांव में हर वर्ग के समाज के प्रत्येक लोगों को हर सुविधा प्रदान कर रही है चाहें कन्या सुमंगला योजना, आवास, पेंशन, शौचालय, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ मिला। आप सभी को बताना चाहता हूं की जहां कोई नहीं आपका साथ देगा वहां सरकार आप सभी लोगों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 1 वर्ष में एक लाख शादी हों रहीं थीं लेकिन इस वर्ष होली के पुर्व तक 4 लाख लोगों का विवाह हों चुका है।



# भारत मॉरिशस में संसद भवन और पुलिस अकादमी बनाएगा

- भारत-मॉरिशस के बीच 8 समझौतों पर सहमति
- मॉरिशस के 500 सिविल सेवकों को भारत में प्रशिक्षित किया जाएगा



**पोर्ट लुई।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मॉरिशस में कुल आठ मुद्दों पर डील की है। भारत की विभिन्न एजेंसियों और मॉरिशस के मंत्रालयों व विभागों के बीच यह समझौते हुए हैं।

पीएम मोदी और मॉरिशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने बुधवार को आठ समझौता से जूड़े एमओयू यानी ज्ञापनों पर साइन किया। इन समझौतों में अपराध की जांच, समुद्री यातायात निगरानी, बुनियादी ढांचा कूटनीति, वाणिज्य, क्षमता निर्माण, वित्त और समुद्र से जुड़ी अर्थव्यवस्था शामिल हैं। ज्वाइंट प्रेस वार्ता के दौरान पीएम मोदी ने मॉरिशस के लोगों को उनके राष्ट्रीय दिवस पर शुभकामनाएं दीं और दोनों देशों के बीच गहरे संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भारत और मॉरिशस के बीच संबंध केवल हिंद महासागर से ही नहीं बल्कि हमारी साझा सांस्कृतिक परंपराओं और मूल्यों से भी जुड़े हैं। हम आर्थिक और सामाजिक प्रगति के पथ पर एक-दूसरे के साझेदार हैं। चाहे प्राकृतिक आपदा हो या कोविड, हमने हमेशा एक-दूसरे का समर्थन किया है. चाहे वह रक्षा हो या शिक्षा या स्वास्थ्य व अंतरिक्ष, हम हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर चलते रहे हैं। सुरक्षा सहयोग के हिस्से के रूप में, भारत मॉरिशस में एक पुलिस अकादमी और एक राष्ट्रीय समुद्री सूचना-साझाकरण केंद्र स्थापित करने में सहायता करेगा। पीएम मोदी ने व्हाइट शिपिंग, ब्लू इकोनॉमी और हाइड्रोग्राफी में बढ़ते सहयोग पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन, हिंद महासागर रिम एसोसिएशन और हिंद महासागर सम्मेलन जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से अधिक सहयोग का वादा करते हुए मॉरिशस की संप्रभुता के लिए भारत के सम्मान को दोहराया। लोगों से लोगों के संबंधों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि भारत और मॉरिशस मानव विकास के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का लाभ उठाने के लिए मिलकर काम करेंगे।

## बलोच लड़ाकों के कब्जे से 190 यात्री मुक्त कराए गए, 24 अब भी बंधक

**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने अगवा ट्रेन से 190 यात्रियों को बचा लिया है। अभी 24 यात्री बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के कब्जे में हैं, जिन्हें मुक्त कराने के लिए बुधवार को दूसरे दिन अभियान जारी रहा। सुरक्षा बलों ने 30 बलोच लड़ाकों को मार गिराने का दावा किया है। इस घटना में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि पाकिस्तान सरकार ने 200 से अधिक ताबूत क्वेटा भेजे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने घटना की निंदा की है और सभी यात्रियों को जल्द से जल्द रिहा करने का आग्रह किया है। अधिकारियो ने बताया कि क्वेटा से 160 किमी दूर सुरंग में बंधक बनाई गई ट्रेन को मुक्त कराने के लिए बीएलए लड़ाकों और पाकिस्तानी सेना व सुरक्षा बलों के बीच लड़ाई जारी है।

## संभल की जामा मस्जिद में रंगाई-पुताई होगी : हाईकोर्ट

- सिर्फ बाहरी दीवारों पर रंग-रोगन करें, ढांचे को नुकसान न हो



**प्रयागराज।** संभल की जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई मामले में जिला प्रशासन को झटका लगा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बुधवार को मस्जिद की रंगाई-पुताई का आदेश दे दिया। हाईकोर्ट ने ऑर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को एक हफ्ते में मस्जिद के मूल ढांचे को बिना नुकसाान पहुंचाए रंगरोगन का काम पूरा करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने मस्जिद कमेटी की अर्जी आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए कहा कि कमेटी केवल बाहरी दीवारों पर रंगाई-पुताई करा सकती है. हाईकोर्ट ने कहा कि मस्जिद की बाहरी दीवार पर लाइटनिंग भी लगाई जा सकती है, लेकिन बिना मूल ढांचे को नुकसान पहुंचाए। 25 फरवरी 2025 को जामा मस्जिद कमेटी के वकील जाहिर असगर ने मस्जिद की रंगाई-पुताई के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी. याचिका में अपील की थी कि हर साल रमजान से पहले मस्जिद की रंगाई-पुताई होती है, लेकिन इस बार प्रशासन अनुमति नहीं दे रहा है. मस्जिद की रंगाई-पुताई जरूरी है और इसलिए मस्जिद कमेटी को अनुमति मिलनी चाहिए।

## संभल में ढकी गई होली के जुलूस मार्ग की मस्जिदें

**संभल।** यूपी के संभल जिले में गुलाल की चौपाई और होली के जुलूस को लेकर पुलिस-प्रशासन सतर्क है। बुधवार को जुलूस के मार्ग पर पड़ने वाली दस मस्जिदों को कवर कराया गया है। वहीं, दूसरी ओर जामा मस्जिद कमेटी ने भी जुमे की नमाज का समय 2.30 बजे तय कर दिया है। इसका एलान जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली एडवोकेट ने किया है। एएसपी श्रीशचंद्र के अनुसार, संभल में होली की चौपाइयों का जुलूस जिन रास्तों से निकेलगा, उन रास्तों पर पड़ने वाले धार्मिक स्थलों को दोनों पक्षों की सहमति के बाद ढका गया। चौपाई जुलूस के रास्ते पर पड़ने वाली ऐसी 10 मस्जिद हैं, जिन्हें ढका गया। दोनों पक्षों के लोगों से इसको लेकर बातचीत की गई। दोनों ही पक्षों के लोगों ने ही इस फैसले पर सहमति जताई थी। उधर,संभल डीएम राजेंद्र पेंसिया ने त्यौहारों से पहले सुरक्षा व्यवस्था पर कहा, शांति समिति की बैठकें की गई हैं।










अवधनामा



# हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए मुख्य आरोपी सहित दो अभियुक्तो को किया गिरफ्तार




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** कोतवाली सदर के नेतृत्व में, दिनाँक 10.03.2025 को लखीमपुर शहर में, मृतक देव सेठ उर्फ अमोघ की गोली मारकर की गई हत्या की घटना के संबंध में थाना कोतवाली सदर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0209/2025 धारा 191(2)/191(3)/190/115(2)/103 (1)/109(1)/351(3) बी.एन.एस. का आज दिनांक 12.03.2025 को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा सफल अनावरण करते हुए मुख्य अभियुक्त- 1.अनमोल पुरी उर्फ बाला पुत्र अमरनाथ पुरी निवासी ग्राम दरेरी थाना पदुआ जनपद लखीमपुर खीरी व शान्तनु अवस्थी पुत्र शरद अवस्थी निवासी मो0 सरवती देवी कालोनी थाना कोतवाली सदर उत्कर्ष सिंह पुत्र शैलेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कैमीभूङ थाना मितौली हालमुकाम मो0 शिवकालोनी थाना कोतवाली सदर जनपद को रेलवे स्टेशन लखीमपुर के बाहर ग्राउण्ड से गिरफ्तार कर, मुख्य अभियुक्त अनमोल पुरी उर्फ बाला उपरोक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल, 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस एवं एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।दिनाँक 10.03.2025 को समय करीब 19.20 बजे मिश्राना चौराहा लखीमपुर शहर स्थित पुष्पा बुक डिपो के सामने, पूर्व की आपसी रंजिश को लेकर अभियुक्तगण द्वारा देव सेठ उर्फ अमोघ पुत्र श्री भरत सेठ नि0 मो0 अर्जुनपुरवा सेठ कालोनी थाना कोतवाली सदर उम्र करीब 19 वर्ष की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी तथा पुष्पा बुक डिपों में कार्य करने वाले आदित्य कश्यप पुत्र दिनेश कश्यप नि0 मो0 हाथीपुर बक्सा मार्केट थाना कोतवाली सदर जिला खीरी के हाथ में गोली लगी थी।

घटना के संबंध में मृतक देव सेठ उर्फ अमोघ के पिता श्री भरत सेठ पुत्र स्व0 श्री नारायन किशोर सेठ नि0 मो0 अर्जुनपुरखा सेठ कालोनी थाना कोतवाली सदर जनपद लखीमपुर खीरी की लिखित तहरीर के आधार पर दिनांक 10.03.2025 को थाना कोतवाली सदर पर मु0अ0सं0 0209/2025 धारा 191(2)/191(3)/190/115(2)/103(1)/109(1)/351(3) बी.एन.एस. पंजीकृत हुआ था। अभियुक्त गण घटना के पश्चात मौके से फरार हो गये थे।

## अवकाश से पहले बच्चों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी जमकर खेला रंग

**लखीमपुर-खीरी।** जिले के स्कूलों में होली की धूम रही। अवकाश से पहले बच्चों के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी जमकर रंग खेला। इसके अलावा एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं भी दीं। यहां बता दें कि जिले के कक्षा एक से आठ तक के स्कूल अब 16 मार्च को खुलेंगे। मंगलवार को विभिन्न स्कूलों में अवकाश के पहले छात्र-छात्राओं ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं शिक्षक-शिक्षिकाएं भी रंगोत्सव का त्योहार मनाने में पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी बच्चों के साथ खूब होली खेली। स्कूलों में छुट्टी के बाद सड़कों पर निकले बच्चे होली रंग से सराबोर देखे गए। इसके अलावा बच्चों ने अपने-अपने साथी ग्रुप के साथ सेल्फी भी ली।

# आयोग ने ईआरओ, डीईओ, सीईओ स्तर पर मांगे राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल तक सुझाव

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मा. भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सूचित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत कर, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के अन्दर हल करें और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया उन्होंने बताया कि संविधान और वैधानिक ढ़ांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में यह भी कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है इस संदर्भ में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर 11 मार्च, 2025 को सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनको भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देशों से अवगत कराते हुए अनुरोध किया गया कि वे बूथ लेवल एजेंट को नियुक्त करते हुए निर्वाचक नामावली में सुधार एवं सुझाव के अनुसार सहयोग प्रदान करें जिससे निर्वाचक नामावली एवं निर्वाचन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की कोई कढ़िनाई न उत्पन्न हो।

## रहस्यमय तरीके से गायब हुई 13 वर्षीय किशोरी

**लखीमपुर-खीरी।** खीरी थाना इलाके के एक गांव की किशोरी रहस्यमय तरीके से गायब हो गई। घरवालों ने गांव के ही एक युवक पर 13 वर्षीय किशोरी को अगवा करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पीड़िता पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार को घर के सभी सदस्य खेत गए थे। घर पर उनकी बेटी ही थी। दोपहर करीब एक बजे जब खेत से घर वापस आए तो घर का दरवाजा खुला था। आवाज लगाने पर भी बेटी नहीं आई तो आस पास तलाश की गई। तलाश के बाद भी बेटी का कहीं कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ बेटी को अगवा कर ले जाने की शिकायत की।

## ट्रैक्टर-ट्राली और बाइक में आमने-सामने की हुई टक्कर

**लखीमपुर-खीरी।** मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के फत्तेपुर-चुरईपुरवा मार्ग पर मंगलवार की रात ट्रैक्टर-ट्राली और बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान विद्याप्रकाश (28) पुत्र परवन निवासी मुलापुरवा के रूप में हुई है मौत की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लिया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजते हुए चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# वाल्मीकि मंदिर पहुंचे डीएम-एसपी

## दर्शन कर वाल्मिकी समाज के संग मनाई होली



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी ।** होली के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से जिले के प्रमुख प्राचीन मंदिरों में मिष्ठान, पूजा सामग्री, ग्रीटिंग कार्ड युक्त ÷होली उपहार÷ भेजा गया है। इसी कड़ी में बुधवार की दोपहर जिला मुख्यालय के मोहल्ला गोटैय्याबाग स्थित वाल्मीकि मंदिर पहुंचकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने दर्शन किए और वहां के पुरोहित को उक्त सामग्री और उपहार भेंट कर होली की शुभकामनाएं भी दी।डीएम-एसपी ने मंदिर परिसर में मौजूद वाल्मीकि समाज के लोगों को अपने हाथों से गुजिया खिलाई और होली की शुभकामनाएं दी। डीएम एसपी को अपने बीच पाकर वाल्मीकि समाज के लोग खुश नजर आए। भारत माता की जय के जयघोष भी किया।

इस अवसर पर महंत, पुजारियों, वाल्मीकि समाज के लोगों ने योगी आदित्यनाथ जी के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घाऊ की कामना के साथ उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेशवासियों की सुख, शांति, खुशहाली व समृद्धि की कामना किया। इस मौके पर तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लखीमपुर संजय कुमार मौजूद रहे।

## हवन होली रंग गुलाल समिति ने आयोजित किया होली मिलन कार्यक्रम!



**नगीना।** हवन होली रंग गुलाल समिति द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम सनातन परम्परा के अनुसार उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। समिति के संरक्षक प्रभात चंद गुप्ता ने समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान का पगड़ी व पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान ने समिति के संरक्षक अनिल बंधु, प्रभात चंद गुप्ता, अशोक अग्रवाल, सुशील गुप्ता, संजय वर्मा व समिति के सदस्यों को पगड़ी व पटका पहनाकर स्वागत किया। नगीना धामपुर रोड स्थित रॉयल रिसोर्ट में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में समिति के संरक्षक मंडल ने समिति के पदाधिकारियो सौरभ मित्तल, विनय अग्रवाल, दीपक अरोड़ा, अभिषेक अग्रवाल, धर्मेन्द्र राठी, सचिन शर्मा, लवी मित्तल, सचिन शर्मा,अरुण शर्मा का पगड़ी व पटका पहनाकर स्वागत किया। समिति के संरक्षक प्रभात चंद गुप्ता ने समिति की मूल भावना व इतिहास विकास पर प्रकाश डाला। समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान ने समिति की उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए व सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति के नेतृत्व में निकलने वाले गुलाल जुलूस को एतेहासिक बनाने में समिति के सभी सदस्यों का महत्त्वपूर्ण योगदान है। समिति के सभी सदस्यों के प्रयास से जुलूस हर नए साल में नई उपलब्धि हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि जुलूस को आकर्षक बनाने के लिए हर वर्ष कुछ न कुछ नया प्रयोग किया जाता है।

जिससे जुलूस में आकर्षण पैदा हो,जुलूस में अपार जनसहभागिता भी इस बात का परिचायक है कि जुलूस को नगरवासियों का भी भरपूर सहयोग व समर्थन मिल रहा है।उन्होंने लोगो से अपील की कि लोग अधिक से अधिक संख्या में जुलूस में शामिल होकर जुलूस की शोभा को बढ़ाएं। अंत में जुलूस की जिम्मेदारियों का कार्य विभाजन किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी। संचालन सचिन शर्मा ने किया।

## सन शाइन पब्लिक स्कूल फजलपुर तबेला में बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया होली का पर्व!



**नजीबाबाद** - सन शाइन पब्लिक स्कूल में होली के पर्व को बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। वि?द्यालय के सभी छोटे-बड़े छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल व रंग लगाकर साथ ही साथ गले मिलकर होली की बधाई दी। बच्चों ने शेर, बंदर, भालू आदि के मुखौटे पहनकर माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। बच्चों के साथ-साथ वि?द्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल व प्राचार्य आलोक अग्रवाल व समस्त स्टॉफ ने भी एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर प्रबंधक विनोद मित्तल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का पर्व रंगों की अनेकता में एकता का प्रतीक है । सभी इसे स्नेह व एकता के साथ मनाना चाहिए। सभी को होली का पर्व सही व सुरक्षित ढंग से खेलना चाहिए उन्होंने सभी के जीवन में रंगों के जैसी रंगत भरी रहने की कामना भी की इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों अनु, नीलम, माधवी, रेणु, पिंकी, निधि, नेहा, मोनिका, रिया, तनु, अफ़रोज़, खुशबू, सुरभि, हिमानी, मानसी, सलोनी आदि उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शहरी तथा ग्रामीण) की विकास भवन सभागार में बैठक हुई




*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति (शहरी व ग्रामीण) माह फरवरी 2025 की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं को शासन द्वारा निर्धारित धनराशि का भुगतान की समीक्षा में बताया गया कि सामुदायिक केन्द्र खेरागढ़, फतेहपुर सीकरी, बरौली अहीर, जिला महिला चिकित्सालय व एसएन मेडिकल कॉलेज में भुगतान अभी लम्बित है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गये कि लम्बित भुगतानों को माह के अंत तक भुगतान कराना सुनिश्चित किया जाए साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि गर्भवती महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना का लाभ सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण करते हुए एक सप्ताह के अन्दर भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की समीक्षा में बताया गया कि एएनसी लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 01 लाख 50 हजार 994 गर्भवती महिलाओं को चिन्हित किया गया है, जिसमें से 03 हजार 906 महिलाओं को सीवीअर, एनीमिया तथा 11202 महिलाओं को हाई रिस्क प्रेग्नेंसी में चिन्हित किया गया है, उन्होंने सभी एमओआईसी को निर्देश दिए कि उक्त चिन्हित महिलाओं को आशा व एएनएम के माध्यम से उन पर निगरानी रखें और आवश्यक दवाओं के साथ साथ टीकाकरण भी कराया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में आशाओं के द्वारा किये गये कार्यों तथा उन्हें दिये जाने वाले मानदेय की समीक्षा में बताया गया कि जनपद में दिये गये औसतन भुगतान के सापेक्ष विकास खण्ड अकोला, बिचपुरी, बरौली अहीर, बाह, सैयां तथा फतेहाबाद को छोड़कर शेष विकास खण्डों में भुगतान कम है। उक्त के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी एमओआईसी को निर्देश दिए गये कि किसी भी स्तर पर आशाओं के मानदेय भुगतान के प्रपत्र लम्बित नहीं होने चाहिए साथ ही उन्हें शासन द्वारा संचालित उन सभी योजनाओं की भी जानकारी दी जाए, जिसको करने से वह अपने मानदेय में बढोत्तरी करें साथ ही साथ स्वास्थ्य विभाग को भी उनके कार्यों का लाभ मिले। बैठक में बताया गया कि स्टेट डैशबोर्ड/रैंकिंग में जनपद आगरा विगत पांच माह से सुधार करते हुए माह फरवरी की रैंकिंग में 16वें स्थान पर है तथा ब्लॉक वाइज जनपद रैंकिंग में बिचपुरी, पिनाहट, बाह, जगनेर तथा एत्मादपुर क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ तथा पंचम स्तर पर हैं।

मंत्रा-माँ नवजात ट्रैकिंग में आगरा अर्बन पीएचसी, अकोला तथा फतेहाबाद के खराब प्रदर्शन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गये कि आशा तथा एएनएम के माध्यम से माँ नवजात ट्रैकिंग में अगले माह से सुधार प्रदर्शित होना सुनिश्चित करें तथा उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अपेक्षित प्रगति परिलक्षित न होने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही के लिए उच्च स्तर पर पत्राचार किया जायेगा।

## आपसे सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाएं होली का पर्व!

### एक दूसरे की धार्मिक भावनाओं का करें सम्मानः सीओ



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद - नजीबाबाद** क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह में सभी नगर वासियों से अपील कर कहा कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाएं! एक दूसरे के धार्मिक भावनाओं का सम्मान करें! धार्मिक स्थलों पर रंगों का उपयोग न करें, किसी भी दूसरे समुदाय के लोगों पर रंग न डालें, भूल वंश अगर किसी दूसरे समुदाय के लोगों पर रंग चला जाता है तो उसका इश्यू न बनाएं हो सकता है वह अपने साथी पर डाल रहा हो और आप वहां गुजर रहे हो या हवा का रुख बदल जाए और धोखे से आपके उपर आ जाए! आगे उन्होंने कहा कि जैसा की रमज़ान का पवित्र महीना चल रहा है और होली और जुमा एक साथ है तो मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरु भी अपने-अपने गली मोहल्ले के बच्चों को बताएं की अनावश्यक रूप से बाहर न निकले, सुकून से जुमे की नमाज़ पढ़कर अपने-अपने घरों में जाए! वहीं उन्होंने होली मनाने वालों से कहा कि नशे की हालत में वाहन न चलाएं और दो सवारी से ज्यादा न बैठें, अन्यथा आपका नुकसान हो सकता है! रंगों का त्यौहार है एक दूसरे की जिंदगी में रंग भरे और त्यौहार मना कर खुशियां बटोरे! किसी भी सोशल प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक, भ्रामक टिप्पणी से बचें! शरारती तत्वों पर पुलिस अपनी पैनी नज़र बनाए हुए हैं खुराफातियों को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा! इसी के साथ उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को होली एवं रमज़ान की दिली मुबारकबाद दी!

## आगरा में 3 लाख 30 हजार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के चैक की मिली सौगात

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** लोक भवन सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ मंजू भदौरिया तथा महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत ?1,890 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न स्थानों से आईं 150 महिला लाभार्थियों को लगभग 503 रुपए की सब्सिडी के चैक जिला पंचायत अध्यक्ष तथा महापौर द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू भदौरिया ने अपने संबोधन में सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि आज प्रदेश सरकार ने हमें डबल खुशी दी है कि एक तो होली के सुअवसर पर गैस सिलेंडर और दूसरा वो भी मुफ़्त। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की दूरगामी सोच है कि धुआं रहित ईंधन से महिलाओं स्वास्थ्य के साथ साथ पर्यावरण को भी बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार महिलाओं के स्वावलंबन, सुरक्षा और शिक्षा के क्षेत्र में अनेकों योजनाएं संचालित कर उन्हें लाभान्वित कर रही हैं। महापौर ने भी महिला लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनपद आगरा में उज्वला योजना के लगभग 3 लाख 30 हजार लाभार्थी है, जिनमें से 150 महिला लाभार्थियों को सांकेतिक रूप से आज बुलाकर रिफिल सब्सिडी के चेक दिए गए और सब्सिडी की धनराशि उनके खाते में आरटीजीएस के माध्यम से एक सप्ताह के अंदर हस्तांतरित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश की सरकार ने सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत पूर्व में दी जाने वाली अनुदान राशि को 1 अप्रैल से बढ़कर एक लाख कर दिया है। इसी तरह जो बालिकाएं प्रथम स्थान प्राप्त करेंगी उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा प्रोत्साहन के तौर पर स्कूटी दी जाएगी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में 3 लाख 30 हजार प्रधानमंत्री उज्वला योजना के अंतर्गत लाभार्थी हैं जिनमें इंडियन ऑयल कंपनी के अंतर्गत 1 लाख 69 हजार, बीपीसीएल के 70 हज़ार, तथा एचपीसीएल के 89 हजार लाभार्थी हैं जिन्हें होली के त्यौहार से पूर्व सब्सिडी भेजी जा रही है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी, मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी संजीव सिंह सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रहीं।

## आगामी त्योहारो को लेकर पुलिस टीम के जवानों ने निकाला फ्लैग मार्च।



**अफजलगढ़।** आगामी त्योहार होली पर्व को लेकर नगर सहित थाना क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत एवं आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से सीओ अफजलगढ़ अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थानाध्यक्ष सुमित राठी ने पुलिस टीम के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। मंगलवार की देर शाम सीओ अफजलगढ़ अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थानाध्यक्ष सुमित राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। कोतवाली प्रांगण से शुरू हुआ फ्लैग मार्च नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए कोतवाली प्रांगण में जाकर सम्पन्न हुआ। शांति व्यवस्था को पूरी तरह से कायम रखने आगामी त्योहारो को शांतिपूर्वक ढंग से सम्पन्न कराने के लिए निकाला। फ्लैग मार्च कोतवाली अफजलगढ़ प्रांगण से शुरू होकर मौहल्ला बेगम सराय,नायक सराय,गौहर अली खां,होली चौक,पीएनबी चौराहे, कालागढ़ मार्ग,जसपुर तिराहे से होते हुए कोतवाली प्रांगण में जाकर सम्पन्न हुआ। पैदल मार्च का उद्देश्य आगामी त्योहारो से पहले आमजन को एक संदेश जारी करना था कि समाज में परस्पर सद्भाव बनाए रखें। और अफवाहों पर ध्यान न दें। असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने को चेतावनी दी गई।

# आगरा पुलिस ने बेकरी में हुई चोरी का 48 घंटे में किया खुलासा, कैश सहित 2 गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** संजय प्लेस की एक बेकरी में विगत 10 मार्च को हुई चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों के कब्जे से 2.48 लाख कैश, चोरी में प्रयुक्त स्कूटी, कुछ औजार और विदेशी करेंसी भी मिली है। अभियुक्तों में से एक वादी की बेकरी पर पिछले 20 साल से मैनेजर के रूप में कार्य कर रहा था। बेकरी मालिक ने 10 मार्च को थाना हरीपर्वत में कैश समेत कुल तीन लाख रुपये की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस 48 घंटे के अंदर अभियुक्तों तक जा पहुंची और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। 2 लाख 48 हजार कैश, विदेशी करेंसी, घड़ी, स्कूटी भी बरामद की। पूछताछ में पता चला कि अभियुक्तों में से एक बेकरी में ही मैनेजर के रूप में काम करता था। उसे मालूम था कि संजय प्लेस की बेकरी में कैश रहता है। वादी की एक अन्य बेकरी वजीरपुरा में भी है। वहां का कैश भी संजय प्लेस में लाकर रखा जाता था। वही पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा बाताया गया कि दोनों अभियुक्त आपस में रिश्तेदार है, अभियुक्त बिल्ला ने बताया कि वह अटलांटिक फूड के मालिक की वजीरपुरा स्थित अपोलो बेकरी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है, वह पिछले 20 वर्षों से उनके साथ काम कर रहा है, उक्त बेकरी का दिन भर का कलेक्शन उसको अभियुक्त मेन बेकरी संजय पैलेस पर जमा करने जाता था, बेकरी के मालिक 08 तारीख को किसी काम से बाहर गये थे जिस कारण से दोनों बेकरी का कलेक्शन बैंक में जमा नहीं हो पाया था। अभियुक्त ने इस बात का फायदा उठाकर अपने साले सुनील को दुकान में चोरी करने के लिए बताया और समझाया कि दुकान यदि इस समय चोरी की जाये तो दुकान में काफी माल मिल सकता है। इसके लिए अभियुक्त ने अपने साले से दुकान की रेकी करायी और फिर हम दोनों ने पूर्व योजना के तहत दिनाँक 09/10.03.2025 की रात को दोस्त की स्कूटी माँग ली और उसकी नं0 प्लेट को हटा दिया, जिसके बाद दोनों अभियुक्तों दुकान से चोरी करने के बाद सामान लेकर मौके से भाग गये।

अवधनामा



## रमजान सब्र, भलाई, रहमत व बरकत का महीना



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** माह-ए-रमजान सब्र, भलाई, रहमत और बरकत का महीना है। रमजान में मुसलमान गरीब, असहाय और जरूरतमंदों का ख्याल रख कर उनकी मदद कर रहे हैं। रमजान में अल्लाह अपने बंदों के गुनाहों को माफ कर उन्हें जहन्नम से आजादी का परवाना अता करता है। माह-ए-रमजान की सुबह-शाम खैर व बरकत में गुजर रही है। अल्लाह के करम से बुधवार को 11वां रोजा मुकम्मल हो गया। तरावीह की नमाज़ का सिलसिला जारी है। कई मस्जिदों में तरावीह नमाज के दौरान एक कुरआन-ए-पाक मुकम्मल हो चुका है। पूरी दुनिया में अमन व अमान की दुआ मांगी जा रही है। रमज़ान का मुबारक महीना और फिजा में घुली रूहानियत से दुनिया सराबोर हो रही है, ऐसा लगता है कि चारों तरफ नूर की बारिश हो रही हो। साढ़े छह गली नखास में इत्र व टोपी की खूब बिक्री हो रही है। अख्तर आलम ने बताया कि रमजान में उनके यहां तमाम तरह के इत्र व अलग-अलग किस्म की टोपियां बिक रही हैं। इलाहीबाग के समाजसेवी हाजी खुर्शीद आलम खान ने कहा कि आज हम एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जहां इंसानियत दम तोड़ती नजर आ रही है लोगों पर खुदगर्ज़ी हावी होती जा रही है ऐसे में रमजान खुद की खामियों को दूर कर नेक राह पर चलने का मौका देता है। रमजान में चाहे दीन हो या फिर दुनिया दोनों संवरती है। रोजेदार अपनी आदतों की विपरीत अल्लाह के हुक्म का पूरी तरह पाबंद हो जाता है। समय पर सहरी और इफ्तार करता है। अल्लाह को राजी करने के लिए रोजे की हालत में भूख और प्यास बर्दाश्त करना मुसलमानों को सब्र सिखाता है। इंसान जब भूखा प्यासा होता है तो उसका नफ़्स सुस्त और कमज़ोर होकर गुनाहों से बचा रहता है। उसे इबादत में लुत्फ आने लगता है। जब अल्लाह की बारगाह में इबादत कुबूल होती है तो बंदों की दुआ भी कुबूल होने लगती है।

# पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की नृशंस हत्या के विरोध में मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति ने सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** पिछले दिनों सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की नृशंस हत्या के दोषियों पर कठोर कार्रवाई, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता एवं पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने हेतु राष्ट्रपति, भारत सरकार, प्रधानमंत्री, भारत सरकार, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश व राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को जिलाधिकारी गोरखपुर के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया गया।



बताते चलें कि सीतापुर जिले में वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई, जो न केवल कानून व्यवस्था पर गहरा प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है, बल्कि पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता भी उत्पन्न करती है। यह घटना यह दर्शाती है कि अपराधी अब बेखौफ होकर पत्रकारों पर हमला कर रहे हैं और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा प्रहार कर रहे हैं। इस नृशंस हत्या से पूरा पत्रकार समाज आक्रोशित है और मांग करता है कि दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दी जाए तथा पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता एवं न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। ज्ञापन के माध्यम से 6 बिंदुओं का मांग पत्र दिया गया। **दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोरतम सजा-** पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या के सभी दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए, ताकि उन्हें कठोरतम सजा मिले। राघवेंद्र बाजपेई के परिवार को 1 करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की जाए। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, जिससे उनका जीवनयापन सुनिश्चित हो सके। परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि वे किसी भी प्रकार के खतरे से मुक्त रहें।

उत्तर प्रदेश में पत्रकारों पर हो रहे हमलों को रोकने के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए। इस कानून में यह प्रावधान हो कि पत्रकारों पर हमला गैर-जमानती अपराध हो और दोषियों को कम से कम 10 वर्ष की सजा मिले। प्रत्येक जिले में पत्रकार सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन किया जाए, जिसमें वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधि हों। पत्रकारों पर होने वाले हमलों और हत्याओं की सुनवाई के लिए विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया जाए। सरकार पत्रकारों के लिए विशेष बीमा योजना लागू करे, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में उनके परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके। पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 24 7 हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाए। हर जिले में पत्रकारों और प्रशासन के बीच मासिक बैठक हो, जिसमें उनकी सुरक्षा को लेकर आवश्यक चर्चा हो। पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस को विशेष निर्देश जारी किए जाएं और उनकी जवाबदेही तय की जाए।

हम आपसे अपील करते हैं कि इस गंभीर घटना को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए तत्काल प्रभावी कदम उठाएं। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो पत्रकार समाज को विरोध प्रदर्शन और आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## कायाकल्प मूल्यांकन टीम ने जांची सीएचसी की व्यवस्थाएं



**उरई (जालौन)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं को जांचने के लिए शासन द्वारा गठित कायाकल्प मूल्यांकन टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच का निरीक्षण किया। टीम ने बताया, रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। टीम में शामिल डॉ. तरन्नुम सिद्दीकी, डॉ. विवेक राजधर ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते हुए ऑपरेशन थिएटर, एक्सरे कक्ष, प्रसव कक्ष, इमर्जेंसी वार्ड में साफ सफाई, दरवाजे खिड़की, रंगाई पुताई, बेड बिस्तर, बिजली आपूर्ति आदि की स्थिति देखी। रोगी पर्चा काउंटर और दवा वितरण कक्ष की भी स्थिति का टीम ने जायजा लिया और उपलब्ध दवाओं के स्टॉक व जरूरी दवाओं की जानकारी ली। केंद्र परिसर में साफ सफाई के साथ ही पेयजल व्यवस्था देखी। टीम ने महिला चिकित्सकों से बात कर गर्भवती महिलाओं के माहवार आंकड़े लिए। प्रसव कक्ष में तैनात नर्सों से पूछा कि बच्चा होने के बाद जच्चा-बच्चा की बेहतर सेहत के लिए क्या-क्या जानकारी आप लोगों के द्वारा दी जाती है। टीम ने कंडोम बॉक्स भी देखा जिसे हर समय भर कर रखने के लिए कहा गया। वहीं निरीक्षण को लेकर टीम ने बताया कि रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी डॉ. अनिल कुमार शाक्य व स्टाफ मौजूद रहा।

## इंडियन बैंक की ओर से हमारे सभी ग्राहकों एवं प्रदेशवासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** प्राणेश कुमार अंचल प्रबंधक, लखनऊ ने



कहा हमारी कामना है कि रंगोत्सव के इस त्योहार में आपके परिवार को सुख-समृद्धि, धन-धान्य, सौभाग्य एवं आरोग्य प्राप्त हो। हमारी समस्त शाखाओं में जमा तथा ऋण से संबंधी सभी बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध हैं। बैंक द्वारा त्यौहार के शुभ अवसर पर विभिन्न ऋण उत्पाद सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। आप इन सुविधाओं का लाभ उठाएं और अपने सपनों को साकार कर खुशियां अपने घर लाएं।

## आपस में सौहार्द की खुशियां बांटें : सुधीर कुमार गुप्ता

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** सुधीर कुमार गुप्ता मुख्य महाप्रबंधक



लखनऊ ने कहा होली के इस पावन पर्व पर आप सभी के जीवन में रंगों से भरी खुशियाँ और समृद्धि की कामना करते हैं। इंडियन बैंक इस उल्लासमयी अवसर पर हमारे ग्राहकों को किफायती दरों पर ऋण एवं आकर्षक जमा उत्पाद उपलब्ध करा रहे हैं। आइए हम सभी मिलकर उत्सव रूपी रंगों का आनंद लें और आपस में सौहार्द की खुशियां बांटें।

# निजी कंपनी को सहूलियत देने के लिए एक्ट समझौतों व सेवा शर्तों का उल्लंघन कर रहा है प्रबन्धन

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज लगातार 105वें दिन समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर विरोध प्रदर्शन जारी रहा।




संघर्ष समिति के पदाधिकारियों पुष्पेन्द्र सिंह, जितेन्द्र कुमार गुप्त, प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, इस्माइल खान, संदीप श्रीवास्तव, विजय बहादुर सिंह राकेश चौरसिया, राजकुमार सागर, विनय पाण्डेय, ओम गुप्ता, गिरिजाशंकर चौहान, रामशरन एवं सुभाषचंद्र यादव ने कहा कि सुधार और संघर्ष के मंत्र का पालन करते हुए मार्च के माह में भी बिजली कर्मी सुधार के अपने अभियान को बनाए हुए अधिकतम राजस्व वसूली का कीर्तिमान बनाने हेतु प्रयत्नशील हैं। वहीं दूसरी ओर पॉवर कॉर्पोरेशन प्रबन्धन द्वारा निजीकरण के पहले ही निजी क्षेत्र की सहूलियत की दृष्टि से 55 वर्ष और डाउन साइज़िंग के नाम पर अत्यधिक अल्प वेतन पाने वाले संविदा कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर छंटनी किया जा रहा है और इलेक्ट्रिसिटी रिफॉर्म एक्ट 1999 और ट्रांसफर स्कीम 2000 और पूर्व में हुए समझौतों व सेवा शर्तों का उल्लंघन करते हुए नियमित कर्मचारियों के विभागीय संयोजनों पर मीटर लगाने के नाम पर अनावश्यक तौर पर औद्योगिक अशान्ति का वातावरण बनाया रहा है। उन्होंने कहा कि अत्यन्त दुर्भाग्य का विषय है कि बिजली कर्मी विगत 105 दिनों से लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं किन्तु प्रबन्धन ने संघर्ष समिति से इस दौरान एक बार भी वार्ता नहीं की। संघर्ष समिति के निर्णय के अनुसार बिजली कर्मी भोजन अवकाश में या कार्यालय समय के उपरान्त विरोध सभा कर रहे हैं जिससे कार्य में कोई व्यवधान न आए किन्तु ऐसा लगता है कि प्रबन्धन ने हठवादिता का रवैया अपना रखा है। उन्होंने आगे बताया कि प्रबन्धन द्वारा बिजली का निजीकरण किये जाने की मंशा से और निजी कंपनियों को सहूलियत देने के लिए बड़े पैमाने पर बिना कारण संविदाकर्मियों को हटाया जा रहा है और कर्मचारियों की सेवा शर्तों का सीधा उल्लंघन किया जा रहा है जिससे बिजली कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इलेक्ट्रिसिटी रिफार्म एक्ट 1999 और ट्रांसफर स्कीम 2000 और पूर्व में मा0ऊर्जा मंत्री जी के साथ हुए समझौते में स्पष्ट लिखा है कि बिजली कर्मियों को मिल रही रियायती दर की बिजली सुविधा पूर्ववत जारी रहेगी।इसके विपरीत प्रबंधन द्वारा भय और दबाव का वातावरण बना कर विभागीय संयोजनों पर मीटर लगवा कर उक्त सुविधा को कमतर करने का प्रयास किया जा रहा है।

## महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में मनाया गया विश्व किडनी दिवस




**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के अंतर्गत फैकेल्टी आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल में विश्व किडनी दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मॉडल और पोस्टर के जरिये किडनी की संरचना, हीमोडायलिसिस, पेरिटोनियल डायलिसिस आदि की विस्तार से जानकारी प्रदर्शित की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित गुरु गोरखनाथ चिकित्सालय के फिजिशियन डॉ. दीपक चंद्र श्रीवास्तव ने किडनी से संबंधित रोगों, किडनी की देखभाल, रोग से बचाव के तरीकों के बारे बताया। इस अवसर पर डायलिसिस विभाग के कोऑर्डिनेटर संजीव विश्वकर्मा ने बताया कि विश्व किडनी दिवस मार्च के प्रथम सप्ताह में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को किडनी से संबंधित बीमारियों के प्रति जागरूक करना है। आभार ज्ञापन पैरामेडिकल विभाग के डॉ रोहित कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डायलिसिस यूनिट के विद्यार्थियों और शिक्षकों की सहभागिता रही।

## विकास भवन में अधिकारियों-कर्मचारियों ने गुलाल लगाकर एवं गले मिलकर होली की दीं शुभकामनाएं



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** विकास भवन परिसर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा रंगों और आपसी भाईचारे व सौहार्द के प्रतीक पावन पर्व होली की पूर्व संध्या पर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर एवं गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी गईं। सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार ने जनपदवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह रंगों के इस त्योहार में कैमिकलयुक्त रंगों का प्रयोग न करें और नशे से दूर रहें। इस अवसर पर एडीआईओ मनोरमा सिंह, कृष्ण कुमार, प्रचार सहायक सौरभ शर्मा, माधव शर्मा, अनीता शर्मा, मोनू कुमार, पवन कुमार, विक्रम सिंह, प्रशान्त सेंगर, राघवेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार, जितेन्द्र कुमार समेत विकास भवन के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी (प्रतीकात्मक चेक) का वितरण हुआ



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी (प्रतीकात्मक चेक) का वितरण लोकभवन सभागार, लखनऊ में किया गया। बस्ती में कलेक्टेऊट सभागार में निःशुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया तथा वहॉ उपस्थित उज्वला योजना के 130 लाभार्थियों द्वारा मा. मुख्यमंत्री के उद्बोषणा को देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में लाभार्थियों को उज्वला योजना के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा उज्वला योजना के गैस कनेक्शन धारकों को उनकी बुकिंग के सापेक्ष रिफिल की धनराशि सब्सिडी के रूप में अन्तरित किया जायेगा। इस अवसर पर मा. उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग महेश शुक्ला, अध्यक्ष जिला पंचायत संजय चौधरी, जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्रा, जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान द्वारा पात्र लाभार्थियों को सब्सिडी की धनराशि हेतु प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया। इस अवसर पर जिला पूर्ति अधिकारी सत्यवीर सिंह, विधायक हर्रैया प्रतिनिधि सरोज बाबा, उज्वला योजना के नोडल/विक्रय प्रबन्धक सन्तोष सोनी, गैस एजेन्सी के प्रतिनिधि/उपाध्यक्ष अशोक सिंह, जनपद के गैस संचालक तथा उज्वला योजना के लाभार्थिगण आदि उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्त एवं डीएम ने होली की दीं शुभकामनाएं

**अलीगढ़।** मंडलायुक्त संगीता सिंह ने मण्डल वासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख व समृद्धि की कामना की है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग होली का पर्व सौहार्द व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। होली यानी रंगो और खुशियों का त्यौहार है, इसे सभी को मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाना चाहिये। कोई व्यक्ति व वर्ग ऐसा कार्य न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावना आहत हो और कानून एवं शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न हो। डीएम संजीव रंजन ने होली पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह त्यौहार जीवन में हर्षोल्लास का प्रतीक है। होली के विविध रंग अनेकता में एकता की संस्कृति के परिचायक हैं। एक साथ बिखरे हुए रंग हमारी संस्कृति एवं गंगा-जमुनी तहजीब को और मजबूती प्रदान करते हैं। रंग एवं खुशियों से लबरेज यह त्यौहार हमें आपसी भाईचारे व प्रेम सौहार्द को बढ़ाने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि प्रायः कुछ लोग होली को शराब और नशे का त्योहार मानकर न केवल अपने धन की हानि करते हैं।

# फ्रीमैन्स ने आईपीएल 2025 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑफिशियल टूल्स पार्टनर के रूप में साझेदारी की

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2025 इंडियन प्रीमियर लीग सीजन के लिए मापने के टूल्स, हैंड टूल्स और पावर टूल्स में प्रसिद्ध ब्रांड फ्रीमैन्स को अपने ऑफिशियल टूल्स पार्टनर के रूप में शामिल किया है। साहिल नायर, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, फ्रीमैन्स ने बताया कि, क्रिकेट बारीकियों का खेल है, जहां सटीकता ही सब कुछ तय करती है। ठीक ऐसा ही कुछ हमारे व्यवसाय में होता है। लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ साझेदारी हमें सटीकता, बेहतरीन परफोर्मेंस और उत्कृष्टता की निरंतर ऊंची उड़ान भरने का मौका देती है। हम लखनऊ सुपर जायंट्स के इस सफर में साथ चलने के लिए बेहद उत्साहित हैं और साथ ही उम्मीद करते हैं कि यह एक शानदार आई पी एल सीजन होगा। इस रोमांचक साझेदारी से दो बेहतरीन ब्रांड एक साथ जुड़ते है, जो सटीकता, बेहतरीन परफोर्मेंस और उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। मैदान के अंदर और बाहर दोनों




जगह चैंपियंस का समर्थन करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता मजबूत करने हेतु इस स्पॉन्सरशिप के तहत फ्रीमैन्स का लोगो लखनऊ सुपर जायंट्स के हेलमेट के पीछे बनाया गया है, जो साफ तौर पर दिखेगा। विनय चोपड़ा, सीओओ, लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस साझेदारी को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि, हम फ्रीमैन्स को लखनऊ सुपर जायंट्स परिवार में शामिल करके बेहद खुश हैं।

उनकी सटीकता और गुणवत्ता की विरासत हमारे टीम के मूल्यों से पूरी तरह मेल खाती है। यह सहयोग हमारी साझा उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। फ्रीमैन्स, जो मापने के टूल्स, हैंड टूल्स और पावर टूल्स में एक जानामाना नाम है, यह पिछले सात दशकों से इस उद्योग में नंबर 1 पर है। सटीकता, मजबूती और इन्नोवेशन पर बना यह प्रतिष्ठित ब्रांड इस साझेदारी को देशभर के करोड़ों क्रिकेट फैंस से जुड़ने का एक सुनहरा मौका समझता है। एक तरफ जहां लखनऊ सुपर जायंट्स एक रोमांचक आई पी एल सीजन की तैयारी में है, वही दूसरी तरफ फ्रीमैन्स के साथ यह साझेदारी खेल और इन्नोवेशन को एक साथ लाने का वादा करती है, जिससे खेल में नई जान आने के साथ - साथ यह उत्कृष्टता का परचम लहराएगा।

## मदारपुर में बच्चों ने गुलाल खेल कर मचाया धमाल



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में चार दिनों की छुट्टी घोषित, बच्चों ने गुलाल खेलकर मचाया धमाल - प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में मध्यांतर के बाद बच्चों ने गुलाल से होली खेलकर धमाल मचाया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल एवं स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेतल सिंह ने विद्यालय स्टाफ को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। राजकिशोर शुक्ल ने बच्चों को त्वचा और आंखों को बचाकर केवल गुलाल से होली खेलने का सुझाव दिया। पक्के रंगों से त्वचा और आंखों को नुक्सान हो सकता है। अंत में गुझिया खिलाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

# पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी शमसाबाद को सौंपा

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के कस्बा शमशाबाद स्थित विकासखंड कार्यालय शमशाबाद में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा आपको अवगत कराना है कि 8 मार्च 2025 शनिवार को दिन दहाड़े कानपुर से प्रकाशित एक समाचार पत्र के सीतापुर के तहसील संवाददाता राघवेंद्र वाजपेई की अज्ञात बदमाशों द्वारा गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी पूरे प्रदेश भर के पत्रकारों में भय के साथ रोष व्याप्त है। संगठन द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन इस प्रकार है मृतक संवाददाता के हत्या में शामिल आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी कराई जाए व उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाए। संवाददाता राघवेंद्र के हत्या में शामिल दोषियों की प्रॉपर्टी पर बुलडोजर चला कर जमीदोज कराया जाए ताकि किसी भी पत्रकार के साथ



इस तरह की अप्रिय घटना घटित ना हो सके। मृतक संवाददाता राघवेंद्र वाजपेई के आश्रितों को शासन स्तर से 25 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, साथ ही परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी मुहैया कराई जाए। उत्तर प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा आयोग का गठन किया जाए ताकि पत्रकारों के मन में किसी भी प्रकार का भय उत्पन्न ना हो और वह सुरक्षा के साथ शासन की मंशा के अनुरूप निर्भीक होकर समाचारों का प्रकाशन कर सकें। कृपया उक्त बिंदुओं पर संज्ञान लेकर विधिक कार्यवाही कराने की कृपा करें। संस्था आपकी कृतज्ञ आभारी रहेगी इस अवसर पर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संगठनके राष्ट्रीय सचिव संजय शर्मा .विनय सक्सेनामहेश वर्माअनिल अवस्थीविश्व प्रकाश चतुर्वेदीआसिफ राजानीलू यादवनवनीत सैनीज्ञानचंद राजपूत सुनील राजपूतखेतल सिंह यादव सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संगठन के राष्ट्रीय सचिवसंजय शर्माकी अगुवाई में मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी राधेश्याम के स्थान पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत को सौंपा।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में एक दूसरे के हुए 99 जोड़े



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में मंगलवार को विकास खण्ड बनकटी के बोकनार के शिवशक्ति मैरिज लान मे आयोजित कार्यक्रम में वेद मंत्रों के मधुर उच्चार के बीच 99 जोड़े विधि विधान से एक दूसरे के हो गए। हिंदू जोड़े सात फेरे लेते हुए एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसम खाई। बनकटी ब्लाक प्रमुख रघुनाथ सिंह ने इसे सरकार की एक कल्याणकारी योजना बताया। सरकार ने सामाजिक समरसता को बढ़ाने के लिए तथा बेटी को बोझ ना समझने के लिए इनके विवाह की जिम्मेदारी सरकार ने स्वयं उठा ली है। हर वर्ष सरकारी खर्चे पर हजारों जोड़ों की शादी कराई जा रही है। जो अपने आप में एक मिसाल है। यही नहीं समाज के हर तबके को समृद्ध करने के लिए सरकार ने विभिन्न योजनाएं चलाकर और उसे सफलता के सोपान तक पहुंचा कर यह सिद्ध कर दिया है। कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति रहे तो कुछ भी किया जा सकता है। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए लोगों को विश्वास दिलाया कि यह सरकार सभी के विश्वास पर उतर रही है। उन्होंने नव दंपतियों के सुख में जीवन की कामना की। सभी जोड़ों को सरकार द्वारा निर्धारित पुरस्कार वितरित किये गए।

# एसटीके बालिका स्कूल में कला उत्सव एवं विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** एसटीके बालिका इंटर कॉलेज में कला उत्सव एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विधायक व अन्य अतिथियों ने छात्राओं द्वारा बनाए गए लजीज व्यंजनों का स्वाद लिया और जमकर तारीफ की।

क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन के मुख्य आतिथ्य और भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, बार संघ अध्यक्ष रामशरण कुशवाहा, पूर्व बार संघ अध्यक्ष विज्ञान विशारद सीरौठिया आदि के विशिष्ट आतिथ्य में संजोए गए कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से हुई। प्रधानाचार्या नीलेश सिंह व स्कूल स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा बनाई गयी एक से बढ़कर एक



कलाकृतियों एवं विज्ञान से जुड़े मॉडलों का अवलोकन कर अतिथियों ने छात्राओं की प्रतिभा की प्रशंसा की। छात्राओं द्वारा तैयार खान-पान की चीजों का स्वाद भी अतिथियों ने चखा।

विधायक ने कहा, इस प्रकार के आयोजन से बालिकाओं की रुचि रचनात्मकता की ओर बढ़ती है। संचालन मृदुल दांतरे ने किया। इस दौरान डॉ. हरीमोहन गुप्त, केबी सिंह, गजराज सिंह सेंगर, सुनील शर्मा, महेंद्र सोनी, ब्रजबल्लभ सेंगर, विकास पटेल, गौरी चबोर, अमरेंद्र दुवे, विजय सोनी, पहलवान सिंह परिहार, सुधांशु सिंह आदि मौजूद रहे। कक्षा 6 से लेकर 12 में अध्ययनरत छात्रा काव्या, अंशिका, अंकिता, खुशी, महक, भूमिका, इकरा, प्राची आदि ने सोलर सिस्टम, चंद्रयान, माइक्रोस्कोप, हार्वेस्टिंग आदि विज्ञान से जुड़े मॉडल बनाकर इनका दैनिक जीवन में होने वाले उपयोग के संदर्भ में जागरूक किया। दूसरी ओर छात्रा रौनक, पूनम, आंशी, नैना, पलक, शिफा, पायल, अलीशा आदि ने स्वादिष्ट समोसा, रसगुल्ला, पानीपूरी के अलावा तमाम फास्ट फूड बनाकर स्टॉल सजाए।

# भोले बाबा संग राधा कृष्ण ने उड़ाए अबीर गुलाल



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** शहर के पूरा ब्लाक के अंतर्गत स्थित टी आर पब्लिक स्कूल ऐमी आलापुर रसूलाबाद में होली महोत्सव इस सत्र एक बार फिर से अलग अंदाज में मनाया गया ।इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण भोले बाबा और राधा कृष्ण की मनमोहक झांकी रही। विद्यालय परिवार हमेशा से अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेकों प्रकार के व विभिन्न रूपों में सांस्कृतिक आयोजित करने के लिए क्षेत्र में जाना जाता रहा है उसी क्रम में इस सत्र के समाप्ति के पूर्व आयोजित अंतिम सांस्कृतिक कार्यक्रम होली महोत्सव को बड़े ही अनोखे अंदाज में मनाया और छात्र छात्राओं को पर्व के महात्यम से चिर परिचित भी कराया।उन्हें स्कूल प्रांगण के साथ साथ अपने घरों पर भी सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से होली खेलने के लिए प्रेरित किया। राधा कृष्ण के प्रतिरूप बने आदिति सिंह और आराध्या उपाध्याय ,आराध्या वर्मा, व अन्य आयुषी सिंह, काव्या, शगुन सिंह, आस्था, वैष्णवी, तृप्ति, शिवम ,प्रणव पांडे, कृष्णा, तथा कक्षा 5 के शिवा कुमार ने अपने नाम के अनुसार ही भगवान शिव जी का मनमोहक प्रतिरूप बनकर उपस्थित लोगो के आकर्षण के केंद्र बने। कार्यक्रम की मुख्य रूपरेखा व तैयार कराने में मुख्य भूमिका में संगीताध्यापक आलोक यादव तथा सफल आयोजन में प्रतिभा ,सौरभ बादल,सी सी ए इंचार्ज विद्या भूषण पाण्डेय,आनंद सिंह, डी पी सिंह,सोनम, आदि सभी अध्यापक अध्यापिका का मुख्य योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक अजय दूबे जी तथा प्रधानाचार्य डी एम त्रिपाठी ने उपस्थित समस्त विद्यालय परिवार के सदस्यों सहयोगियों, अभिभावक गण,छात्र छात्राओं तथा हाल मे यूपी बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए सभी परीक्षार्थी को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपने विद्यालय परिवार के नए सत्र में प्रवेश आरंभ की घोषणा करते हुए बताया कि इस सत्र में हिंदी माध्यम में सभी कक्षाओं में निःशुल्क प्रवेश रहेगा।

# ओ एन एकेडमी में हर्षोल्लास से मनाया गया रंगों का पर्व होली



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** ओ एन एकेडमी में होली के शुभ अवसर पर विद्यालय परिसर रंगों की खुशबू और उल्लास से सराबोर हो गया। विद्यालय में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हर्षोल्लास के साथ एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली के आनंद को साझा किया। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों की उपस्थिति में बच्चों ने भाईचारे, प्रेम और सौहार्द्र के इस पर्व को पूरे उमंग और उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों को होली के धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर मार्गदर्शन देने से हुई। शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी है। इस अवसर पर बच्चों को होलिका दहन की पौराणिक कथा सुनाई गई और समझाया गया कि हमें जीवन में हमेशा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए।जैसे ही रंगों की होली शुरू हुई, विद्यालय का माहौल उल्लास से भर उठा। बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशियों को साझा किया। पूरे परिसर में रंगों की बौछार से वातावरण मनमोहक हो गया। छात्रों ने मिलकर होली के पारंपरिक गीत भी गाए, जिससे आयोजन में और भी आनंद की अनुभूति हुई। विद्यालय के प्रांगण में बच्चों की खिलखिलाहट और रंगों की छटा ने होली के इस पर्व को अविस्मरणीय बना दिया। इस मौके पर ओ एन एकेडमी के प्रबंधक धर्मपाल पांडे ने कहा, ÷होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह प्रेम, भाईचारे और सौहार्द्र का प्रतीक है। यह पर्व हमें सभी मतभेदों को भूलकर एकता और सद्भावना से रहने की प्रेरणा देता है।

बच्चों के बीच इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों से न केवल उनका मनोबल बढ़ता है, बल्कि वे अपनी परंपराओं और मूल्यों से भी परिचित होते हैं। विद्यालय परिवार हमेशा प्रयासरत रहेगा कि छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की भी सीख मिले, ताकि वे बेहतर नागरिक बन सकें। विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने छात्रों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने समझाया कि होली खेलते समय हमें जल की बर्बादी से बचना चाहिए और हानिकारक रसायनिक रंगों के बजाय प्राकृतिक रंगों का उपयोग करना चाहिए, जिससे किसी को कोई नुकसान न हो। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को आपसी प्रेम और एकता का संदेश दिया, जिससे यह पर्व अपने असली स्वरूप में मनाया जा सके। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी छात्रों और शिक्षकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ दी गईं और इस अवसर पर सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। अंत में, सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर समूह चित्र खिंचवाया और इस खूबसूरत क्षण को यादगार बना दिया। ओ एन एकेडमी में आयोजित यह होली उत्सव केवल रंगों की मस्ती तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों को हमारी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से भी जोड़ा।

इस कार्यक्रम ने बच्चों के जीवन में खुशियों के रंग भर दिए और उन्हें भाईचारे, प्रेम और सौहार्द्र का महत्व समझाने का सुनहरा अवसर प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करने की प्रतिबद्धता जताई, जिससे विद्यार्थी न केवल शिक्षित हों, बल्कि नैतिक मूल्यों को भी आत्मसात कर सकें।

# होली में हाई अलर्ट पर रहेगी एंबुलेंस सेवा

**अयोध्या।** होली के त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए 108 नंबर पर डायल करें, और इमरजेंसी की एंबुलेंस सेवा कुछ ही मिनटों में पहुंच जाएगी। होली के अवसर पर एंबुलेंस सेवाओं को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

108 एवं 102 नंबर की एंबुलेंस सेवा 24 घंटे निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। जिले में इन सेवाओं का संचालन ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज द्वारा किया जा रहा है। सेवा के प्रोग्राम मैनेजर ने बताया कि इस बार होली को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं।

108 नंबर की एंबुलेंस चिन्हित स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों और थानों के नजदीक तैनात रहेगी, जिससे आपातकालीन स्थिति में एंबुलेंस समय पर पहुंच सके। सभी एंबुलेंस में जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं और प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद रहेगा।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस वितरण अभियान का शुभारंभ



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण के लिए 1890 करोड़ रुपये का व्यय भार निर्धारित किया गया है। इस अभियान का शुभारंभ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में किया। इस अवसर पर रसोई गैस सिलेंडर रिफिल वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया, जिसे अयोध्या में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, जिपं रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, राम चन्द्र यादव, चन्द्रभानु पासवान और जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने देखा।

इस कार्यक्रम के दौरान अयोध्या जनपद के 10 उज्ज्वला योजना से लाभान्वित महिलाओं को डमी चेक के माध्यम से गैस सिलेंडर रिफिल वितरित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने इस पहल को राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना बताया, जिसमें उज्ज्वला योजना के तहत दिवाली और होली जैसे प्रमुख त्योहारों पर लाभार्थियों को मुफ्त गैस सिलेंडर प्रदान किए जाते हैं। इससे पहले, दिवाली के अवसर पर भी मुफ्त सिलेंडर वितरित किए गए थे, जो गरीब परिवारों के लिए राहत का कारण बने थे।

जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि अयोध्या जनपद में 2,27,205 परिवारों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्रदान किया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपयुक्त खाद्य अयोध्या मंडल, जिला आपूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी और उज्ज्वला योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों ने जनपदवासियों को होली की शुभकामनाएं दी और शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की।

# मण्डलायुक्त राम पथ सौंदर्यीकरण और कार्यालय भवन के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पांडेय के साथ प्राधिकरण द्वारा रामपथ के दोनों ओर अवशेष रिक्त भूमि के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सहादतगंज बाईपास के समीप रामपथ के किनारे अवशेष राजकीय भूमि पर लैंडस्केपिंग और कॉबल ब्लॉक लगाने के कार्य का अवलोकन किया। मण्डलायुक्त ने कहा कि इसी पैटर्न का अनुसरण करते हुए रामपथ के समस्त अवशेष रिक्त भूमि पर कॉबल ब्लॉक लगाए जाएं और शेष कार्य को तीव्र गति से पूरा किया जाए। इसके बाद मण्डलायुक्त ने अयोध्या विकास प्राधिकरण और नगर निगम अयोध्या के संयुक्त कार्यालय भवन के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से कहा कि शेष बचे फिनिशिंग कार्यों को निर्धारित समय में पूरी कार्यकुशलता के साथ संपन्न किया जाए और फ्लोर वाइज डेडिकेटेड टीम लगाकर कार्य को तेज किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि भवन परिसर में सीसी रोड का ही प्रावधान रहे, और कहीं भी इंटरलॉकिंग ईट का प्रयोग न किया जाए। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने कार्यालय भवन के परिसर के बाहर स्थित खाली पड़ी भूमि का भी अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित विभाग को जर्जर कर्मचारी आवासों के जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि जनपद मुख्यालय पर स्थित सभी कर्मचारियों के आवासीय भवनों की वर्तमान स्थिति का सर्वेक्षण कर उनका जीर्णोद्धार प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाए। इस दौरान उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण ने कार्यों की प्रगति और अन्य संबंधित विवरणों के बारे में मण्डलायुक्त को विस्तृत जानकारी दी।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य 19 मार्च को करेंगी जनसुनवाई

**अयोध्या।** राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रियंका मौर्या 19 मार्च 2025 को अयोध्या में जनसुनवाई और निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेंगी। कार्यक्रम के अनुसार, श्रीमती मौर्या 19 मार्च को पूर्वाह्न 11ः00 बजे सर्किट हाउस में महिला जनसुनवाई करेंगी, जिसमें महिला संबंधित मामलों पर सुनवाई की जाएगी। इसके बाद, वह महिला बंदी गृहों, बालिका और महिला गृहों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण भी करेंगी। यह कार्यक्रम आयोग के सदस्य की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। महिला आयोग के इस कार्यक्रम से स्थानीय महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के संरक्षण और समस्याओं के समाधान में सहायता मिल सकेगी

# मां कामाख्या धाम महोत्सव में किसानों को किया गया सम्मानित

*अवधनामा संवाददाता*

**रुदौली -अयोध्या।** रूदौली विधानसभा में चल रहे सात दिवसीय माँ कामाख्या धाम महोत्सव के समापन पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पहुचे कामाख्या धाम।कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व विधायक रामचंद्र यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।महोसत्व में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी,जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित का महोत्सव न्यास के मुख्य संरक्षक विधायक रामचंद्र यादव व अध्यक्ष रविकांत तिवारी मोनू ने माता जी की प्रतिमा व चुनरी भेंटकर स्वागत किया।मुख्य अतिथि ने प्रगतिशील किसानों व कृषि विभाग द्वारा लगाए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया।दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान गोष्ठी के समापन के अवसर पर कृषि मंत्री श्री शाही ने सपा सरकार पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि सपा सरकार में किसानों का दो साल तक भी गन्ना भुगतान नहीं होता



था।और किसानों के करोड़ो रुपए का गन्ना भुगतान रुका हुआ था।बीजेपी सरकार ने सत्ता में आने के बाद सभी किसानों का समय पर गन्ने का भुगतान किया। गन्ना मीलों की क्षमता में वृद्धि की है। कृषि मंत्री ने कहा कि सपा सरकार में एमएसपी पर 7 मीट्रिक टन फसल की खरीदारी होती थी और हमारी सरकार ने एमएसपी पर 52 हजार मीट्रिक टन फसल की खरीदारी की, जिससे किसानों की आय दोगुनी हुई। कृषि मंत्री ने बताया कि कृषि विभाग ने विगत वर्षों में किसानों को ज्वार, बाजरा, रागी,कोदो और सावा जैसी फसलों के मिनीकिट निःशुल्क वितरित किए। साथ ही, उन्होंने दलहन और तिलहन के उत्पादन और क्षेत्रफल में वृद्धि के निर्देश भी दिए।विधायक रामचंद्र यादव ने कहा सरकार किसानों को समृद्ध करने के लिए कई योजनाएं लेकर आई है, और किसानों को इनका भरपूर लाभ उठाना चाहिए। मेले में कृषि और सहकारी विभाग द्वारा विशेष स्टाल लगाए गए हैं, जो किसानों को नवीनतम तकनीकों और योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा ने किसानों को धान, मोटा अनाज सहित विभिन्न फसलों की जानकारी दी।उन्होंने जैविक खेती और खरीफ फसलों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस दौरान सब्जी, सोलर पंप और कृषि को उन्नत बनाने के तरीकों पर भी चर्चा की गई। किसानों ने उत्साह के साथ मेले में भाग लिया और खेती-बाड़ी से संबंधित सवाल पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया।इस मौके पर कृषि विभाग के वैज्ञानिकों ने भी किसानों को विस्तृत जानकारी दिया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व बीजेपी विधायक रामचंद्र यादव ने किसानों को ट्रैक्टर की चाभी,अनाज मिनी किट व उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों सहित प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया।माँ कामाख्या धाम महोसत्व न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी मोनू ने आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए सबका धन्यवाद ज्ञापित किया।इस मौके पर बीकापुर विधायक इन्द्रप्रताप तिवारी खब्बू जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह आलोक , उपनिदेशक पीके कन्नौजिया, जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष कमलेश यादव, संयोजक शीतला प्रसाद शुक्ला, अजय शुक्ला, तेज तिवारी, ड्रोन दीदी सबीना खातून, माधुरी सिंह, निर्मल शर्मा, आलोक चन्द्र यादव,सचिन कसौधन,राघवेंद्र शर्मा,राज किशोर सिंह, बब्बन शुक्ला,आशीष शर्मा,किशोरीलाल भारती,मयंक पाठक,आलोक चंद्र यादव ,बृजेश यादव,आदि लोग मौजूद रहे।

# मानदेय न दीपावली में न होली में कोई उम्मीदः अमरदीप गौड

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** ग्राम रोज़गार सेवक जो कि मनरेगा की रीड है जो 12 महीने काम निरंतर कराते हैं लेकिन मानदेय प्रतिमाह नहीं मिलता है ।दीपावली गुजर गयी है,होली आने वाली है ।6 महीने तो मसौधा मे 16 माह का मानदेय नहीं दिया गया है ।ऐसे में काम करने वाले रोज़गार सेवकों को मानदेय जनरेट 5 प्रतिशत कंटीजेंसी (प्रशासनिक मद) से दिया जाता है ।यह कंटीजेंसी मनरेगा के बजट पर निर्धारित होती है । ज़िले मे मनरेगा का लगभग लेबर बजट 4017474 हो चुका है जबकि श्रमिकों का 3 माह की मज़दूरी बाक़ी है । ऐसे में लगभ 96 करोड़ रूपये का 5 प्रतिशत कंटीजेंसी बननी चाहिए,जो विभाग से नहीं बनायी गयी है । 23 मार्च तक सभी ब्लाको में तैयार प्रशासनिक मद से मानदेय के अतिरिक्त बची प्रशासनिक मद को ज़िले पर भेजने का शासनादेश है जिसमें स्पष्ट लिखा है कि यदि ग्राम रोज़गार सेवकों के मानदेय में प्रशासनिक मद की कमी होती है तो क्षेत्र पंचायत से व ज़िले के प्रशासनिक मद से सर प्लस कर सर्वप्रथम मानदेय का भुगतान किया जाए किन्तु अधिकारियों की उदासीनता के कारण रोज़गार सेवकों सहित मनरेगा कार्मिको का मानदेय बकाया रह जाता है । यदि प्रशासनिक मंद निर्धारित हो जाता तो सभी मनरेगा कर्मचारियों को मानदेय मिल सकता है । ज़िले में कई ब्लाको में प्रशासनिक मद के भुगतान में भी खेल हुआ है? ज़िले मे 663 रोज़गार सेवक हैं जिनके जिम्मे मनरेगा का कार्य है कड़ी मेहनत के बाद भी इन कर्मचारियों को मानदेय समय से नहीं दिया जाता है।

## सिसवा के बेटी दीक्षा का बिहार में सम्मान

# बिहार के सिवान जिले में प्रखण्ड अधिकारी पद पर तैनात है दीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)** कहते है प्रतिभा कही भी किसी की मोहताज नही होती। सिसवा की बेटी दीक्षा गुप्ता का बिहार में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मान किया गया। दीक्षा बिहार में सिवान जिले के रघुनाथपुर में प्रखण्ड अधिकारी पर नियुक्त हैं। इनके उत्कृष्ट कार्य से प्रभावित होकर इनको ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सम्मानित किया गया। दीक्षा शुरू से ही पढ़ने में अव्वल रही है 2022 बैच की बिहार पीसीएस में इनका चयन हुआ था। इनके पिता नगर पालिका सिसवा में लिपिक हैं माता उषा गुप्ता शिक्षिका रही हैं। इस सम्मान हेतु सिसवा नगरपालिका अध्यक्ष शकुंतला जायसवाल, प्रतिनिधि गिरिजेश जायसवाल , मुन्ना गोंड़ सहित अन्य लोगों ने बधाई दी हैं।

# सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव छठवीं बार नई दिल्ली में होंगे सम्मानित

**अयोध्या।** जनपद पुलिस उपनिरीक्षक और समाजसेवी ÷खाकी वाले गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध रणजीत यादव को भारतीय जन सेवा मिशन द्वारा 16 मार्च 2025 को नई दिल्ली में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। वे यह सम्मान अपने उत्कृष्ट कार्य और सेवा भावना के लिए प्राप्त करेंगे। देशभर के 40 प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को इस सम्मान से नवाजा जाएगा। रणजीत यादव ने 2021 से अयोध्या के जयसिंह वार्ड की मलिन बस्ती के 75 बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने का कार्य शुरू किया। इसके साथ ही बच्चों को आवश्यक सामग्री जैसे कॉपी, किताब, पेंसिल, वस्त्र, और चप्पल भी मुहैया कराए गए। इसके अलावा, उन्होंने इन बच्चों को भिक्षावृत्ति से बाहर निकालने के लिए उनके माता-पिता को जागरूक किया और 28 बच्चों का एडमिशन सरकारी स्कूल में करवाया।

# मारपीट में बुजुर्ग की मृत्यु , हत्या का आरोप



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)** कोठीभार थाना क्षेत्र के बीसोखोर टला चौरंगपुर मदरहा निवासी राजेंद्र पुत्र सीरी ने कोठीभार पुलिस को तहरीर देकर गांव के एक व्यक्ति पर अपने 65 वर्षीय पिता को लाठी डंडे से पीट कर मारने का आरोप मारपीट में बुजुर्ग की मृत्यु , हत्या का आरोप कोठीभार थाना क्षेत्र के बीसोखोर टोला चौरंगपुर मदरहा निवासी राजेंद्र पुत्र सीरी ने कोठीभार पुलिस को तहरीर देकर गांव के एक व्यक्ति पर अपने 65 वर्षीय पिता को लाठी डंडे से पीट कर मारने का आरोप लगाया है। तहरीर में पीड़ित ने लिखा है कि वह बीते बुधवार की शाम को खड्डा थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव से घी बेचकर आ रहा था। इसी बीच गांव के बाहर सड़क पर भीड़ इकट्ठा हुई थी वह भीड़ देखकर वहां रुक गया और लोगों से भीड़ इकट्ठा होने का कारण पूछने लगा तब तक भीड़ के बीच में देखा कि एक ग्रामवासी उसके पिता सिरी को लाठी डंडों से पीट रहा है और वह चिल्ला रहे हैं। पीड़ित ने आरोपी को पकड़ना चाहा लेकिन वह हाथ में लाठी लेकर वहां से भाग निकला। घटना के बाद पीड़ित अपने पिता को घायल अवस्था में इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिसवा लेकर गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। सिर पर कोई चोट नहीं दिख रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी। लगाया है। तहरीर में पीड़ित ने लिखा है कि वह बीते बुधवार की शाम को खड्डा थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव से घी बेचकर आ रहा था। इसी बीच गांव के बाहर सड़क पर भीड़ इकट्ठा हुई थी वह भीड़ देखकर वहां रुक गया और लोगों से भीड़ इकट्ठा होने का कारण पूछने लगा तब तक भीड़ के बीच में देखा कि एक ग्रामवासी उसके पिता सिरी को लाठी डंडों से पीट रहा है और वह चिल्ला रहे हैं। पीड़ित ने आरोपी को पकड़ना चाहा लेकिन वह हाथ में लाठी लेकर वहां से भाग निकला। घटना के बाद पीड़ित अपने पिता को घायल अवस्था में इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिसवा लेकर गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। सिर पर कोई चोट नहीं दिख रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# पत्रकार हत्या को लेकर महराजगंज जनपद में फूटा पत्रकारों का गुस्सा

## जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन







*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सीतापुर के दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या के विरोध में बुधवार को जनपद के पत्रकारों का गुस्सा फूटपड़ा जर्नलिस्टस प्रेस क्लब महराजगंज के तत्वावधान में पत्रकारों ने जिला मुख्यालय पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा को तथा तहसीलों में उपजिलाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। जिसमें पत्रकारों ने पत्रकार हत्या के आरोपियों को कठोर सजा देने की मांग की हैं। ज्ञापन में पत्रकार के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजने, हत्या की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराने और दोषियों को कठोरतम सजा देने, पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लागू किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं रोकी जा सकें। स्वर्गीय राघवेंद्र बाजपेई के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा प्रदान किया जाए, जिससे उनके परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके।परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, जिससे उनका जीवन यापन सुनिश्चित हो सके।

पत्रकारों की सुरक्षा के लिए विशेष आयोग का गठन किया जाए, जो इस तरह की घटनाओं की निगरानी और रोकथाम सुनिश्चित करे। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार विश्दीपक त्रिपाठी, दीपक शरण श्रीवास्तव, सदर तहसील अध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव, महामंत्री विनय नायक, शैलेष पांडेय, सत्यप्रकाश मद्धेशिया, नीरज श्रीवास्तव, शत्रुंजय सिंह, सुशील शुक्ल, जाकीर अली,प्रभात जायसवाल,परमेश्वर गुप्ता, विश्वामित्र मिश्र, राजकेश्वर पांडेय,अमृत जायसवाल, सुनील कुमार पाठक,आदित्य मिश्र,राकेश प्रजापति आदि पत्रकार मौजूद रहे। इसी क्रम में निचलौल तहसील अध्यक्ष विकास रौनियार, उपाध्यक्ष गोविंद साहनी, मंत्री इजहार सिद्दीकी, संगठन मंत्री स्तुत पाठक,कोषाध्यक्ष हैदर अली, प्रदीप कुमार गौड़, प्रदीप कुमार गुप्ता, प्रदीप पांडेय ,इनामुल्लाह सिद्दीकी, देवेंद्र भारती, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार पांडेय, जितेंद्र त्रिपाठी, लाल सिंह यादव, मनीष कन्नौजिया, राजकुमार गुप्ता, आशुतोष रौनियार ,महामंत्री दिनेश रौनीयार,धर्मेंद्र गुप्ता, शांतम जायसवाल ,रविश त्रिपाठी सहित काफी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे। फरेंदा तहसील में तहसील अध्यक्ष अविमुक्त पांडेय, राहुल पांडेय, देवानंद यादव, राहुल सिंह सहित काफी संख्या में पत्रकारों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

# आईपीएल शुगर मिल सिसवा ने किया गन्ना भुगतान

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** आईपीएल शुगर मिल सिसवा द्वारा एक मार्च तक खरीदे गए गन्ना मूल्य का कुल 75.42 करोड़ का भुगतान गन्ना किसानों के खाते में भेज दिया गया है। मिल के यूनिट हेड संदीप पवार, गन्ना प्रबंधक धीरज सिंह व उपप्रबंधक विकेंद्र राणा ने बताया कि मिल द्वारा सत्र 2024-25 में 20 फरवरी 2025 से 1 मार्च 2025 तक खरीदे गए 2 लाख 10 हजार कुंतल गन्ने का मूल्य 7 करोड़ 75 लाख 9 हज़ार रुपए सहित कुल मूल्य 75 करोड़ 42 लाख 86 हज़ार रुपए का भुगतान कर दिया गया है। अधिकारियों ने किसानों से आग्रह किया कि चीनी मिल को साफ सुथरा, जड़ रहित और ताजा गन्ना ही मिल को सप्लाई करने के साथ रोग ग्रस्त गन्ना प्रजाति की बुआई कदापि न करें।

अवधनामा
लखनऊ, गुरुवार, 13 मार्च 2025


# जिम्मेदारों की मिलीभगत से बढ़नी क्षेत्र में फल-फूल रहा बालू मिट्टी का अवैध कारोबार

## स्थानीय प्रशासन के सामने से गुजर रही बालू मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली, जिम्मेदार बनें मूकदर्शक

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के शासन स्तर से रोक लगी होने के बाद भी खनन माफिया अवैध ढंग से मिट्टी का खनन करते हुए खुलेआम और धड़ल्ले के साथ सरकारी राजस्व को चूना लगा रहे हैं। परंतु कोई भी विभाग अवैध खनन के गोरखधंधे पर हाथ डालने को तैयार नहीं है। जिससे जिम्मेदारों की मिलीभगत होने को लेकर लोगों में खूब चर्चा चल रही हैं। योगी सरकार ने नहर और नदियों से बालू उठाने के साथ ही मिट्टी खनन पर सख्ती से रोक लगाने के मुद्दे को अपनी पहली प्राथमिकताओं में शामिल किया हुआ है। जिसके चलते परमीशन के बिना बालू अथवा मिट्टी का खनन करने वाले वाहनों के साथ ही खनन



माफियाओं पर भी कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया हुआ है। परंतु इतना सब कुछ होने के बाद भी ढेबरुआ थाना अंतर्गत बढ़नी क्षेत्र में इन दिनों अवैध खनन का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां माफियाओं द्वारा नदियों और नहरों के किनारे से अवैध बालू मिट्टी खनन कर जमकर धन बटोरा जा रहा है। इसके अलावा क्षेत्र मे डढ़ऊल, घरुआर, मलगहिया, गजेहड़ी , धनौरा, धनौरी, बरगदवा, टीशम,भावपुर गुलरी, रोईनिहवा आदि कई स्थानों पर बेखौफ ढंग से धड़ल्ले के साथ मिट्टी खनन का गोरखधंधा चल रहा है। खनन माफिया अपना पूरा नेटवर्क बनाकर अवैध खनन के माध्यम से सरकारी राजस्व को धड़ल्ले से चूना लगा रहे है। परंतु सब कुछ आंखों के सामने होने के बाद भी पुलिस और प्रशासन से लेकर खनन विभाग भी अंजान बनने का ढोंग करते हुए खामोशी अख्तियार किए हुए है। बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी खनन का



गोरखधंधा फल फूलने के बाद भी संबंधित विभागों की चुप्पी आम जनता के गले नहीं उतर पा रही है। लोगों का सीधे तौर पर मानना है कि या तो संबंधित विभागों की अंदरूनी मिलीभगत चल रही है अथवा सियासी दबाव के चलते कोई कार्रवाई संभव नहीं हो पा रही है। उक्त संबंध में एसडीएम शोहरतगढ़ का कहना है कि अगर कहीं कोई खनन हो रहा है तो गाटा संख्या के साथ सूचित करें, तब कार्रवाई होगी। जबकि एसडीएम साहब द्वारा यह नही बताया गया कि किसी भी जमीन की गाटा संख्या कैसे पता करें ।इसका कोई उपाय नहीं बताया जा रहा है। क्योंकि किसी जमीन पर कोई बोर्ड नही लगा होता है। जिसे आम आदमी समझ सके।

वहीं स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी व थाना प्रभारी को अवैध खनन के बारे में कोई जानकारी नहीं रहती है। जबकि इनके नाक के नीचे आंखों के सामने दिन के उजाले में ट्रैक्टर ट्रालियां दौड़ती रहती है।

# शारदा संगोष्ठी और वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता

**बांसी मिठवल।** उच्च प्राथमिक विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय बाजारडीह में बुधवार को शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अच्छी उपस्थिति और पढ़ाई करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

वहीं अभिभावकों को भी जागरूक किया गया। वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारम्भ खंड शिक्षाधिकारी मिठवल राम कुमार सिंह ने मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन पुष्प अर्पण कर किया। इसके बाद छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से कार्यक्रम का आगाज किया। जिसके बाद छात्र छात्राओं की ओर से गीत, संगीत और नृत्य के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही साथ जिले में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल हुए बच्चों प्रतिभा, सचिन, नैन्शी, रौनक, सुमन व



नुजहत का स्वागत एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया । इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी मिठवल ने बच्चों की अच्छी उपस्थिति व मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार स्कूल से बाहर के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का काम कर रही है। निपुण भारत मिशन, आपरेशन कायाकल्प, डीबीटी और मध्याह्न भोजन योजना जैसी पहल से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपने शत-प्रतिशत बच्चों के नामांकन सरकारी स्कूल में कराने की अपील की। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक किरन प्रभा पांडेय,संजय जयसवाल, अभिनिति जयसवाल, कुमकुम उपाध्याय, सुशीला दवी, नम्रता उपाध्याय, उमा शुक्ला, आलोक उपाध्याय और अभिभाक आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया डी.एल.आर.सी. एवं डी.सी.सी. बैंकिंग कार्यों की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** डी.एल.आर.सी. एवं डी.सी.सी. बैंकिंग कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा पिछ्ली बैठक के कार्यवृत्त की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं सहायता समूहों का कम बैंक खाता खोले जाने एवं सीसीएल की स्वीकृति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विभाग से समन्वय बनाकर कार्य करें। इसके साथ ही जिन बैंको में लाभार्थियों की पत्रावली लम्बित है, जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लम्बित प्रकरणो को 15 दिवस में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे तथा किसानों एवं व्यापारियों को बिना विचौलियों के ऋण उपलब्ध कराये। जिलाधिकारी ने लीड बैंक अधिकारी एवं सभी शाखा प्रवन्धको को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के व्यापारियों को





प्राथमिकता के आधार पर ऋण स्वीकृत किया जाये। वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत आवंटित लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करें। पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के लोन एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के सी.सी.एल के प्रकरण प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया जाये। किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण भी शीघ्र स्वीकृत किया जाये। किसी भी योजना के पात्र लाभार्थी को अनावश्यक परेशान न किया जाये। इसके साथ ही सी0डी0 रेसियों बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने केसीसी एवं फसल बीमा योजना की प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया। लीड बैंक अधिकारी ने जिलाधिकारी को बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के अन्तर्गत सीसीएल लक्ष्य 3937 के सापेक्ष 3138 पत्रावलियां बैंको को प्रेषित की गयी जिसके सापेक्ष 2602 समूहो को सीसीएल स्वीकृत किया गया एवं 143 लम्बित है। जिला खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजनान्तर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत वार्षिक लक्ष्य 35 के सापेक्ष 45 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें 24 स्वीकृत हुए। किसान केडिट कार्ड योजना अन्तर्गत शासन से प्राप्त भौतिक लक्ष्य नवीनीकरण हेतु 72011 एवं नया 32567 कुल भौतिक लक्ष्य 104578 के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 के तृतीय त्रैमास 2024 तक बैंको द्वारा कुल नवीनीकरण हेतु 71598 केसीसी एवं नया केसीसी 362263 निर्गत किये गये है। लक्ष्य के सापेक्ष कुल 103861 केसीसी निर्गत किये गये है जो कुल लक्ष्य का 99.31 प्रतिशत है। दिसम्बर 2024 में वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत बैंको को आवंटित वित्तीय लक्ष्य रू0 5252 करोड़ के सापेक्ष रु0 1847.04 करोड़ की प्राप्ति हुई है जो कुल आवंटित लक्ष्य का 35.17 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय त्रैमास दिसम्बर 2024 तक प्राप्त कुल आवेदन 17345 के सापेक्ष रू0 196.24 करोड़ स्वीकृत / वितरित किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत युनिवर्सल सोम्पो जनरल इश्योरेंस कम्पनी लि0 द्वारा फसल बीमा किया जा रहा है। बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा सूचित किया गया है कि खरीफ 2024 फसल हेतु कुल 47743 किसानों ने बीमा करावाया था।

# धूमधाम के साथ शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन





अवधनामा संवाददाता

**बांसी।** प्राथमिक विद्यालय सूपाघाट विकास क्षेत्र बांसी में बुधवार को बहुत ही धूमधाम के साथ शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सिद्धार्थनगर के जिला संरक्षक सेवा निवृत शिक्षक सतीश चंद्र त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान, सामाजिक बुराई शराब, बालिका शिक्षा, लोक नृत्य एवं समूह गान द्वारा उपस्थित ग्राम वासियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के बीच-बीच में प्रधानाध्यापक व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई बांसी के अध्यक्ष नन्दीश्वर यादव ग्राम वासियों से संवाद स्थापित करते हुए उनको सभी बच्चों का आधार बनवाने, बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने बच्चों की साफ- सफाई का ध्यान रखने, बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, उनकी शैक्षिक प्रगति के प्रति सचेत रहने एवं विद्यालय की सुरक्षा के प्रति भी जागरूक रहने के लिए प्रेरित करते रहे। ए आर पी विनोद चौधरी ने संबोधित करते हुए बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम समापन के अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि सतीश चन्द्र त्रिपाठी ने ग्राम वासियों को बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप विद्यालय में आज शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन कर्ता प्रधानाध्यापक नंदीश्वर यादव एवं उनके विद्यालय परिवार के सभी सहयोगियों को बहुत-बहुत बधाई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि अब विद्यालयों में शासन की तरफ से तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। बच्चों का ड्रेस, स्वेटर जूता- मोजा, किताब सहित दोपहर का भोजन भी उपलब्ध कराया जाता है। ऐसी स्थिति में अभिभावकों को अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए ज्यादा कुछ आर्थिक दबाव नहीं पड़ता है। इसलिए सभी अभिभावक अपने 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालय में अवश्य कराएं जिससे कोई भी बच्चा पढ़ने से वंचित न रह जाए। अंत में विद्यालय में नियमित उपस्थिति के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए जो बच्चे नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहे उनको पुरस्कृत किया गया। साथ ही जिन बच्चों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया, अपना प्रस्तुतिकरण दिया उनको भी पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में बांसी ब्लॉक के ए आर पी विनोद कुमार चौधरी, सहायक अध्यापिका कोमल मिश्रा, शिक्षामित्र मुकुल चंद्र वाजपेई ,आंगनबाड़ी उर्मिला तथा ग्राम वासी -राजेंद्र, गुड़िया, भगवान दास, चिनगुद ,मंजू, इस्त्रावती, बिंद्रावती सहित सैकड़ो ग्राम वासी उपस्थित रहे। निशू, मधु, खुशबू, सावित्री, महिमा, रूपा, शिवा, शिवनाथ, अमन अजीत, रोशनी आदि बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का अच्छा प्रदर्शन किया। गांव के लोगों ने इस कार्यक्रम को देखकर बहुत ही सराहना किया।

# उज्जवला लाभर्थियों को निशुल्क सिलेंडर वितरण का कार्यक्रम हुआ

**अंबेडकरनगर।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में दिनांक 12 मार्च 2025 को उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित किया गया जिसका सजीव प्रसारण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ.हरिओम पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला तथा अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना भारत के गरीब परिवार की महिलाओं के चेहरों पर खुशी लाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा 01 मई, 2016 को शुरू की गयी एक योजना है। इस योजना के अंतर्गत गरीब महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन दिए जाते हैं। योजना का एक मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और उनकी सेहत की सुरक्षा करना भी है।

# ग्राम पंचायत मलगहिया में मनरेगा के नाम पर भ्रष्टाचार

## रोजगार सेवक लगा रहे मजदूरों की फर्जी हाजिरी, जिम्मेदार अंजान

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** सरकार एक तरफ जहां भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए जिरोटालरेंस की निति पर काम करने की बात कर रही है। वहीं दूसरी तरफ ब्लाक मुख्यालय बढ़नी में कार्यरत जिम्मेदार अधिकारियों के मिली भगत से सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीनी धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रही है।

गांव के मजदूरों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कर मजदूरों को दूसरे प्रदेश में पलायन से रोकने के लिए चलाई जा रही मनरेगा योजना जिम्मेदारों के चलते भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गई है। ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव जिनके द्वारा इस योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। बढ़नी विकास खंड के ग्राम पंचायत मलगहिया गांवों में मनरेगा योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है.। अर्रा नाला से खालिद के खेत तक कुला खुदाई के नाम पर करीब छः दर्जन से अधिक लोगों की फोटो से फोटो की फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है। जब



इसकी जमीनी स्तर पर पड़ताल की गई तो मनरेगा योजना में हो रही भ्रष्टाचार की कलई परत दर परत खुलकर सामने आने लगी है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जो गांव में कभी साइड पर नहीं जाते हैं। उनके नाम से साइड पर कार्य करते हुए आनलाइन मास्टरोल में हाजिरी लगा दी जाती है।. ग्राम पंचायत में नियुक्त तकनीकी सहायक द्वारा बिना साइड पर गए एमबी कर दी जाती हैं, मजदूरों के खाते में पैसे भेज कर निकलवा लिया जाता है। जिसमें दो चार सौ रुपए उन मजदूरों को पैसे दे दिए जाते है, जिनको मनरेगा मजदूर बनाया गया और वो कभी साइड पर नहीं जाते हैं।

सबसे बड़ी बात हैं कि मनरेगा योजना से हो रहें कार्यों में कहीं भी कार्य

**बिना सीआईबी बोर्ड लगाये सिर्फ कागजों में हो रहा कार्य, मौके से मजदूर नदारद**

स्थल पर कार्य शुरू होने और समाप्ति तक डिस्पले बोर्ड नहीं लगता है। डिस्पले बोर्ड तब लगाया जाता जब उस परियोजना का कागज़ी आंकड़ों में काम होकर पेमेंट हो जाता. ताकि ग्रामीणों को इसकी जानकारी न होने पाएं की इस सड़क पर मिट्टी कार्य हो रहा है और कितने मजदूर काम कर रहें हैं और कितने मजदूरों का फर्जी हाजिरी लगाकर पेमेंट कराया जा रहा है। इसमें सबसे बड़ी समस्या उन मजदूरों को हो रही है,जो वास्तविक मजदूर हैं और उनको रोजगार नहीं मिल पा रहा. इस समय मनरेगा योजना में सरकारी धन का बंदरबाट खूब हो रहा है। उक्त संबंध में एपीओ शाहिद सिराज का कहना है कि मुझे कोई जानकारी नही है। रोजगार सेवक से जानकारी प्राप्त की जा रही है। खंड विकास अधिकारी यशोवर्धन सिंह का कहना है कि मामले की जांच कराकर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण वर्चुवल रूप से लोक भवन सभागार लखनऊ से किया गया

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमन्त्री उप्र श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत 1890 करोड़ की धनराशि से उ0प्र0 के 1.86 करोड पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण वर्चुवल रूप से लोक भवन सभागार लखनऊ से किया गया। जिसका लाइव प्रसारण अम्बेडकर सभागार में मुख्य अतिथि मा0 विधायक बासी श्री जय प्रताप सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर सांसद प्रतिनिधि एस0पी अग्रवाल व लाभार्थियों की उपस्थिति में देखा गया।


इस अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 विधायक बांसी श्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा उज्जवला योजना के अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को होली और दीपावली के त्यौहार पर मुफ्त गैस रिफिल उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे गरीब परिवारों का भी होली दीपावली का त्यौहार अच्छे ढंग से मना सकें। सभी पात्र लाभार्थियों को खाद्यान्न का लाभ प्राप्त हो रहा है। मा0 प्रधानमंत्री एवं मा0 मुख्यमंत्री



जी के नेतृत्व में अंतिम पायदान पर जो गरीब व्यक्ति है उनको विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है। जिनके पास घर नहीं है उनको आवास, शौचालय निःशुल्क गैस कनेक्शन आदि उपलब्ध कराकर समृद्ध बनाया जा रहा है। खाद्यान्न वितरण में जो शिकायते प्राप्त होती थी अब ई-वेईंग स्केल लिंक्ड ई-पास मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण होने से पूरा खाद्यान्न लाभार्थियों को प्राप्त होगा। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने कहा कि पूरे जनपद में कुल 201751 उज्वला योजना के लाभार्थी है जिसमें 151261 लाभार्थियों ने केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित ईकेवाईसी पूर्ण कर ली है। उ0प्र0 सरकार द्वारा होली, दीपावली पर 02 मुफ्त रिफिल उपलब्ध कराया जा रहा है। उज्जवला लाभार्थियों के लिए रिफिल सिलेंडर की दर मार्च माह के लिए रू0 873.5 है जिसका भुगतान डिलीवरी लेते समय सीधे किया जाना है और लागू सब्सिडी रिफिल डिलीवरी के 3-5 दिनों के भीतर लाभार्थियों के खाते में भेजी जायेगी। मुख्य अतिथि विधायक बांसी श्री जय प्रताप सिंह, जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर, सांसद प्रतिनिधि एस0पी अग्रवाल द्वारा उज्जवला योजना के गुलशन बानो, सैकन निशा, सानिरन, गुडिया, प्रियका, रीना, किरन, सोनम, सुमित्रा ,मिश्रावती व सोनमती को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के सांकेतिक चेक का वितरण किया गया।

# ट्राली पर लोड हरे जामुन का 11 बोटा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** 50वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल डी कंपनी के जवानो द्वारा ग्राम पंचायत ढ़डउल से बढ़नी आरा मशीन पर ले जाते



समय सरयू नहर के पास से ट्रैक्टर ट्राली पर लोड हरे जामून का 11 बोटा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु वन विभाग इटवा के सुपुर्द कर दिया गया। 50वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल डी कंपनी बढ़नी के कम्पनी कमांडर इंस्पेक्टर भूपेंद्र कुमार के अगवाई मे भारत नेपाल सीमा क्षेत्र मे तस्करो के विरुद्ध लगातार अभियान के तहत जवानो द्वारा बुधवार को सशस्त्र सीमा बल डी कंपनी के जवानो द्वारा ट्राली ट्रैक्टर पर लोड 11 हरे जामुन के बोटा के साथ एक व्यक्ति को ग्राम पंचायत ढ़डउल से बढ़नी आरा मशीन पर ले जाते समय सरयू नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार मोहम्मद इरशाद आलम पुत्र मकसूद आलम निवासी ग्राम दुधवानिया थाना ढेबरुआ जनपद सिद्धार्थनगर है। अग्रिम कार्यवाही हेतु वन विभाग इटवा के सुपुर्द कर दिया गया। उक्त बरामदगी मे सब इंस्पेक्टर नीतीश कुमार, आरक्षी अजीत कुमार, श्याम राव, कृष्ण मौर्य, आनंद यादव, वनरक्षक संतोष कुमार रहे।

# दुधवनिया बुजुर्ग में दिखा सामाजिक सौहार्द का संगम

**500 से अधिक लोगों ने इफ्तार पार्टी में की शिरकत**

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुधवनिया बुजुर्ग में बुधवार को सामाजिक एकता और भाईचारे का एक अनूठा दृश्य देखने को मिला। ग्रामवासियों ने मिलकर एक संयुक्त कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें 500 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उक्त कार्यक्रम विभिन्न समुदायों के लोगों को एक साथ लाने का एक सफल प्रयास था, जिसमें उन्होंने सामाजिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा की और एक-दूसरे के प्रति सहयोग की भावना को



मजबूत किया। समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सागर पाठक शान, असपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र भारती, मौलाना मशहूद खान नेपाली, सगीर ख़ाकसार, मुस्तन शेरुल्लाह, ग्राम प्रधान सईद आलम, अशरफुलहक, प्रोफेसर जियाउलहक़, भाजपा नेता आफाक खान, पप्पू खान, मास्टर निसार अहमद, मंगेश यादव, मास्टर इफ्तिखार अहमद, मोहम्मद अरशद, आबिद अली, पूर्णवासी यादव, मेराज आलम, बदरे आलम, शहरोज आलम सहित दुधवनिया गांव और बढ़नी व आसपास के गांवों के साथ-साथ कृष्णानगर नेपाल के कई सम्मानित व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर, वक्ताओं ने सामाजिक सौहार्द और एकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सभी ने एक साथ मिलकर सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की और एक-दूसरे को सहयोग करने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल एक सामाजिक कार्यक्रम था, बल्कि यह विभिन्न समुदायों के लोगों को एक साथ लाने और उनके बीच आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देने का एक सुनहरा अवसर भी था। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों का समर्थन करने का संकल्प लिया।

# अवैध बंटी बबली देशी शराब बरामद गिरफ्तार

**बांसी।** कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की रात एक महिला के पास से पंद्रह सीसी अवैध बंटी बबली देशी शराब बरामद कर न्यायालय भेज दिया है। एस आई रामप्रताप सिंह , हे का योगेन्द्र यादव,का घनश्याम सिंह, महिला कांस्टेबल प्रियंका के साथ मंगल बाजार में मौजूद थे कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक महिला मंगल बाजार से गौतम बुद्धनगर की तरफ एक प्लास्टिक झोले में रखकर बंटी बबली शराब लेकर जा रही है। नाम पता पूछा गया तो अपना नाम सुमन गौतम पत्नी शिवपूजन गौतम उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम भरमा थाना कोतवाली बांसी बताया। झोला खोला गया तो पंद्रह अदद बंटी बबली शराब प्रति 200 एमएल बरामद हुआ बंटी बबली देशी शराब रखने के सम्बन्ध में कागजात मांगा गया तो नही दिखा पाई। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेज दिया है।

# राजस्व वाद, कर-करेत्तर एवं वसूली के सम्बन्ध में बैठक

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में राजस्व वाद, कर-करेत्तर एवं वसूली के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा मुख्यमंत्री कृषक कल्याण दुर्घटना की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि कोई भी प्रकरण लंबित न रहे तथा उनके लाभार्थियों के खाते में शीघ्र धनराशि प्रेषित कर दिया जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्विवाद वरासत एवं राजस्व वादों के निस्तारण आदि की समीक्षा की गयी। निर्विवाद वरासत की कोई प्रकरण लम्बित न रहे समय सीमा के अन्दर निस्तारण करायें, राजस्व निरीक्षक/लेखपाल के स्तर पर लम्बित होने पर उनको नोटिस निर्गत करें।

## आज होली पर

आज राजनीति भूल कर होली की बधाई अखबार की ओर से पाठक और सहयोगी स्वीकार करें। होली आई रे कन्हाई रंग बरसे सुना दे जरा बासुरी आज सभी का यही मूड है। मूड के अनुरूप इस अवसर पर पदमाकर की कवित पढ़िये और रंगीन हो जाइये। ष्फागू के भीर अभीरन में गाहि गोविन्द ले गई भीतर गोरी। भाई करी मन की पद्माकर ऊपर नाई अबीर की छोरी। छिन पिताम्बर कम्मर तेसू सविदा देई मीर कपोलन रोरी। नचाय कहीं मुसकाय लला फिर आइयो खेलन होरी..।

होली का त्यौहार हमें बड़ी कम्यूनिस्टिक लगता है। इस दिन लोग वर्ग भेद भूल कर होली खेलते है। कानपुर में तो सात दिनों तक होली खेली जाती है। रंग बिरंगे चेहरे पुरूष हो या नारी इस दिन लिंग भेद भी लोग भूल जाते है, उम्र का भेद भी भूल जाते है। होली के मूड में लोग आते है ष्होली बाबा देवर लागैष। इस दिन स्त्री और पुरूष दोनो दूसरे देश वासी लगते है। फागुन महीना आते ही पुरूष चौपाल में बैठकर स्त्रियां अपने घर में ग्रुप बनाकर होली गीत गाते है। जिसका गला गर्दभ वाला होता है वह भी चीपो चीपो करने लगता है। होली के अवसर पर पकवानों की भर मार होती है। है भाभियों और सालियों के रिश्ते में निकाले जाते है। नई नई शादीवाले पुरूष सालियां के लिये ससुराल पहुंच जाते है। उनके नखरे और जलवे अलग होते है। जिसे देख बूढ़े भी लार टपकाने लगते है। होलिका जलने के बाद रंग और गुलाल उड़ने लगते है। अपनी शकल खुद के पहचाने ही नहीं आती है। होली के अवसर पर ऐसे माहौल बनाने चाहिये की नुकसानदेह चीजों से मिलाकर बने रंग और गुलाल से बिलकुल दूर रहे। जब इन्हें कोई खरीदेगा ही नहीं तो ये बनने बन्द हो जायेंगे। दूसरी बात होली आवेग में नशे का इस्तेमाल बढ़ जाता है। मिलावटी नशा तो सेहत के लिये बहुत नुकसानदेह होता है। हालाकि सरकार इन्हें रोकने की कोशिशें तो करती है पर नशेडी इससे बचकर अनापशनाप खाते पीते रहते है। यह पाठ प्राइमरी स्कूल बच्चे के कोर्स जैसा लगता है। पर इसकी उपयोगिता और अनुसारण सभी के लिये है। होली में अत्याधिक नशा और घटिया क्वालिटी की नशा में लोग की मृत्यु भी हो जाती है। ज्यादा नशीला बनाने के लिये छिपकली मार कर उनका उपयोग किया जाता है। शराब के भट्ठी वाले सब तरह का दुराचार करते रहते है।

ब्रज की लट्ठमार होली तो देखने के लिये दूर दूर से लोग आते है, विदेशी भी आते है। होली की आग से अपने को बचा पाना मुशकिल होता है। बच्चे जवान हो जाते है, जवान बूढे हो जाते है। होली के दिन नशे में लोग तरह तरह का स्वांग रचते है तरह तरह के गीत गाते है। खुद अपनी शकल पहचाने नही पाते है दूसरों की शकल देख हंसते है। अगर बिना नशा किये हुये कोई इत्तफाक से कही मिल जाये तो वह अपनों के रूप में और विदूप चेहरे पहचान नही पाते है। अजब अजब दृश्य देखने को मिलते है। एक जगह देखा एक एक जगह देखा एक प्रबुद्ध से दिखते सज्जन जिन्हें अपने को साहित्यकार कहने में गर्व होता है। बच्चन की कविता बच्चन जी के स्वर में स्व्यम गा रहे थे। कल छिड़ी होगी खतम कल प्रेम की मेरी कहानी कौन हु रहेगी विश्व में मेरी निशानी क्या किया मैने नही जो कर चुक संसार अब तक वृद्धजन को क्यों अखरती है मेरी जवानी मैं छिपाना जानता तो जग मुझे साधू समझता शत्रु मेरा बन गया है छल रहीत व्याहार मेरा बच्चन जी की कविता ने आपको होली का पूरा मजा दिया होगा और आपने से यही सवाल पूछते रहेगे और जो करना है करते रहेगे। अखबार को होली सा रंगीन बनायें।

एक आदमी बेसुरे स्वर में सस्वर गा रहा था
सुबह भी होली शाम भी होली
और होली दिन रात
इस होली के आने से
होती है मुलाकात कहो जी झूठ बात है

## केंद्रीय बजट 2025 में संवर्धित आवंटन के साथ अल्पसंख्यक सशक्तिकरण को बढ़ावा

**रेशमा फातिमा**

केंद्रीय बजट 2025 ने भारत में अल्पसंख्यक समुदायों के उत्थान के लिए एक बहुत ही आवश्यक धक्का दिया है, जिसमें अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को कुल 3,350 करोड़ रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ है। यह पिछले वित्त वर्ष के बजटीय अनुमान से 166 करोड़ रुपये और 2024-25 के संशोधित अनुमान से 1,481 करोड़ रुपये अधिक है। बजटीय आवंटन में वृद्धि अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली अनूठी सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों की सरकार की मान्यता और शिक्षा, विकास योजनाओं और लक्षित कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से उनका समाधान करने के प्रयास का संकेत देती है।

आवंटित बजट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित छात्रों के शैक्षिक सशक्तिकरण की दिशा में निर्देशित है, इस उद्देश्य के लिए 678.03 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। शिक्षा को लंबे समय से सामाजिक गतिशीलता का एक प्रमुख साधन माना जाता रहा है, और इस प्रावधान का उद्देश्य अल्पसंख्यकों के लिए शैक्षिक अवसरों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित करना है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय के तहत प्रमुख योजनाओं और परियोजनाओं के लिए 1,237.32 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो मौजूदा कल्याणकारी कार्यक्रमों की निरंतरता और विस्तार सुनिश्चित करते हैं। अल्पसंख्यकों के विकास के लिए अम्ब्रेला कार्यक्रम के लिए 1,913.98 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिसमें कौशल विकास, बुनियादी ढांचे की सहायता और आर्थिक समावेश पर केंद्रित कई पहल शामिल हैं। हालांकि बढ़ा हुआ आवंटन सही दिशा में एक कदम है, लेकिन मुख्य सवाल यह है कि इन निधियों का प्रभावी ढंग से उपयोग कैसे किया जाएगा? कई योजनाएं, विशेष रूप से शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण पर केंद्रित, नौकरशाही की देरी से जूझ रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप धन का कम उपयोग हुआ है। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस वर्ष का बढ़ा हुआ आवंटन लालफीताशाही और टालने योग्य नौकरशाही देरी को कम करके उन लोगों के लिए वास्तविक और सुलभ लाभ में बदल जाए जिन्हें उनकी सबसे अधिक आवश्यकता है। जिन प्रमुख क्षेत्रों पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है, उनमें से एक है मदरसों का आधुनिकीकरण, यह सुनिश्चित करना कि वे धार्मिक अध्ययन के साथ-साथ तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा को एकीकृत करें। बड़ी संख्या में मुस्लिम छात्र, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के, मदरसों में पढ़ते हैं, लेकिन इनमें से कई संस्थानों में आधुनिक पाठ्यक्रम और कौशल विकास कार्यक्रमों तक पहुंच नहीं है। मदरसों के भीतर एसटीईएम शिक्षा, डिजिटल साक्षरता और तकनीकी प्रशिक्षण के लिए धन आवंटित करने से मुस्लिम पुरुषों और महिलाओं दोनों को समकालीन नौकरी बाजार में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस किया जा सकता है। इससे न केवल उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि समुदाय की प्रगति में बाधा डालने वाले शैक्षिक और आर्थिक अंतराल को पाटने में भी मदद मिलेगी। सार्थक सशक्तिकरण के लिए, ध्यान बजट के आंकड़ों से परे जाना चाहिए। कार्यान्वयन तंत्र पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी होना चाहिए, यह सुनिश्चित करते हुए कि धन नौकरशाही बाधाओं के बिना जमीनी स्तर तक पहुंचे। स्कूल छोड़ने की दर, उच्च शिक्षा में भागीदारी और अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से महिलाओं की रोजगार क्षमता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़्वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**'विकसित भारत 2047' के विजन के तहत, भारत को एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें महिलाओं की समान भागीदारी आवश्यक है। एआई न केवल महिलाओं के लिए नए अवसरों का सृजन कर सकता है, बल्कि उन्हें समाज में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए सक्षम भी बना सकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एआई केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्यता है। यह तकनीक एक समावेशी और प्रगतिशील समाज की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।**

# डिजिटल युग में समानता की ओर बढ़ते कदम



सावित्री ठाकुर

**एआई और महिला सशक्तिकरण**




आज के इस तेज गति वाली 21वीं सदी में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में नित नई संभावनाएँ उभर रही हैं, विशेष रूप से आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी तकनीकों के माध्यम से। एआई न केवल महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के नए अवसर प्रदान कर सकता है, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भी समान भागीदार बनाने में मदद कर सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने त्न20 समिट से लेकर वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम तक, हर मंच पर 'वूमेन-लेड डेवलपमेंट' को बढ़ावा देने की बात कही है। इसके तहत महिलाओं को केवल विकास का लाभार्थी ही नहीं बल्कि नेतृत्वकर्ता भी माना जा रहा है। एआई इस दृष्टि से कई प्रकार से देश की विकास यात्रा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ा सकता है। चाहे रोजगार के नए अवसरों का सृजन करना हो या शिक्षा एवं कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुगम बनाना, एआई हर क्षेत्र में अहम भूमिका निभा सकता है।

महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने में भी एआई महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है। घरेलू हिंसा और उत्पीड़न की निगरानी के लिए एआई आधारित डेटा एनालिटिक्स और मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किए जा सकते हैं, जो महिलाओं के खिलाफ अपराधों को चिन्हित करने और उनके रोकथाम में मदद करेंगे। इसके अलावा, एआई-पावर्ड चैटबॉट्स कानूनी और सुरक्षा संबंधी सलाह देने में मददगार हो सकते हैं, जिससे महिलाएं किसी भी परिस्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। इन चैटबॉट्स का इस्तेमाल विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के पोर्टल पर भी किया जा सकता हैं जिससे महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के बारे में आसानी से पता चल सकें।

डेटा एनालिटिक्स की मदद से यह सुनिश्चित किया जा सकता है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। एआई संचालित डिजिटल वेरिफिकेशन के जरिए फ़र्जी लाभार्थियों की पहचान कर जरूरतमन्द लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सकता है।

एआई के उपयोग को लेकर 2018 में, भारत सरकार ने 'नेशनल स्ट्रैटेजी फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की शुरुआत की, जिसका मकसद कुछ खास क्षेत्रों में एआई के विकास को बढ़ावा देना था। वर्ष 2021 में, 'रिस्पॉन्सिबल एआई' पर एक ड्राफ्ट पेश किया गया, जिसमें नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दिया गया। इस नेशनल स्ट्रैटेजी को 'एआइ फॉर ऑल' की थीम पर तैयार किया गया है।

विगत वर्ष, प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 'मेकिंग एआई इन इंडिया' और 'मेकिंग एआई वर्क इन इंडिया' के विज़न पर चलते हुए 10,371.92 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ राष्ट्रीय स्तर के इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी थी। ये मिशन, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में रणनीतिक कार्यक्रमों और साझेदारियों के माध्यम से एआई नवाचार को बढ़ावा देने वाला एक वृहद इकोसिस्टम स्थापित करेगा।

हाल ही में, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और फ़्रांस की सह-अध्यक्षता में आयोजित पेरिस एआई शिखर सम्मेलन 2025 में एआई को अधिक समावेशी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया था, ताकि यह सभी वर्गों के लिए उपयोगी साबित हो सके। इसी संदर्भ में, एआई महिलाओं की सुरक्षा और लैंगिक हिंसा की रोकथाम में भी अहम भूमिका निभा सकता है। एआई-आधारित निगरानी प्रणाली सार्वजनिक स्थलों पर लड़कियों के साथ होने वाले छेड़छाड़ की घटनाओं की पहचान कर अपराधी को चिन्हित करने में मदद कर सकती है। साइबर सुरक्षा में एआई का उपयोग ऑनलाइन उत्पीड़न और साइबर बुलिंग जैसी समस्याओं से निपटने में किया जा सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित आपातकालीन अलर्ट सिस्टम महिलाओं को तुरंत सहायता प्रदान करने में मदद कर सकता हैं, जिससे उनकी सुरक्षा और भी सुदृढ़ होगी।

स्वास्थ्य सेवाओं में एआई का उपयोग भी महिलाओं के लिए वरदान साबित हो सकता है। हाल ही में स्वीडन में हुई एक क्लीनिकल स्टडी में पाया गया कि एआई आधारित मैमोग्राफी सिस्टम 29% अधिक स्तन कैंसर के मामलों की पहचान कर सकता है। इसके अलावा, एआई-आधारित प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स डॉक्टरों को जटिल बीमारियों की पहचान करने और उनके उपचार में मदद कर सकता है। खासकर, यह तकनीक हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान कर सकती है और संभावित जटिलताओं को रोकने में सहायक हो सकती है।

'विकसित भारत 2047' के विजन के तहत, भारत को एक सशक्त एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें महिलाओं की समान भागीदारी आवश्यक है। एआई न केवल महिलाओं के लिए नए अवसरों का सृजन कर सकता है, बल्कि उन्हें समाज में निर्णायक भूमिका निभाने के लिए सक्षम भी बना सकता है। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एआई केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्यता है। यह तकनीक एक समावेशी और प्रगतिशील समाज की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसका उपयोग केवल आर्थिक या तकनीकी उन्नति तक सीमित न रहें, बल्कि इसे महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय तक सुगमता से पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भी उपयोग किया जाए।

# होली पर सच्चाई के रंग भरे और सब एक हो जायें

**स्नेह और सम्मान का, प्यार और मुहब्बत का, मैत्री और समरसता का ऐसा शमां बांधना चाहिए कि जिसकी बिसात पर मानव कुछ नया भी करने को प्रेरित हो सके। होली का त्यौहार 'असत्य पर सत्य की विजय' और 'दुराचार पर सदाचार की विजय' का प्रतीक है। इस प्रकार होली का पर्व सत्य, न्याय, भक्ति और विश्वास की विजय तथा अन्याय, पाप तथा राक्षसी वृत्तियों के विनाश का भी प्रतीक है। फाल्गुन मास और होली की परम्पराएँ श्रीकृष्ण की लीलाओं से सम्बद्ध हैं और भक्त हृदय में विशेष महत्व रखती हैं। श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर होली का रंगभरा और रंगीनीभरा त्यौहार मनाना एक विलक्षण अनुभव है।**



ललित गर्ग

होली एक ऐसा त्योहार है, जिसका धार्मिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक-आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यताओं की रोशनी में होली के त्योहार का विराट् समायोजन बदलते परिवेश में विविधताओं का संगम बन गया है, दुनिया को जोड़ने का माध्यम बन गया है। हमारी संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहाँ पर मनाये जाने वाले सभी त्यौहार समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। वस्तुतः होली आनंदोल्लास का पर्व है। होली प्रेम, आपसी सद्भाव और मस्ती के रंगों में सराबोर हो जाने का अनूठा त्यौहार है। यद्यपि आज के समय की गहमागहमी, मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़ से होली की परम्परा धुंधली हो रही है। परिस्थितियों के थपेड़ों ने होली की खुशी को प्रभावित भी किया है, फिर भी जिन्दगी जब मस्ती एवं खुशी को स्वयं में समेटकर प्रस्तुति का बहाना मांगती है तक प्रकृति हमें होली जैसा रंगारंग त्योहार देती है। होली ही एक ऐसा त्योहार है, जिसके लिये मन ही नहीं, माहौल भी तत्पर रहता है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक सचेतन माहौल बनाएं, जहां हम सब एक हो और मन की गन्दी परतों को उतार फेंके ताकि अविभक्त मन के आईने में प्रतिबिम्बित सभी चेहरे हमें अपने लगें। प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।

एक तरह से देखा जाए तो यह उत्सव प्रसन्नता को मिल-बांटने का एक अपूर्व अवसर होता है। होली की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसको मनाते हुए हम समाज में मानवीय गुणों को स्थापित करके लोगों में प्रेम, एकता एवं सद्भावना को बढ़ाते हैं। इस त्योहार को मनाने के पीछे की भावना है मानवीय गरिमा को समृद्धि प्रदान करना, जीवनमूल्यों की पहचान को नया आयाम प्रदत्त करना। हम कितने भोले हैं कि अपनी संस्कृति एवं आदर्श परम्पराओं को हमीं मिटा रहे हैं। स्वयं अपना घर जला कर स्वयं तमाशा बन रहे हैं। आखिर हमीं तो वे लोग हैं जिन्होंने देश की पवित्र जमीं के नीचे हिंसा, अन्याय, शोषण, आतंक, असुरक्षा, अपहरण, भ्रष्टाचार, अराजकता, अत्याचार जैसे घिनौने तत्वों की गहरी और लम्बी सुरंगें बिछाकर उन पर अपने स्वार्थों का बारूद फैला दिया बिना कोई परिणाम सोचे, बिना भविष्य की संभावनाओं को देखे। इन अंधेरों एवं जटिल हालातों के बीच होली जैसे त्योहार हमारी रोशनी की इंजतार एवं उजालों की कामना को पूरा करने के लिये हमें तत्पर करते हैं।

होली के साथ यदि पवित्रता की विरासत का जुड़ाव होता है तो इस पर्व की महत्ता शतगुणित हो जाती है। प्रश्न है कि प्रसन्नता का यह आलम




जो होली के दिनों में जुनून बन जाता है, कितना स्थायी है? डफली की धुन एवं डांडिया रास की झंकार में मदमस्त मानसिकता ने होली जैसे त्योहार की उपादेयता को मात्र इसी दायरे तक सीमित कर दिया, जिसे तात्कालिक खुशी कह सकते हैं, जबकि अपेक्षा है कि रंगों की इस परम्परा को दीर्घजीविता प्रदान की जाए। स्नेह और सम्मान का, प्यार और मुहब्बत का, मैत्री और समरसता का ऐसा शमां बांधना चाहिए कि जिसकी बिसात पर मानव कुछ नया भी करने को प्रेरित हो सके। होली का त्योहार 'असत्य पर सत्य की विजय' और 'दुराचार पर सदाचार की विजय' का प्रतीक है। इस प्रकार होली का पर्व सत्य, न्याय, भक्ति और विश्वास की विजय तथा अन्याय, पाप तथा राक्षसी वृत्तियों के विनाश का भी प्रतीक है। फाल्गुन मास और होली की परम्पराएँ श्रीकृष्ण की लीलाओं से सम्बद्ध हैं और भक्त हृदय में विशेष महत्व रखती हैं। श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर होकर होली का रंगभरा और रंगीनीभरा त्यौहार मनाना एक विलक्षण अनुभव है। होली जैसे त्यौहार में जब अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, ब्राह्मण-शूद्र आदि सब का भेद मिट जाता है, तब ऐसी भावना करनी चाहिए कि होली की अग्नि में हमारी समस्त पीड़ाएँ, दुःख, चिंताएँ, द्वेष-भाव आदि जल जाएँ तथा जीवन में प्रसन्नता, हर्षोल्लास तथा आनंद का रंग बिखर जाए। होली का कोई-न-कोई संकल्प हो और यह संकल्प हो सकता है कि हम स्वयं शांतिपूर्ण जीवन जीये और सभी के लिय बदलती युग-सोच एवं जीवनशैली से होली त्यौहार के रंग भले ही फीके पड़े हैं या मेरे-तेरे की भावना, भागदौड़, स्वार्थ एवं संकीर्णता से होली की परम्परा में धुंधलका आया है। इस त्योहार की गौरवमय परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए हम एक उन्नत आत्म उन्नयन एवं सौहार्द का माहौल बनाएं, जहां हमारी संस्कृति एवं जीवन के रंग खिलखिलाते हुए देश ही नहीं, दुनिया में अहिंसा, प्रेम, भाई-चारे, साम्प्रदायिक सौहार्द के रंग बिखेरे। पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं प्रदूषित माहौल के बावजूद जीवन के सारे रंग फीके न पड़ पाए।

होली रंगों का निराला एवं अनूठा पर्व है और हमारा जीवन ढेर सारे रंगों का एक पिटारा है। यहां हर रंग जुदा है तो दूसरों से मिला हुआ भी। एक रंग, दूसरे से मिलकर तेजी से नया ही रंग-रूप धर लेता है। किसी एक पर अटके रहकर काम चल ही नहीं सकता। यही जीवन लीला है। पर क्या दूसरों के रंगों को अपने में समा लेना आसान होता है? रंगों को कोई तो कैनवस चाहिए ही ना! संकल्प हो तो कितने रंग खिल सकते हैं? सच यह है कि ना ही दूसरों को अपना बनाना आसान है और ना ही दूसरों का होकर रह पाना। जीवन को हर रंग में जीने और स्वीकारने की कला सबको नहीं आती। उसके लिए जरूरत होती है, एक मस्तमौला नजरिए की। समुद्र से मिलने को तत्पर, मीलों बहती रहने वाली नदी की ऊर्जा का। ऊर्जा और आनंद के इसी मेल का प्रतीक है होली का त्यौहार, जो लगातार बदलते रहने के बावजूद बना रहता है, ध्रुव है, सत्य है। जितने रंग प्रकृति के हैं, उतने ही हमारे हैं और प्रकृति हर पल रंग बदलती है। पुरानी पत्तियां शाख छोड़ती नहीं हैं कि नई खिलनी शुरू हो जाती हैं। पतझड़ और बसंत साथ ही चलते रहते हैं। धरती के भीतर के घुप अंधेरों को चीर कर बाहर निकला बीज, फूल, शाख, पत्तियां और फल के रंग धर लेता है। उगने, डूबने, खिलने, फैलने, मिलने, सूखने, झड़ने, चढ़ने, उतरने और खत्म होने का हर रंग प्रकृति में है और है होली के मनभावन पर्व में। पर प्रकृति हो या होली इनसे उदासीन हम, कुछ ही रंगों में सिमट जाते हैं। गिले-शिकवों, उदासी, तेरे-मेरे, क्रोध और कुंठा में ही अटक जाते हैं। नतीजा, जिंदगी में तनाव और उदासी घिरने लगती है।

# होम्योपैथी: क्रोनिक किडनी रोग प्रबंधन में आशा की किरण



क्रोनिक किडनी रोग (CKD) एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन चुका है। यह धीरे-धीरे बढ़ता जाता है और जब तक इसका पता चलता है, तब तक किडनी को काफी नुकसान हो चुका होता है। इस कारण, उपचार के विकल्प सीमित हो जाते हैं। 13 मार्च, 2025 को विश्व किडनी दिवस के अवसर पर, यह ज़रूरी है कि हम पारंपरिक चिकित्सा के साथ-साथ अन्य संभावनाओं की भी चर्चा करें।




आधुनिक चिकित्सा मुख्य रूप से डायलिसिस और किडनी ट्रांसप्लांट पर निर्भर करती है। ये जीवन बचाने के लिए आवश्यक हैं, लेकिन इनके साथ कई चुनौतियाँ भी जुड़ी होती हैं। डायलिसिस के लिए बार-बार अस्पताल जाना पड़ता है, जिससे मानसिक और शारीरिक तनाव के साथ आर्थिक बोझ भी बढ़ता है। वहीं, किडनी प्रत्यारोपण की अपनी जटिलताएँ हैं - डोनर की कमी, ऑपरेशन की जटिलता और अस्वीकृति का जोखिम। ऐसे में ज़रूरत होती है एक ऐसे दृष्टिकोण की, जो पारंपरिक उपचारों के साथ मिलकर रोगियों को राहत दे सके। होम्योपैथी इसी दिशा में एक संभावित विकल्प के रूप में उभर रही है। यह सिर्फ लक्षणों को दबाने के बजाय शरीर की स्व-उपचार क्षमता को मजबूत करने पर ध्यान देती है।

**होम्योपैथी और आधुनिक नेफ्रोलॉजी :** डॉ. लुबना कमाल, एक अनुभवी होम्योपैथिक चिकित्सक, जिन्होंने 20,000 से अधिक छ्यष्ठ रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज किया है, बताती हैं कि होम्योपैथी एलोपैथी का विकल्प नहीं बल्कि एक पूरक चिकित्सा है। जब होम्योपैथी और एलोपैथी को मिलाकर सही मार्गदर्शन में उपयोग किया जाता है, तो यह किडनी के कार्य को स्थिर कर सकती है, समग्र स्वास्थ्य में सुधार ला सकती है और डायलिसिस की आवश्यकता को कम कर सकती है। होम्योपैथी किडनी के स्वास्थ्य का समर्थन कैसे करती है? होम्योपैथी का सिद्धांत जैसे का इलाज वैसे पर आधारित है, जो शरीर की प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली को सक्रिय कर संतुलन बहाल करता है। CKD में होम्योपैथिक उपचार वयस्क स्टेम कोशिकाओं को सक्रिय करने और नेफ्रॉन पुनर्जनन को बढ़ाने में सहायक हो सकता है, जिससे किडनी का कार्य बना रहता है।

**होम्योपैथी के प्रमुख लाभ :** लक्षणों से राहत यह प्रोटीनुरिया, एडिमा, मतली, थकान और अवसाद जैसे लक्षणों को कम करने में मदद करता है। रोग की प्रगति को धीमा करना ङ्क चयापचय और प्रतिरक्षा तंत्र को सुधार कर किडनी की गिरावट की गति को कम कर सकता है। विषहरण और सूजन नियंत्रण ङ्क यह रक्त से विषाक्त पदार्थों को हटाने, ऑक्सीडेटिव तनाव को कम करने और किडनी की क्षति को रोकने में सहायक है। समग्र उपचार दृष्टिकोण यह केवल किडनी पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, रोगी की संपूर्ण जीवनशैली और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर कार्य करता है। रोग को पलटने की संभावना कुछ मामलों में, होम्योपैथी किडनी की कार्यक्षमता को पुनः सुधारने में सहायक हो सकती है। सुरक्षित और दुष्प्रभाव रहितप्राकृतिक स्रोतों से बनी ये दवाएँ गैर-विषाक्त होती हैं और लंबे समय तक उपयोग के लिए सुरक्षित मानी जाती हैं। किडनी फंक्शन में सुधार यह सीरम क्रिएटिनिन, यूरिया नाइट्रोजन और यूरिक एसिड के स्तर को स्थिर करने में मदद कर सकती है। बेहतर जीवन गुणवत्ता यह रोगी की जीवन शक्ति, भावनात्मक संतुलन और समग्र भलाई को बेहतर बनाने में सहायक हो सकती है।

**वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि और नैदानिक अवलोकन :** हालांकि होम्योपैथी पर अभी अधिक नियंत्रित क्लिनिकल ट्रायल की आवश्यकता है, लेकिन रोगियों के अनुभवों और चिकित्सकीय अवलोकनों से यह स्पष्ट होता जा रहा है कि यह चिकित्सा पद्धति किडनी की कार्यक्षमता बनाए रखने में मदद कर सकती है। आधुनिक शोधकर्ता भी होम्योपैथिक उपचारों के प्रभावों का गहराई से अध्ययन कर रहे हैं, और शुरुआती निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि यह छ्यष्ठ रोगियों के लिए एक प्रभावी सहायक उपचार हो सकती है।

**भविष्य की संभावनाएँ- समग्र और एकीकृत देखभाल की ओर :** चिकित्सा जगत अब केवल रोग के लक्षणों के इलाज तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि समग्र उपचार की ओर बढ़ रहा है। यह बदलाव खासतौर पर उन बीमारियों के लिए महत्वपूर्ण है, जो पुरानी और जटिल होती हैं, जैसे कि क्रोनिक किडनी रोग। एलोपैथी और होम्योपैथी का समन्वित उपयोग न केवल रोगियों को अधिक उपचार के अवसर प्रदान करता है, बल्कि इससे उनकी जीवन की गुणवत्ता भी बेहतर हो सकती है। होम्योपैथी, अपनी प्राकृतिक और सुरक्षित चिकित्सा पद्धति के कारण, CKD जैसी दीर्घकालिक बीमारियों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

आधुनिक चिकित्सा के साथ तालमेल एलोपैथी और होम्योपैथी को मिलाकर उपयोग करने से मरीजों को अधिक व्यापक और प्रभावी उपचार मिल सकता है। आधुनिक नैदानिक उपकरणों और एलोपैथिक हस्तक्षेपों के साथ होम्योपैथी को जोड़ने से न केवल रोग की प्रगति को धीमा किया जा सकता है, बल्कि रोगियों को डायलिसिस की आवश्यकता को भी टाला या विलंबित किया जा सकता है।

**निष्कर्ष :** क्रोनिक किडनी रोग से निपटने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण आवश्यक है। जहाँ एलोपैथी जीवन-रक्षक हस्तक्षेप प्रदान करती है, वहीं होम्योपैथी रोगियों को एक सहज, सुरक्षित और समग्र उपचार का विकल्प देती है। यह पद्धति केवल लक्षणों को दबाने के बजाय, शरीर की स्व-उपचार क्षमता को सक्रिय करने पर जोर देती है, जिससे मरीजों को बेहतर जीवन गुणवत्ता मिल सकती है। 2025 के विश्व किडनी दिवस पर, यह ज़रूरी है कि हम स्वास्थ्य देखभाल के अधिक समग्र और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाएँ। होम्योपैथी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, जिससे छ्यष्ठ रोगियों के लिए एक नई आशा का संचार हो सकता है।

# आवारा कुत्ते के काटने से एक महिला की मौत, दर्जनों जख्मी

अवधनामा संवाददाता



**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे के वार्ड नम्बर तीन व दो में पागल कुत्ते के आतंक से लोग भयभीत है। अभी तक इस कुत्ते के काटने से दर्जनों लोग जख्मी हो चुके है जबकि काटने से इलाज के दौरान एक महिल की मौत हो गई है। इसकी जानकारी होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम बुधवार को वार्ड में जाकर रेबीज का इंजेक्शन लगाया।

बता दें कि जानकारी पिछले कई महीनों से कस्बे के विभिन्न वार्डों में एक आवारा किस्म का कुत्ता घूम रहा है जो अब तक दर्जनों लोगों को काटकर जख्मी कर दिया है। कुत्ते के काटने के बाद कई लोग झाड़ फूंक के चक्कर में पड़ कर लापरवाह हो गए। रेबीज का इंजेक्शन किसी ने नहीं लगवाया था। इसी बीच सोमवार को ज्ञानमती देवी पत्नी कमला पासवान की तबीयत अचानक खराब हो गई जिनको परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक मथौली ले जाया गया। डाक्टरों ने स्थिति गम्भीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में जांच के बाद रेबीज संक्रमण का पता चला तो मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज से परिजन घर वापस ले आए।

मंगलवार रात 9 बजे ज्ञानमती की मौत हो गई। सूचना पर बुधवार प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश मद्धेशिया स्वास्थ टीम के साथ डॉ सर्फयाब अहमद, डॉ फैसल अब्बास, चीफ फार्मासिस्ट सत्येन्द्र मिश्रा संबंधित वार्ड में पहुंच कर कुत्ता काटे सरिता देवी पत्नी बृजेश उम्र 40 वर्ष, अभिषेक पुत्र रमेश गौंड उम्र 18 वर्ष, राज बहादुर पुत्र खरवार उम्र 62 वर्ष, रामदयाल पुत्र बालेश्वर उम्र 65 वर्ष, असगरी खातून पत्नी इद्दन उम्र 50 वर्ष, अनिता देवी पत्नी खजान्ती उम्र 40, नेहा पुत्री मेल्हू उम्र 16 बर्ष, चांदनी पुत्री मेल्हू उम्र 15 वर्ष, इसरावती देवी पत्नी मेल्हू उम्र 50 वर्ष को रेबीज का टीका लगाया गया। बता दिन एक वर्ष पूर्व खबराभर, सिंघाड़ी, फर्द मुंडेरा, लक्ष्मीपुर सहित कई गांवों के लगभग दो दर्जन से ज्यादा आवारा कुत्ते ने काटकर जख्मी कर दिया।

# जायफल कई बीमारियों को दूर करता है





जायफल को ब्रेन हेल्थ के लिए काफी अच्छा माना जाता है। यह ना केवल तनाव को कम करने में मददगार है, बल्कि आपकी एकाग्रता में भी सुधार करता है। हालांकि, जायफल का सेवन करते समय आप ध्यान रखें कि आप इसे कम मात्रा में ही लें। अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से आपकी हेल्थ पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जायफल एक ऐसा मसाला है, जिसका इस्तेमाल अधिकतर भारतीय घरों में किसा जाता है। यह स्वभाव में गर्म होता है और इसकी एक अलग महक होती है। आमतौर पर, इसे घिसकर इस्तेमाल किया जाता है। यह ना केवल आपके खाने को एक बेहतरीन स्वाद देता है, बल्कि इसे सेहत के लिए भी उतना ही लाभकारी माना जाता है। जायफल पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसमें मैग्नीशियम, मैंगनीज और कॉपर जैसे मिनरल्स और विटामिन जैसे बी1, बी6, आदि पाए जाते हैं। इसकी खासियत यह भी है कि यह कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स को दूर करने में मददगार है।

## हार्ट के लिए हेल्दी है जायफल

अगर आप अपने हार्ट को लंबे समय तक ऐसे ही हेल्दी बनाए रखना चाहते हैं तो आप जायफल का सेवन कर सकते हैं। यह ना केवल ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाता है, बल्कि हार्ट फंक्शनिंग को भी इंप्रूव करता है। लेकिन अगर आप पहले से ही किसी हार्ट प्रॉब्लम से जूझ रहे हैं और दवाइयां ले रहे हैं तो ऐसे में जायफल का सेवन करने से पहले एक बार डॉक्टर से सलाह अवश्य लें।

## अच्छी नींद में सहायक

हेल्दी रहने के लिए अच्छी नींद लेना बेहद जरूरी है। लेकिन अगर आप अनिद्रा जैसी समस्या से परेशान हैं तो आपको जायफल का सेवन करना चाहिए। यह सेरोटोनिन के स्तर को बढ़ा सकता है जिससे आपको खुद को रिलैक्स करने में मदद मिलती है।


## बैड ब्रेथ की समस्या को दूर

मुंह व सांसों से आने वाली बदबू को दूर करने में जायफल का तेल बेहद कारगर है। इसमें एंटीसेप्टिक गुण होते हैं और यह दांतों के दर्द और मसूड़ों की समस्याओं को ठीक करने में मदद कर सकता है। यही कारण है कि जायफल के तेल को कई कंपनियां अपने टूथपेस्ट में भी शामिल करती हैं।

## पाचन तंत्र के लिए लाभदायक

जायफल को पाचन संबंधी समस्याओं जैसे कब्ज, दस्त, पेट फूलना आदि समस्याओं को दूर करने में सहायक है। जायफल एक पाचन टॉनिक के रूप में कार्य कर सकता है।

# जब ना बचे रिश्ते में स्पार्क



अक्सर ऐसा होता है कि कपल के बीच बहुत ही मामूली सी बातों पर बार-बार झगड़ने लगते हैं। सुनने में तो ये आम बात लगती है। पर, ऐसा नहीं हैं। अगर आपके और आपके पार्टनर के बीच हर छोटी बात पर बार-बार झगड़ा होता है तो संभल जाइये। ऐसे में आपको कपनृल थेरेपी की जरूरत है। कपल थेरेपी लेने के बाद आप दोनों को अपना पक्ष रखने का मौका मिलेगा। थेरेपिस्ट हर वो कोशिश करेगा जिससे आपका पार्टनर आपकी बात को समझे। ऐसे में झगड़ा होने की संभावना धीरे-धीरे कम होने लगेगी। आज के समय में लोगों की लाइफस्टाइल इतनी व्यस्त हो गई है कि, वो अपने रिश्तों पर ध्यान नहीं दे पाते। अगर बात करे शादीशुदा लोगों की तो अपने पार्टनर के लिए टाइम ना होने की वजह से आज-कल कप्लस के बीच काफी दूरियां आ गई हैं। कपल्स में मनमुटाव होना तो जैसे बेहद ही आम बात हो गई है। मनमुटाव होने की वजह से बहसाबाजी बढ़ने लगती है। लोग एक दूसरे की परवाह तक करना बंद कर देते हैं। ऐसे कपल्स के लिए कपल थेरेपी काफी कारगर बताई जाती है। कपल थेरेपी के दौरान काउंसलर आपके पार्टनर का नजरिया समझाने का प्रयास करता है। जिससे कपल्स के बीच की गलतफहमियां खत्म होती हैं। जिस वजह से उनकी दूरियां खत्म होती हैं और रिश्ता और ज्यादा मजबूत हो जाता है।

## जब पार्टनर लगे बातें छुपाने

बातें छुपाने से किसी भी रिश्ते की बुनियाद हिल सकती है क्योंकि किसी भी रिश्ते में भरोसा सबसे अहम होता है। ऐसे में जब आपका पार्टनर ही आपसे बातें छुपाने लगे तो समझ जाइये कि आपको कपल थेरेपी की जरूरत है। इस थेरेपी की मदद से कपल को समझाया जाता है कि किसी भी रिश्ते में पारदर्शिता कितनी जरूरी होती है। थेरेपी के बाद जब कपल एक दूसरे से बाते छुपाना बंद कर देते हैं तो इससे उनके रिश्ते को और ज्यादा मजबूती मिलती है। जब भी कोई रिश्ता नया-नया बनता है तो कपल्स को एक दूसरे के साथ समय व्यतीत करना काफी अच्छा लगता है। पर अगर कुछ समय बाद आपका मन आपके पार्टनर के साथ समय व्यतीत करने को ना करे तो इस संकेत को गलती से भी नजर अंदाज ना करें। दरअसल, पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बिताने से किसी भी कपल का रिश्ता और ज्यादा मजबूत बनता है। अगर आप या आपका पार्टनर ऐसा करने में रूचि नहीं रखता को कपल थेरेपी का सहारा लें। इस दौरान थेरेपिस्ट आपको कई ऐसे मौके देंगे जब आप एक दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगें। अगर लड़ाई करके वक्त आप या आपका पार्टनर पुराने टॉपिक्स को निकालकर लड़ते हैं तो जल्द से जल्द कपल थेरेपी का सहारा लीजिए। कपल थेरेपी आपको वर्तमान में जीने और उस समय को एंज्वॉय करने का तरीका बताएगी। इससे आपके बीच होने वाले झगड़ों में भी कमी आएगी।

एक कपल के रिश्ते में नयापन यानी कि स्पार्क का होना काफी जरूरी होता है। ऐसा होने पर कपल एक दूसरे के बारे में जानना चाहते हैं। उसकी खुशी के लिए काम करते हैं। अगर आपके रिश्ते में ऐसा नहीं है तो आप कपल थेरेपी का सहारा ले सकते हैं। इसकी मदद से आप अपने रिश्ते में एक नयापन ला सकते हैं। जब रिश्ते में चमक रहेगी तो आप और आपका पार्टनर भी एक साथ खुश रहेंगें। याद कीजिये शादी के ठीक बाद के वे कुछ साल जब दफ्तर से निकलने से पहले आप घर पर मैसेज या कॉल करके बताया करते थे, सुबह नाश्ते में बनी कोई भी डिश आपका मन खुश कर देती थी, कॉलोनी के बाहर एक-दूसरे का हाथ पकड़कर टहलना भी अनमोल सा एहसास देता था और एक-दूसरे के साथ की गई गॉसिप आपको प्रसन्न कर दिया करती थी। क्या आप अब उन सभी चीजों को मिस करते हैं? क्यों आखिर शादी के 3-4 साल बाद रिश्ते बोरियत भरे लगने लगते हैं? अगर आपके रिश्ते पर भी यह बोरियत हावी है तो इन टिप्स को अपनाइए और दीजिये अपने रिश्ते को एक नया स्टार्ट। रिश्ते उम्रभर का निवेश हैं, खासकर पति-पत्नी के बीच का रिश्ता क्योंकि इससे बाकी सारे कई रिश्ते गहराई से जुड़े होते हैं

# डिप्रेशन की वजह से बुरी तरह प्रभावित हो सकता है यौन जीवन

**आजकल लोगों के पास चिंतित रहने की हजार वजहें हैं, जो सीधे तौर पर उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित कर रही है। हर समय चिंतित रहने की वजह से लोग धीरे-धीरे डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। डिप्रेशन एक ऐसी मानसिक बीमारी हैं, जो लोगों की दिनचर्या को उथल-पुथल कर के रख देती है।**



डिप्रेशन का नकारात्मक प्रभाव लोगों के यौन जीवन पर भी पड़ता है। इसकी वजह से लोगों की सेक्स करने की इच्छा खत्म होती चली जाती है और यह उनके रिश्ते और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बिलकुल भी ठीक नहीं है। सिर्फ डिप्रेशन ही नहीं इसके इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली दवाईयां भी लोगों की यौन जीवन को प्रभावित करती है। हालाँकि, इसके डर से लोग डिप्रेशन का इलाज कराना नहीं बंद कर सकते हैं। इसलिए आज हम लोगों के लिए कुछ ऐसे टिप्स लेकर आए हैं जो डिप्रेशन के दौरान उनके यौन जीवन को जीवित रखने में मदद करेंगे। डिप्रेशन के इलाज के दौरान इस्तेमाल होने वाली दवाईयों की वजह से यौन जीवन थोड़ा-बहुत प्रभावित होना सामान्य बात है। लेकिन इसकी वजह से आप इसका इलाज बंद नहीं कर सकते हैं क्योंकि ऐसा करने से यौन जीवन ज्यादा प्रभावित हो जाता है। यौन जीवन में उथल-पुथल के चलते अपना इलाज बीच में न छोड़ें। डिप्रेशन की दवाईयों से यौन पर पड़ रहे दुष्प्रभावों को इसके इलाज के बाद भी ठीक किया जा सकता है। लेकिन अगर इलाज आपने बीच में छोड़ दिया तो डिप्रेशन की समस्या गंभीर हो सकती है।

## दवाईयों के दुष्प्रभावों के बारे में डॉक्टर से बात करें

एक्सपर्ट्स की मानें तो डिप्रेशन की दवाईयों के यौन जीवन पर पड़ रहे दुष्प्रभावों को समय रहते आसानी से ठीक किया जा सकता है। दरअसल, दवाईयों की डोज को कम या ज्यादा लेने की वजह से यौन जीवन प्रभावित हो सकता है। इसलिए आप अपने डॉक्टर से बात करें और अपनी दवाईयों के डोज में बदलाव कर के देख सकते हैं। ध्यान दें, बिना डॉक्टर की सलाह के खुद से इनमें बदलाव न करें, यह खतरनाक साबित हो सकता है। लोग अपने यौन जीवन को बेहतर बनाने के लिए पार्टनर से इस मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार, लोग पार्टनर से बातचीत कर रिश्ते की आधी से ज्यादा समस्याएं सुलझा सकते हैं। इसलिए यौन जीवन को लेकर पार्टनर से बात करें और उन्हें बताएं कि आप उनसे क्या उम्मीद कर रहे हैं। ऐसा करने से आपको उनकी इच्छाओं के बारे में भी पता चलेगा। इस तरीके से आप दोनों एक-दूसरे की जरूरतों को पूरा करने में सही कदम उठा पाएंगे। इतना ही नहीं सही सेक्स डिप्रेशन को कम करने में मदद करता है।

# स्कूल कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहा बच्चा तो इस तरह कराएं तैयारी

**भारत के सबसे प्रमुख राष्ट्रीय पर्वो में से एक गणतंत्र दिवस आने वाला है। गणतंत्र दिवस प्रतिवर्ष 26 जनवरी को मनाया जाता है। इस मौके पर देशभर में तरह तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होता है। सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों, स्कूल और निजी दफ्तरों में 26 जनवरी को तिरंगा फहराया जाता है। इस मौके पर देशभर के स्कूलों में जश्न मनाते हैं। देशभक्ति से जुड़े रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति होती है, जिसमें छात्र छात्राएं उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हैं। जिन स्कूलों में 26 जनवरी के मौके पर कार्यक्रम होना है, वहां तैयारियां शुरू हो गई हैं।**





बच्चे प्रस्तुति के लिए तैयारी कर रहे हैं। इनमें से कई सारे बच्चे ऐसे होंगे जो पहली बार स्कूल फंक्शन में प्रतिभाग कर रहे होंगे। ये बच्चे मंच पर प्रस्तुति तो देना चाहते हैं लेकिन डर या नर्वस होने के कारण अपनी परफॉर्मेंस भूल जाते हैं। ऐसे में गणतंत्र दिवस के मौके पर स्कूल के कार्यक्रम में बेहतर प्रस्तुति के लिए बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए कुछ टिप्स को अपनाया जा सकता है। कुछ तरीकों से अध्यापक और माता पिता बच्चे में आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं, ताकि स्कूल कार्यक्रम में स्पीच देने से लेकर, नाटक, गीत या नृत्य कार्यक्रम में वह अच्छे से प्रतिभाग ले सकें।

## प्रशंसा से बेहतर बनेगा बच्चा

आत्मविश्वास की कमी तब होती है, जब बच्चे को लगता है कि वह गलत प्रस्तुति दे रहा है या अच्छा नहीं कर रहा। उसका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए जरूरी है कि बच्चे की तारीफ करें। तारीफ मिलने पर वह और अधिक अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। बच्चे की गलतियां निकालने या डांटने के बजाए उनकी थोड़ी सी तारीफ मनोबल को बढ़ावा देती है। बच्चा स्कूल कार्यक्रम में अच्छी प्रस्तुति तब दे पाएगा, जब वह पूरी तरह से निश्चिंत हो कि उसे पूरा प्रोग्राम याद है। इसके लिए जरूरी है कि बच्चा अच्छे से अभ्यास करें। माता पिता और शिक्षकों को बच्चे के अभ्यास के लिए समय देने की जरूरत है। उन्हें अकेले प्रैक्टिस करने देने के बजाए कुछ समय दें। बच्चे को उनकी प्रस्तुति रिकॉर्ड करके दिखाएं और खुद से कमियों को समझने दें, ताकि अगली प्रस्तुति में वह गलती न दोहराएं।

## दबाव न डालें

स्कूल कार्यक्रम को लेकर बच्चे को अभ्यास कराते समय उन पर अधिक दबाव न बनाएं। अपनी महत्वाकांक्षाओं का बोझ बच्चे पर न डालें। प्रोत्साहित करें लेकिन दबाव न बनाएं। लगातार बच्चे से अभ्यास कराने से वह डर जाएंगे और आपकी आकांक्षाओं पर खरा न उतर पाने के डर से हड़बड़ाहट में गलतियां कर सकते हैं।

## बच्चे की क्षमता को समझें

गणतंत्र दिवस के लिए स्कूल कार्यक्रम में बच्चा प्रतिभाग करना चाहता है तो उसकी क्षमता को समझकर ही प्रस्तुति तैयार कराएं। बच्चा गाना गाने में अच्छा है तो उसकी प्रस्तुति भी संगीत की हो ना कि डांस की। बच्चे की काबिलियत और उनकी पसंद को समझें ताकि वह अपनी प्रस्तुति को एंजॉय कर सकें।

# जंक फूड में अधिक होती है कैलोरी



खाने का शौक रखना सामान्य बात है लेकिन कभी भी कुछ भी खाने की तलब आना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ अक्सर शरीर के लिए नुकसानदायक चीजों के सेवन से परहेज की सलाह देते हैं। इन खाद्य सामग्रियों में जंक फूड शामिल है, जिसमें अधिक कैलोरी होती है, जो सेहत को प्रभावित करती है। बच्चे हो या बड़े, अक्सर उन चीजों को खाने का मन रखते हैं, जो उनके लिए नुकसानदायक हो सकती है। इसे क्रेविंग कहा जाता है। एक डायबिटीज के मरीज को मीठे व्यंजन का स्वाद लेने का मन रहता है। उनके लिए खुद को मीठा खाने से रोक पाना मुश्किल हो जाता है। अगर आप भी अनहेल्दी खाने के लिए क्रेविंग महसूस करते हैं और कभी भी उठकर कुछ भी खाना शुरू कर देते हैं, तो यहां आपको क्रेविंग पर नियंत्रण करने के टिप्स बताए जा रहे हैं। अक्सर लोग प्यास महसूस होने पर इसे खाने की तलब समझ लेते हैं। प्यास मिटाने के चक्कर में अतिरिक्त कैलोरी ले लेते हैं। इसलिए जब भी भूख या प्यास महसूस हो तो खूब सारा पानी पीएं। पानी पीने से पेट भरा रहता है और हर वक्त होने वाली फूड क्रेविंग भी नियंत्रित होती है। शरीर भी हाइड्रेट रहता है। खुद को जंक फूड खाने से रोकने के लिए स्टॉक में सेहतमंद खाना रखें। जब भी कुछ खाने का मन करें तो हेल्दी स्नैक्स का सेवन करें। चिप्स या कुकीज खाने की बजाय ओट्स, बादाम या अखरोट जैसे नट्स के सेवन से भूख मिटाएं। ओवर ईटिंग या स्ट्रेस इटिंग की एक वजह तनाव होता है। तनाव की स्थिति में लोग अक्सर अधिक खाने लगते हैं। तनाव को कम करने के लिए खाने की ओर रुख न करें, बल्कि योग करें। योग से तनाव कम होता है और खाने की लालसा पर भी काबू पाया जा सकता है। जब आप समय पर ठीक से भोजन नहीं करते, तो कुछ समय बाद आपको पुनः भूख लग जाती है और अनहेल्दी खाने का मन करने लगता है। इसलिए नाश्ता, दोपहर का खाना या रात का खाना मिस न करें। समय पर भोजन करें। यह भी ध्यान रखें कि पेट भर कर हेल्दी भोजन करें। खाने को अच्छे से चबाकर खाएं। पेट भरा रहेगा तो बार बार भूख नहीं लगेगी। मन-मस्तिष्क और तन तीनों को सबसे ज्यादा प्रभावित नींद करती है। अगर समय पर पूरी नींद लेते हैं तो भूख कम लगती है। रात की अच्छी नींद तनाव को भीा कम करती है। इस कारण भूख भी कम लगती है। इसलिए पर्याप्त नींद लें।

## फास्ट फूड खाने से बढ़ रहीं बीमारियां

फास्ट फूड के ज्यादा सेवन से हर साल 8 परसेंट लोग बीमार हो रहे हैं. रेगुलर जंक फूड खाने से हाई ब्लड प्रेशर, दांतों में समस्या, कब्ज, हार्ट से जुड़ी परेशानी, स्किन प्रॉब्लम, लेटने और बैठने में घबराहट जैसी समस्याएं हो सकती हैं. हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, जंक फूड्स में कार्बोहाइड्रेट पाए जाते हैं. इसमें फाइबर की मात्रा बिल्कुल न के बराबर ही होती है. जब डाइजेस्टिव सिस्टम जंक फूड्स को तोड़ता है तो कार्बोहाइड्रेट ब्लड सर्कुलेशन में ग्लूकोज के तौर पर निकल जाते हैं. इससे ब्लड में शुगर भी बढ़ सकता है. इसी कारण इंसुलिन बढ़ जाता है. दिल की सेहत भी बिगड़ सकती है.

## शुगर लेवल का बढ़ना

जंक फूड्स शुगर या फैट्स से भरपूर होते हैं. पिज्जा के आटे, कुकीज में ट्रांस फैट की ज्यादा मात्रा पाई जाती है, जिससे गुड कोलेस्ट्रॉल कम हो सकता है. कुछ जंक फूड्स खाने से शुगर लेवल तेजी से बढ़ सकता है.

## ब्रीदिंग प्रॉब्लम्स

जंक फूड में अतिरिक्त कैलोरी होती है, जो वजन को बढ़ा सकता है. मोटापा बढ़ने से सांस की समस्या होने लगती है और अस्थमा का खतरा हो सकता है. जिससे सीधी चढ़ने, वर्कआउट करने या दूसरे काम करने में सांस लेने में दिक्कत आने लगती है.

## उम्र और खूबसूरती पर जंक फूड का प्रभाव

जंक फूड आपको बीमार तो बना ही रहा है साथ ही स्किन, हेयर और उम्र पर भी प्रभाव डाल रहा है. इसलिए इससे बचने की सलाह दी जाती है. जंक फूड खूबसूरती को भी बिगाड़ सकती है स्वास्थ्य विशेषज्ञ अक्सर शरीर के लिए नुकसानदायक चीजों के सेवन से परहेज की सलाह देते हैं। इन खाद्य सामग्रियों में जंक फूड शामिल है, जिसमें अधिक कैलोरी होती है, जो सेहत को प्रभावित करती है। बच्चे हो या बड़े, अक्सर उन चीजों को खाने का मन रखते हैं, जो उनके लिए नुकसानदायक हो सकती है। इसे क्रेविंग कहा जाता है। एक डायबिटीज के मरीज को मीठे व्यंजन का स्वाद लेने का मन रहता है। उनके लिए खुद को मीठा खाने से रोक पाना मुश्किल हो जाता है। अगर आप भी अनहेल्दी खाने के लिए क्रेविंग महसूस करते हैं और कभी भी उठकर कुछ भी खाना शुरू कर देते हैं, तो यहां आपको क्रेविंग पर नियंत्रण करने के टिप्स बताए जा रहे हैं। अक्सर लोग प्यास महसूस होने पर इसे खाने की तलब समझ लेते हैं। प्यास मिटाने के चक्कर में अतिरिक्त कैलोरी ले लेते हैं।

# सीतापुर में पत्रकार के हत्यारों को फांसी सजा की मांग

■ उपजा ने मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** सीतापुर में पत्रकार की जघन्य हत्या के मामले में जिले के पत्रकारों में आक्रोश पनपता जा रहा है। बुधवार को यू.पी. जर्नलिस्ट एसोसिएशन (उपजा) ने जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव को सौंपा है। ज्ञापन में उपजा ने पत्रकार के हत्यारों को फांसी की सजा और पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में आगे बताया गया कि सीतापुर में क्षेत्रीय संवाददाता राघवेन्द्र बाजपेयी की हत्या से ललितपुर जिले के पत्रकारों में काफी आक्रोश व्याप्त है। कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में चौथा स्तम्भ कहलाने वाले पत्रकारों की इस प्रकार हत्या हो जाना कानून व्यवस्था पर भी प्रश्न चिह्न है। उन्होंने चार सूत्रीय मांगों को उठाते हुये हत्या की तत्काल जांच कराकर दोषियों की गिरफ्तारी किये जाने, हत्यारों को फांसी की सजा दिये जाने, मृतक आश्रित पत्नी को सरकारी नौकरी देकर पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिये जाने एवं प्रदेश में शीघ्र ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने की मांग उठायी गयी। ज्ञापन देते समय जिला अध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा, जिला मंत्री रामरतन राय, तहसील संरक्षक कन्हैयालाल विश्वकर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिखरचंद्र जैन, सुरेश कुमार कौंतेय, अजय प्रताप सिंह तोमर, द्वारिका प्रसाद रैकवार, धर्म सिंह कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## पूर्व सैनिक समाज सेवा एसोसिएशन के सदस्यों की मासिक बैठक सम्पन्न

**उन्नाव।** पूर्व सैनिक समाज सेवा एसोसिएशन के सदस्य साथियों ने गोकुल लान में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता संरक्षक जटाशंकर तिवारी ने की और जिला अध्यक्ष राजेश सिंह सेंगर ने समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश महासचिव संजय सिंह फौजी से बात कर आगे कदम उठाने को निर्णय लिया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से सैनिक अस्पताल की समस्या पर चर्चा की गई और इसके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सभी सैनिक सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से संरक्षक जटाशंकर तिवारी जिला अध्यक्ष राजेश सिंह सेंगर सूबेदार मेजर एसपी शुक्ला जिला संयोजक आशुतोष मिश्रा विजय कुशवाहा बृजेंद्र बहादुर सिंह योगेंद्र सिंह अजय कुमार मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# पत्रकार की हत्या के विरोध में पत्रकारों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर में गोली मारकर पत्रकार की हत्या कर दिए जाने के विरोध में बुधवार को तहसील मड़ावरा के पत्रकारों ने यूपी जर्नलिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर हत्यारोपियों पर ठोस कार्यवाही एवं मृतक आश्रितों को आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी मड़ावरा रोशनी यादव को प्रेषित किया। इस दौरान उपस्थित तहसील मड़ावरा के पत्रकारों ने बताया कि आज के दौर में पत्रकारिता करना टेडी खीर साबित हो रहा है। प्रदेश में जहां देखो वहां पत्रकारों का उत्पीडन् किया जा रहा है जिसमें अवेध कार्य करने वाले खननकर्ता हो या भूमाफिया या कोई भ्रष्ट अफसर। हर कोई अपने कुकृत्य छिपाने के लिए पत्रकारों का उत्पीडन् करने से बाज नहीं आ रहे, जिसमें पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे लिखवाना तो आम बात होती जा रही है। ऐसी स्थिति में चौथा स्तंभ कहा जाने वाला पत्रकार कैसे निष्पक्ष कार्य कर करे सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की खुलेआम गोली मारकर हत्या कर दिया जाना, शासन प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। ऐसी स्तिथि में पत्रकारों की सुरक्षा संबंधी कानून बनाया जाना पत्रकार हित मे अति आवश्यक है। तहसील मड़ावरा के पत्रकारों ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से उक्त घटना के हत्यारोपियों पर ठोस कार्यवाही किये जाने के साथ ही मृतक आश्रित परिवार को आर्थिक सहायता एवं सरकारी नोकरी दिए जाने की मांग करते हुए प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने के लिए मांग की। इस दौरान तहसील मड़ावरा के पत्रकार राकेश वैध, प्रियंक सर्राफ, अजीज मोहम्मद, कृष्ण कुमार पांडे, संदीप मिश्रा, सतीश नायक, प्रकाश लोधी, दीपक तिवारी, नवल कुशवाहा, नीलेश कुशवाहा, अखिलेश साहू, वीरेंद्रसिंह सेंगर, विक्रम सिंह, रामजी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## आकस्मिक परिस्थितियों के द्रष्टिगत दंगा-बलवा नियंत्रण हेतु किया गया अभ्यास

**उन्नाव।** आकस्मिक परिस्थितियों में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था व समाज में सुरक्षित भयमुक्त वातावरण बनाने के लिये पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर व क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती सोनम सिंह की उपस्थिति में रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में अधिकारियों/ कर्मचारियों के साथ दंगा नियन्त्रण का पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान विधि विरुद्ध भीड़ को तितर-बितर करने के लिये रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के संबन्ध जानकारी साझा करते हुए बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया तथा दंगाइयों/बलवाइयों पर एंटी राइट गन, टियर गैस गन, हैंड ग्रेनेड, टियर स्मोक सेल, नेट आदि के प्रयोगों के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया व फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का इन परिस्थितियों में किस प्रकार प्रयोग करना है, की जानकारी दी गई। ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में सिखलाये गये तरीकों से ऐसी परिस्थितियों का अच्छे से सामना किया जा सके।

# धूम्रपान निषेध दिवस पर दिलायी शपथ



अवधनामा संवाददाता

■ सीएमओ कार्यालय में हुआ आयोजन

**ललितपुर।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत धूम्रपान निषेध दिवस (नो स्मोकिंग डे) के अवसर पर कार्यालय सभागार में जन जागरूकता, संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने सभी को शपथ दिलाई की हम आज से किसी भी प्रकार का तम्बाकू उत्पाद का सेवन नहीं करेंगे, ना ही करने देंगे, तम्बाकू धूम्रपान से होने वाली हानि से युवाओं को जागरूक करेगे। तम्बाकू धूम्रपान विरोधी महाअभियान को सफल बनाने मे पूर्ण निष्ठा के साथ सहयोग करेगे। कार्यक्रम के अन्तर्गत हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डा.अमित तिवारी द्वारा कार्यशाला मे उपस्थित समस्त चिकित्सकों को निर्देशित किया गया कि मरीजों को तम्बाकू उत्पाद के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे मे जानकारी देकर उन्हें इसे छोड़ने के लिये प्रेरित करे। जनपद सलाहकार राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डा.रूद्र प्रताप सिंह बुन्देला ने कोटपा एक्ट 2003 के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अधिनियम धारा 4 के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना अपराध है। उक्त कार्यक्रम जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाईयों पर आयोजित किया गया, जिसमें तम्बाकू से होने वाली जानलेवा बीमारियों एवं दुष्परिणामों बारे में प्रचार-प्रसार करते हुए पूर्ण जानकारी दी गयी।

# जनपद के 3 लाख 39 हजार परिवारों को गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का मिला लाभ

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** होली पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत लोक भवन सभागार लखनऊ में मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ के द्वारा 1890 करोड़ की धनराशि से प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण के सापेक्ष जनपद के 3 लाख 39 हजार पात्र परिवारों को विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सदर पंकज गुप्ता एवं नगर पालिका उन्नाव, चेयरमैन श्वेता मिश्रा की उपस्थिति में गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी से लाभाविन्त किया गया। कार्यक्रम के दौरान विकास भवन सभागर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व कर्मचारियों, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों आदि द्वारा मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना गया तथा लोक भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने कहा कि जब से उ0प्र0 में योगी जी एवं केन्द्र में मोदी जी कि सरकार बनी है, तब से प्रत्येक वर्ग व समाज के लोगों को बिना किसी भेदभाव के सरकार की योजनाओ से लाभान्वित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के आने से हमारी माताओं व बहनों को चूल्हे से होने वाली परेशानियों से निजात मिली है। हमारी सरकार द्वारा समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति की भी चिंता की जा रही है। नगर पालिका उन्नाव, चेयरमैन ने कहा कि महिलाओं को चूल्हे के धुएं से होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए सरकार का यह एक सराहनीय कदम है। हमारा स्वस्थ होना एक अच्छे समाज की रचना के लिए अत्यन्त आवश्यक है। महिला उत्थान के लिए हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा ने लाभार्थियों से उनके अनुभव सुने तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस रिफिल सब्सिडी के प्रतीकात्मक चौक व सिलेडर वितरित किए। उन्होने बताया कि होली पर्व पर इस योजना से जनपद के 3 लाख 39 हजार पात्र परिवारों को लाभाविन्त किया जा रहा है। योजना का लाभ लेने के लिए सभी लाभार्थी गण अपने-अपने बैंक में जाकर ई-केवाईसी जरूर करा लें, ताकि सब्सिडी समय से प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुशील कुमार गोंड, जिला विकास अधिकारी संजय पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादूर सिंह, उज्ज्वला योजना के नोडल अधिकारी रोहित तिवारी, जिला सूचना अधिकारी सतीश कुमार सहित उज्ज्वला योजना के लाभार्थी आदि मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन अटल उपवन का डीएम व नगर पालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**उन्नाव।** प्रियदर्शिनी नगर सेक्टर-सी में निर्माणाधीन अटल उपवन वेस्ट टू वंडर पार्क का जिलाधिकारी गौरांग राठी व नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता भानु मिश्रा ने अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। नगर पालिका अध्यक्षा ने बताया कि नगर पालिका में पड़ी वेस्ट मटेरियल से बन रहे अटल उपवन नगर में मुख्य आकर्षण का केंद्र होने वाला है। जहां बुजुर्गो एवं महिलाओं के टहलने के लिए पथ एवं ओपन जिम एवं बच्चों के लिए आकर्षक झूले का निर्माण कराया जाएगा। वहीं जिलाधिकारी ने अटल उपवन के मानचित्र को देखते हुए नगर पालिका की विकास नीति की सराहना करते हुए नगर पालिका अध्यक्षा को बधाई दी। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानु, अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार गौतम, एई राजपाल, जेई सुधीर कुमार, जेई उत्कर्ष शुक्ला, जेई विवेक वर्मा सफाई इंस्पेक्टर रश्मि पुष्कर सहित अन्य पालिका के अधिकारी कर्मचारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आंमत्रित किया

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** भारत के चुनाव आयोग सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ई आरओ, डीईओ या सीईओं के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए है। आज राजनैतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए परस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्ष ऑन और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। इससे पहले पिछले सप्ताह ई एस आई सम्मेलन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सी ई ओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया।

संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचान ए गए 28 हिट धारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हित धारक है।

राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 मतदाताओं का पंजीकरण नियम 1960 चुनाव संचालन नियम 1961 माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश मैन्युअल और हैंडबुक (ई एस आई वेबसाइट पर) उपलब्ध ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

# डीएम व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** धार्मिक उत्सवों पर होली, रमजान एवं ईद आदि त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि होली एवं ईद के त्योहारों को आपसी भाईचारे, परंपरागत और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए। जनपद गंगा.जमुनी तहजीब के लिए जाना जाता है इसे बनाए रखे। धार्मिक स्थलों पर व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया जाए। साथ ही सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाए। धार्मिक उत्सवों में प्रयोग किये जाने वाले वाहनों की मॉनिटरिंग पहले ही कर ली जाए, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। जो भी माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करे उसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दे। त्योहारों के समय लाउडस्पीकरों से बजने वाले संगीतो पर भी कड़ी नजर रखी जाए। कोई भी व्यक्ति या समुदाय अभद्र गीत संगीत का प्रयोग करते हुए ना मिले। डीजे संचालको की सूची तैयार कर ली जाए।उनके साथ बैठक कर उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के दिये गए ध्वनि संबंधी गाइडलाइन से अवगत करा दिया जाए। कोई भी सार्वजनिक कार्यक्रम करते समय प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए। परंपरागततरीके से उत्सव मनाया जाए। होली के त्योहार पर किसी भी प्रकार का बदलाव, नई परंपरा शुरू करने से पहले प्रशासन की अनुमति अवश्य ली जाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाए। किसी भी प्रकार के संवेदनशील फेक आडियो, वीडियो और फोटो आदि को वायरल न करें। ऐसी कोई भी सूचना मिलने पर प्रशासन को तुरंत अवगत कराएं। अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। अवैध शराब बनाने वालो पर आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही करता रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने .अपने स्वास्थ्य केंद्रों पर हर समय उपस्थित रहे। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि त्योहारों के बीच विद्युत आपूर्ति होती रहे तथा जो भी विद्युत तार अस्त व्यस्त हो उसे ठीक करा लिया जाए। उन्होंने कहा कि खाद्य विभाग खाने पीने के समानों की अभी से सेम्पलिंग करना शुरू कर दे।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद स्तर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री चन्द्रभूषण के दिशा निर्देशानुसार दिनांक 07.02.2025 से 31.03.2025 तक होने वाली गतिविधियों के अंतर्गत आज दिनांक 11.03.2025 को तहसील चन्दौसी के सरस्वती इण्टर कॉलेज, बहजोई में आउटरीच कार्यकर्ता श्रीमति सपना ने सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूकता प्रदान करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कन्या भ्रूण हत्या रोकने, आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों की बेटियों की शिक्षा तथा स्वास्थ्य पर ध्यान देने व 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं के साथ हो रही यौन हिंसा से बचने व उसकी शिकायत करने, अपनी बात खुलकर रखने तथा उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी एवं दहेज प्रथा एवं बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाज में सामाजिक जनसहयोग के माध्यम से समाप्त करने हेतु सभी को जागरूक किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत समस्त छात्राओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, निराश्रित महिला पेंशन योजना, चाइल्ड लाइन एवं वन स्टॉप सेंटर की कार्य प्रणाली एवं उनसे मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी विस्तृत रूप से समस्त छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को सभी हेल्पलाइन नंबर्स 181, 1090, 1076, 112, 108, 1098 के बारे में जानकारी दी गई, उक्त कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से आउटरीच कार्यकर्ता श्रीमति सपना व विद्यालय से सहायक अध्यापिका श्रीमति स्मिता राठौर, सहायक अध्यापिका कु0 प्रियंका, सहायक अध्यापिका कु0 वन्दना व समस्त छात्राएं एवं अन्य उपस्थित रहे।

# होलिका दहन को लेकर तैयारियां जोरों पर, 400 स्थानों पर जलेगी होली

■ होलिका दहन के लिए परम्परागत स्थानों पर झाड़, फन्नूस और लकड़ी के लगे ढेर

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** 13 मार्च को होली पर्व पर जिले में लगभग 400 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। होली पर्व को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है, होलिका दहन की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। युवा लकड़ी, झाड़ फन्नूस एकत्र कर रहे हैं। शहर में भी होलिका दहन को लेकर युवाओं द्वारा लकड़ी व अन्य सामग्री एकत्र करने का लगभग पूरा कर लिया गया है। जिले के गांव गांव में होलिका दहन किए जाने से ग्रामीण इन दिनों लकड़ी के मोटे मोटे डूढे, बांस, बल्ली, कांटेदार झांकर एकत्र करने में जुटे हुए हैं, जिसको लेकर युवाओं में खासी दिलचस्पी दिखाई दे रही है। होलिका दहन के मौके पर जिले में जगह जगह और होलिका दहन स्थलों पर पुलिस की ड्यूटी रहेगी। शहर के हवेली दरवाजा, बड़ी हाट, समदनगर, भटीपुरा, शेखूनगर, शुक्लानापुरा, भीतरकोट, सत्तीपुरा, बंधानवार्ड, माथुरनपुरा, राठ रोड सहित लगभग पचास से अधिक स्थानों पर होलिका दहन की जाती है, जिसके लिए होली समितियों द्वारा होलिका दहन के लिए लकड़ी, बांस बल्ली व झाड़ फन्नूस की व्यवस्था की जा चुकी है। वहीं कुछ जगहों पर युवाओं की टोली की टोली अलग अलग मार्गो पर जाकर होलिका दहन के लिए अभी भी लकड़ी लेकर आ रहे हैं, जिससे होलिका दहन पर किसी भी तरह की असुविधा न हो सके। होली त्योहार को लेकर युवाओं के साथ साथ बच्चों में भी खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। चारो तरफ होली पर्व की तैयारियों में लोग जुटे हुए हैं। रंगों का त्योहार होली पर्व आपसी भाईचारे के साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलकर मनाया जाता है। यह त्योहार बुराईयों को होलिका में दहन करने का है। त्योहार की तैयारियां शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी जोर शोर से चल रही है। होली त्योहार के मद्देनजर लोग घरों की साफ सफाई कराने में जुटे हुए हैं। महिलाएं भी होली त्योहार मनाने के लिए कामकाज में जुट गई हैं। शहर के अलावा पनवाड़ी, भरवारा, श्रीनगर, बेलाताल, अजनर, सारंगपुरा, अलीपुरा, बरीपुरा, रिवई, सुगिरा, कालीपहाड़ी, गंज, उटियां, धरौन सहित तमाम गांवों में होलिका दहन की तैयारियां तेज हो गई है।

# 10 लाभार्थियों को एलपीजी सिलेण्डर की सब्सिडी के चैक दिए

■ कलक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया आयोजन

■ लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम का किया था शुभारंभ, लाइव प्रसारण देखा

■ जिले में 211334 परिवारों मिल रहा है निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना कार्यक्रम के अन्तर्गत उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेंडर वितरण रिफिल की सब्सिडी अन्तरण का शुभारम्भ किया गया। लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ जिले के अधिकारी एवं लाभार्भियों ने देखा।

जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद के10 लाभार्थियों को निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर की राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी के चैक प्रदान किए गए। जिसमें, सोनिया, तबस्सुम, साधना, वंशिका, कामिनी, अनुराधा, बबीता, शबाना, गीता और शबनम को चैक दिए गए।

जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने बताया कि हर घर को धुआं मुक्त ईंधन उपलब्ध कराने के दृष्टिगत प्रधानमंत्री नरेन्द्र द्वारा 01 मई 2016 को बलिया से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना शुरू की गई। योजना के अन्तर्गत देशभर में 10,35,46,386 परिवारों की महिला सदस्यों के नाम उज्ज्वला कनेक्शन अब तक निर्गत किए गए है। जनपद मथुरा में इस समय 2,11,334 परिवारों को उज्ज्वला योजना के कनेक्शन निर्गत किए गए है। होली के अवसर पर जनवरी 2025 से मार्च 2025 के बीच सब्सिडी का ट्रान्सफर जनपद मथुरा में कार्यरत 61 गैस एजेंसियों के माध्यम से किया जाना है, जिस कार्यक्रम का उद्घाटन आज मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिवर्ष दो निःशुल्क गैस सिलेण्डर प्रदान कराए जाने हेतु लाभार्थियों को जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने निर्देश दिये कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों का शीघ्रताशीघ्र जिनके बैंक खाते आधार लिंक होगे तथा जिनके आधार प्रमाणित होगे वही उक्त योजना हेतु पात्र होंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त एल0पी0जी0 वितरक अपने यहाँ उक्त योजना के सम्बन्ध मे फ्लेक्सी बोर्ड लगवाएं तथा लाभार्थियों को उनका आधार प्रमाणन कराए जाने के संबंध में टेलीफोन, हॉकर्स, मोबाइल एस0एम0एस0 प्रेषित कराए। यह कार्यक्रम विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, विधायक मांट राजेश चौधरी, सदस्य विधान परिषद ओमप्रकाश सिंह, सदस्य विधान परिषद योगेश नौहवार, नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) राजेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा, नोडल अधिकारी (एलपीजी) सुमित कसाना तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों ने देखा।

# 213 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के नियुक्ति पत्र मिलते खिले चेहरे

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौ. लक्ष्मीनारायण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने नव चयनित 213 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र पाकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के चेहरे खिल उठे। मंत्री ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने सभी नवनियुक्त कार्यकत्रियों से कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी से करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आप की बच्चों के जीवन में अहम भूमिका निभाते हो। आपके द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में जो शिक्षा प्रदान की जाती है, वह बहुत महत्पूर्ण होती है। बच्चों के जीवन में बाल समय में अधिक सीखने की जिज्ञासा रहती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने अवगत कराया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी ब्लॉक स्तर पर जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। जनपद में 308 पदों पर चयन हेतु मार्च 2024 में विज्ञप्ति निकाली गई थी। फरवरी में 213 पदों पर चयन पूर्ण किया गया है। शेष पदों पर पात्र अभ्यर्थी नहीं मिलने /आवेदन पत्र प्राप्त न होने एवं अन्य कारणों से चयन नहीं हो सका है।

रिक्त पदों पर चयन के लिए पुनः विज्ञप्ति निकाली जाएगी। इस अवसर पर विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, विधायक मांट राजेश चौधरी, सदस्य विधान परिषद ओमप्रकाश सिंह, सदस्य विधान परिषद योगेश नौहवार, नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) राजेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा, सभी परियोजनाओं के सीडीपीओ उपस्थित थे।

## कोर्ट के चक्कर लगाते नजर आए अनुपम खेर

विक्रम भट्ट की आगामी फिल्म 'तुमको मेरी कसम' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस फिल्म में अनुपम खेर, अदा शर्मा, ईशा देओल और इश्वाक सिंह जैसे सितारे मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। वैसे तो विक्रम भट्ट हॉरर फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इस बार वह एक इंटेंस कोर्ट रूम ड्रामा लेकर हाजिर हुए हैं। 2 मिनट 51 सेकंड के ट्रेलर में अनुपम खेर अहम भूमिका में नजर आए हैं। उनके ऊपर हत्या का आरोप लगा है और वह खुद को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, अदा शर्मा अपने पति के सपने पूरे करने में लगी हुई हैं। ट्रेलर में ईशा देओल को वकील के किरदार में देखा जा सकता है। फिल्म की कहानी आईवीएफ सेंटर के इर्द-गिर्द घूमती नजर आती है। अनुपम खेर के मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म 21 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फैंस को फिल्म का ट्रेलर काफी पसंद आ रहा है। वह ट्रेलर की काफी तारीफ कर रहे हैं। इस फिल्म में अनुपम खेर, अदा शर्मा के अलावा इश्वाक सिंह, ईशा देओल, मेहरजान मज्दा और सुशांत सिंह भी नजर आएंगे। अनुपम खेर के किरदार के आस-पास कहानी को बुना गया है।

# इंडस्ट्री में एक और शादी टूट रही है

### शोएब से तलाक की अफवाहों के बीच दीपिका ने दिया रिएक्शन, सात साल पहले हुई थी शादी

हाल ही में टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ और उनके पति शोएब इब्राहिम ने तलाक की अटकलों पर प्रतिक्रिया दी हैं। ये दोनों सात साल से शादीशुदा हैं। टेलीविजन अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ और उनके पति शोएब इब्राहिम को लेकर कुछ रिपोर्ट्स में तलाक की अफवाहें उड़ रही हैं। दोनों ने अपने यूट्यूब चैनल पर इसबात को लेकर चर्चा की है। वीडियो में इन अफवाहों का मजाक बनाते हुए शोएब ने दीपिका से कहा, 'तुमने मुझे बताया नहीं कि इंडस्ट्री में एक और शादी टूट रही है, वो भी हमारी'। इसके जवाब में दीपिका कहती हैं कि मैं तुम्हें क्यों बताऊं, मैं यह सब चुपके में करूंगी। अपने ब्लॉग में शोएब इब्राहिम परिवार से कहते हैं कि एक बड़ी खबर है, इसके साथ ही वह तलाक की अफवाहों वाली रिपोर्ट दिखाते हैं। यह देखकर परिवार वाले हंसने लगते हैं। टीवी एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ ने शोएब इब्राहिम के साथ साल 2018 में शादी के बंधन में बंध गई थी। साल 2023 में कपल को एक लड़का हुआ, जिसका नाम है रुहान। अपने निजी जीवन से संबंधित ये दोनों व्यूट्यूब पर व्लॉग बनाते हैं, जिसे दर्शक काफी प्यार देते हैं। अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ के काम की बात करें तो यह हाल में मास्टरशेफ शो में नजर



आई थीं। कुछ स्वास्थ्य संबंधी कारणों की वजह से इन्होंने शो बीच में छोड़ दिया था। हालांकि, आपको बताते चलें कि दीपिका ने 'ससुराल सिमर का' टीवी सीरियल से काफी नाम कमाया है। हाल ही में टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ और उनके पति शोएब इब्राहिम ने तलाक की अटकलों पर प्रतिक्रिया दी हैं। ये दोनों सात साल से शादीशुदा हैं। टेलीविजन अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ और उनके पति शोएब इब्राहिम को लेकर कुछ रिपोर्ट्स में तलाक की अफवाहें उड़ रही हैं। दोनों ने अपने यूट्यूब चैनल पर इसबात को लेकर चर्चा की है। वीडियो में इन अफवाहों का मजाक बनाते हुए शोएब ने दीपिका से कहा, 'तुमने मुझे बताया नहीं कि इंडस्ट्री में एक और शादी टूट रही है, वो भी हमारी'। इसके जवाब में दीपिका कहती हैं कि मैं तुम्हें क्यों बताऊं, मैं यह सब चुपके में करूंगी। अपने ब्लॉग में शोएब इब्राहिम परिवार से कहते हैं कि एक बड़ी खबर है, इसके साथ ही वह तलाक की अफवाहों वाली रिपोर्ट दिखाते हैं। यह देखकर परिवार वाले हंसने लगते हैं।

# बॉलीवुड की पहली एक्ट्रेस जिसने गार्डेन की तरह पहनी ड्रेस

उर्वशी रौतेला इन दिनों ट्रोलर्स का निशाना बनी हुई हैं। अपने बयानों के लिए मशहूर अभिनेत्री ने हाल ही में पेरिस के एक कार्यक्रम में शिरकत की। अभिनेत्री ने रेड कार्पेट से एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया। उन्होंने फ्रेंच में पोस्ट को कैप्शन दिया, ÷पेरिस, हमेशा एक अच्छा विचार। अभिनेत्री ने कार्यक्रम के दौरान 3डी फ्लोरल डिजाइन वाली ड्रेस पहन रखी थी। अब उन्हें इसके लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। उनके इस वीडियो पर नेटिजन्स ने मजेदार कमेंट्स किए हैं। अभिनेत्री द्वारा शेयर किए गए वीडियो पर एक यूजर ने लिखा, ÷इसे पहनने वाली पहली अभिनेत्री।÷ एक अन्य इंस्टाग्राम यूजर ने टिप्पणी की, ÷पहली बॉलीवुड अभिनेत्री जिसकी ड्रेस गार्डेन की तरह दिखती हैं।÷ एक नेटिजन्स ने उनकी तुलना शालिनी पासी से की और लिखा, ÷वह शालिनी पासी की तरह दिखती हैं। पिछले कुछ महीनों से अभिनेत्री उर्वशी रौतेला कई वजहों से सोशल मीडिया पर ट्रोल होती रही हैं। यह सिलसिला उनकी फिल्म 'डाकू महाराज' के डांस स्टेप से शुरू हुआ और जब जनवरी में उन्होंने एक इंटरव्यू में सैफ अली खान पर हुए हमले के बारे में पूछा गया तो एक्ट्रेस ने एक लाइन में ही सवाल का जवाब दे दिया और फिर अपनी फिल्म डाकू महाराज के 105 करोड़ रुपये कमाने और अपने माता-पिता द्वारा उन्हें महंगी चीजें गिफ्ट करने के बारे में बात करना शुरू कर दिया। इसके बाद ट्रोलर्स ने उन्हें जमकर सोशल मीडिया पर ट्रोल किया। कुछ दिन पहले उर्वशी भारत और पाकिस्तान का मैच





मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने नेट एंब्रॉयडरी साड़ी पहनकर दिया विंटेज लुक

## आगे खिसकेगी धनुष की इडली कढ़ाई अब 20 जून को रिलीज होगी अभिनेता के निर्देशन में बनी फिल्म

साउथ सुपरस्टार धनुष इन दिनों अपने व्यस्त प्रोफेशनल शेड्यूल के कारण चर्चा में हैं। अभिनेता के पास न केवल कई प्रोजेक्ट हैं, बल्कि वह अपने निर्देशन पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। सुपरस्टार ने हाल ही में अपनी निर्देशित फिल्म नीक के साथ एक धमाकेदार हिट फिल्म दी है। अब, उनकी अगली निर्देशित फिल्म इडली कढ़ाई के बारे में कुछ नई जानकारी सामने आई है। इडली कढ़ाई में धनुष अभिनय भी कर रहे हैं। फिल्म में वह अभिनेत्री नित्या मेनन के साथ नजर आएंगे। वहीं, अब इस फिल्म को लेकर खबरें हैं कि इसकी रिलीज की तारीखों में बदलाव होने की संभावना है।

इडली कढ़ाई को पहले 10 अप्रैल, 2025 को रिलीज किया जाना था। हालांकि, अब चर्चा है कि फिल्म को स्थगित किया जा सकता है और अगस्त और सितंबर 2025 के बीच कभी भी बड़े पर्दे पर आने की संभावना है। रिपोर्ट्स के अनुसार, देरी की वजह धनुष निर्देशित फिल्म के कुछ हिस्से अभी भी अधूरे रह जाना हो सकता है। यह प्रोजेक्ट फिलहाल



रुका हुआ है, क्योंकि अभिनेता आनंद एल राय द्वारा निर्देशित अपनी हिंदी फिल्म %तेरे इश्क में% की शूटिंग में व्यस्त हैं। हालांकि, इस मामले में निर्माताओं की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। वहीं, अभिनेता को लेकर और भी कई चर्चाएं हो रही हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, धनुष ने एक और प्रोजेक्ट निर्देशन के लिए साइन किया है। इस बार उनके साथ कोई और नहीं, बल्कि तमिल सुपरस्टार अजित कुमार होंगे। यहां तक कि फिल्म में अनिरुद्ध रविचंदर को संगीतकार के रूप में शामिल किए जाने की चर्चा है। हालांकि, इन खबरों पर भी आधिकारिक मुहर लगनी बाकी है। वहीं, बात करें धनुष के वर्कफ्रंट की तो अभिनेता के पास शेखर कम्मुला की कुबेर भी है । निर्माताओं ने हाल ही में घोषणा की कि मल्टी-स्टारर यह फिल्म 20 जून, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी।

## सरदार 2 के सेट पर घायल हुए साउथ अभिनेता कार्ति, रोकी गई फिल्म की शूटिंग

साउथ अभिनेता कार्ति को अपनी आगामी फिल्म %सरदार 2% के सेट पर घायल हो गई है। अभिनेता के पैर में चोट लग गई है। %सरदार 2% की टीम मैसूर में कुछ महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग कर रही थी, तभी यह दुर्घटना हुई। कार्ति को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी चोटों की जांच की। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें एक सप्ताह तक आराम करने की सलाह दी गई है। डॉक्टर की सलाह के बाद %सरदार 2% के निर्माताओं ने शूटिंग बंद करने का फैसला किया और चेन्नई लौट आए। कार्ति के चोट से उबरने के बाद शूटिंग फिर से शुरू होगी। बताया जा रहा है कि फिल्म का 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। कार्ति और निर्माताओं की मंजूरी मिलने के बाद टीम जल्द ही काम पर लौट आएगी। हाल ही में सरदार 2 की टीम ने चेन्नई के एक फिल्म स्टूडियो में भव्य सेट पर फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग की। मौजूदा शेड्यूल में कार्ति और एसजे सूर्या ने हिस्सा लिया। आवेश के स्टंट को-ऑर्डिनेटर चेतन रामशी डिसूजा ने एक हाई-ऑक्टेन स्टंट सीक्वेंस को कोरियोग्राफ किया, जिसमें कार्ति और एसजे सूर्या नजर आएंगे। पीएस मिथ्रन द्वारा निर्देशित %सरदार 2% में कार्ति दोहरी भूमिकाएं निभाएंगे। कथित तौर पर फिल्म कहानी दो अलग-अलग समय में आधारित होगी। फिल्म 2024 के मध्य में फ्लोर पर आई थी और उम्मीद है कि कुछ हफ्तों में इसकी शूटिंग



पूरी हो जाएगी। कार्ति और राजिशा विजयन अपनी भूमिकाओं को दोहराएंगे। सीक्वल में एसजे सूर्या, मालविका मोहनन और आशिका रंगनाथ भी अहम भूमिकाओं में होंगे। प्रिंस पिक्चर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत युवान शंकर राजा ने दिया है। सिनेमैटोग्राफर जॉर्ज सी विलियम्स, एडिटर विजय वेलुकुट्टी और स्टंट कोरियोग्राफर दिलीप सुब्बारायन तकनीकी दल का हिस्सा हैं।

# सोनू के इंगेजमेंट से नाराज नेटिजन्स

टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के मौजूदा ट्रैक से दर्शक खुश नहीं हैं। इसमें भिड़े की बेटी सोनू (सोनालिका) की मर्जी के खिलाफ सगाई की जा रही है। हाल ही में आए एपिसोड के बाद, कुछ दर्शकों ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। वह टप्पू (नीतीश भलूनी) और सोनू (खुशी माली) के अलग होने की कहानी से निराश हैं। आगामी एपिसोड में गोकुलधाम सोसाइटी के लोग तब चौंक जाएंगे, जब पिंकू, गोली और गोगी क्लब हाउस में टप्पू को बताएंगे कि सोनू ने अभिनव से सगाई कर ली है। यह वही लड़का है जो हाल ही में शादी की बात करने आया था। यह सुनकर टप्पू हैरान रह जाएगा, और टप्पू सेना भी चिंता में पड़ जाएगी। उन्हें डर है कि जल्दी कुछ नहीं किया गया, तो सोनू की शादी हो सकती है और वह गोकुलधाम को हमेशा के लिए छोड़ सकती है। जब कुछ करने का इरादा करके टप्पू क्लब हाउस से बाहर निकलता है और देखता है कि सोनू अभिनव के साथ कार में जा रही है, लेकिन जैसे ही कार चलने लगती है, सोनू टप्पू को इशारा करती है कि वह यह शादी नहीं करना चाहती है। यह देखते ही टप्पू बिना समय गंवाए कार के पीछे भागता हुआ दिखाई देता है। नेटिजन्स ने प्रोमो देखने के बाद इसे क्रिंज और निराशाजनक ट्रैक कहा। निर्माताओं द्वारा प्रोमो को साझा किए जाने के



बाद, एक यूजर ने सोशल मीडिया पर लिखा, ÷बिना मतलब का ड्रामा... बेकार।÷ एक अन्य ने लिखा, ÷यह शो इतना क्रिंग भी हो गया है क्या?÷ एक और ने कमेंट कर लिखा, ÷यह शो अभी भी चल रहा है?÷ एक और यूजर ने लिखा, ÷सास बहू सीरियल जैसा लगता है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जुलाई 2008 से प्रसारित हो रहा है। इसका निर्माण नीला असित मोदी और असित कुमार मोदी ने किया है। इस धारावाहिक की कहानी मुंबई के एक गोकुलधाम सोसाइटी की है, जहां अलग अलग जगह, संस्कृति और परंपराओं के लोग एक दूसरे के साथ खुशी से रहते हैं।

## शोले की 50वीं सालगिरह का जश्न मनाएगा आईफा

इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आईफा) के 25वें एडिशन में रमेश सिप्पी की मशहूर फिल्म शोले की स्पेशल स्क्रीनिंग की जाएगी। इस समारोह के साथ सिनेमा प्रेमियों की पुरानी यादें ताजा हो जाएंगी। आईफा के आयोजकों ने फिल्म के 50 साल पूरे होने पर जयपुर के मशहूर राज मंदिर सिनेमा में फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग आयोजित करने का फैसला किया है। आईफा के सह-संस्थापक आंद्रे टिमिन्स ने इस अवसर पर उत्साह जताते हुए कहा, ÷आईफा 2025 सिर्फ एक उत्सव नहीं है। यह समय के साथ एक सफर है, जयपुर के मशहूर राज मंदिर में 'शोले' के 50 साल पूरे होने का सम्मान कर रहे हैं। हम आईफा की सिल्वर जुबली भी मना रहे हैं। इसने यादों और सिनेमा के जादू का जश्न मनाते हुए पीढ़ियों से दिलों को छुआ है। उन्होंने आगे कहा, शोले एक फिल्म से कहीं ज्यादा है।

## जूनियर एनटीआर-ऋतिक रोशन 'वॉर 2' के सेट पर तहलका मचाने को तैयार

एक्शन और ड्रामा फिल्मों के शौकीनों को 'वॉर 2' फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म से संबंधित एक-एक जानकारी को लेकर लोग उत्सुक हैं। अब इससे जुड़ा एक अपडेट आया है कि आज इस फिल्म की डांस शूटिंग शुरू होने वाली, जिसमें ऋतिक और तारक के साथ एक डांस सीक्वेंस फिल्माया जाएगा। हाल ही में 123 तेलुगु की रिपोर्ट के मुताबिक आज मुंबई के यशराज स्टूडियो में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ 'वॉर 2' फिल्म का डांस सीक्वेंस शूट किया जाएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार इस डांस सीक्वेंस में 500 से ज्यादा डांसर शामिल होने वाले हैं। साथ ही कहा गया कि इस गाने को छह दिनों में शूट किया जाएगा, जो कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस के दिशा निर्देशों द्वारा फिल्माया जाएगा। जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन के अलावा फिल्म में महेश बाबू की भी अहम भूमिका होगी, लेकिन उस तरह से नहीं जैसा आप सोच रहे हैं।

# इंडियाज गॉट लैटेंट विवाद से टूट गए हैं समय रैना



इंडियाज गॉट लैटेंट विवाद के बीच यूट्यूबर श्वेताभ गंगवार ने खुलासा किया कि उन्होंने हाल ही में अपने दोस्त और कॉमेडियन समय रैना से बात की और उन्हें यह महसूस हुआ कि वह टूटे हुए और उदास हैं। उन्होंने यह भी बताया कि रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्व मुखीजा और आशीष चंचलानी मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। अपने हालिया वीडियो में श्वेताभ ने खुलासा किया कि उन्होंने समय से फोन पर बात की और वे बेहद उदास लग रहे थे। उन्होंने कहा, %भाई साहब, टूटा हुआ है वो इंसान। जब विवाद शुरू हुआ था, तब भी मैं उनमें पुराना समय देख सकता था, लेकिन जब मैंने उनसे आखिरी बार बात की तो मैंने उन्हें टूटा हुआ आदमी देखा... उदास, दुखी, डरा हुआ। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया से भी ब्रेक ले लिया है, क्योंकि उन्हें लगा कि वे अपने दोस्त के किसी काम नहीं आ सकते। श्वेताभ ने कहा, मैं भावनात्मक रूप से बहुत थक गया था, मैं अपने दोस्त को ऐसे नहीं देख सकता था। इंडियाज गॉट लैटेंट विवाद के बाद से समय अपने लाइव शो के लिए कनाडा में हैं। उन्होंने भारत लौटने और अपना आधिकारिक बयान दर्ज कराने के लिए अधिकारियों से 17 मार्च तक का समय मांगा है। इस बीच, उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल से इंडियाज गॉट लैटेंट के सभी एपिसोड हटा दिए हैं। उन्होंने बयान साझा करते हुए कहा था, जो कुछ भी हो रहा है, वह मेरे लिए बहुत ज्यादा है। मैंने अपने चैनल से इंडियाज गॉट लैटेंट के सभी वीडियो हटा दिए हैं। मेरा एकमात्र उद्देश्य लोगों को हंसाना और उन्हें अच्छा समय देना था।

# 'मैं अपना जीवन बर्बाद कर रही हूं', 'इमली' फेम एक्ट्रेस ने वजन बढ़ने की टिप्पणी पर दिया जवाब

टेलीविजन धारावाहिक इमली से घर-घर में पहचान बनाने वाली अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें वह अपने वजन बढ़ने और लुक्स को लेकर हो रही टिप्पणी पर जवाब देती दिखाई दे रही हैं।

टीवी अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर ने हाल ही में अपने लुक्स और वजन को लेकर हो रही टिप्पणी पर जवाब देते हुए एक इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की है। इस स्टोरी में एक्ट्रेस ने लिखा कि उन्होंने अपने वजन और लुक्स को लेकर कुछ विक्टोरिया सीक्रेट मॉडल के कमेंट्स और ट्वीट पढ़े। इसे लेकर एक्ट्रेस ने कहा कि वह पहले कभी इतनी परेशान नहीं हुई, कृपा करके यह सब कहना बंद कर दें और जीनें दें। आगे अभिनेत्री ने लिखा, 'अगर तुम्हें लगता है कि मैं अपनी जिंदगी बर्बाद कर रही हूं तो मुझे करने दो, क्योंकि मुझे पता है कि मैं क्या कर रही हूं, मैं अब थक चुकी हूं।' इस पोस्ट में सुम्बुल तौकीर ने अपने वजन बढ़ने के बारे में भी बताया। उन्होंने लिखा कि अचानक



वजन बढ़ने का कारण हैं उनकी दवाइयां जो उनके न्यूरोलॉजिस्ट और साइकेट्रिस्ट ने दी थी। वो दवाइयां उन्हें सूट नहीं की, इस वजह से उनका वजन बढ़ गया है। साथ ही वह लिखती हैं कि अब चुप हो जाओ। अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर की बात करें तो उन्होंने इमली सीरियल के अलावा बालवीर, गंगा, वारिस जैसे टीवी सीरियल्स में दिख चुकी हैं। एक्ट्रेस बिग बॉस 16 में भी दिख चुकी हैं। आखिरी बार उन्होंने जादू तेरी नजर में कैमियो किया था।

अवधनामा

लखनऊ, गुरुवार 13 मार्च, 2025



# ममता ने की मुस्लिम विधायकों पर शुभेंदु की टिप्पणी की निंदा

**बयान**

**पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के टीएमसी के मुसलमान विधायक वाले बयान पर पलटवार किया।**



**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के टीएमसी के मुसलमान विधायक वाले बयान पर पलटवार किया है। साथ ही सीएम ममता ने भाजपा पर राज्य में नकली हिंदू धर्म का प्रचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नागरिकों के अधिकारों को कमजोर कर रही है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के टीएमसी के मुसलमान विधायक वाले बयान पर पलटवार किया। साथ ही सीएम ममता ने भाजपा पर राज्य में नकली हिंदू धर्म का प्रचार करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नागरिकों के अधिकारों को कमजोर कर रही है।

बता दें कि बंगाल में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को अपने बयान में कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के मुस्लिम विधायकों को पश्चिम बंगाल विधानसभा से बाहर कर देगी। अधिकारी के इस बयान के बाद राजनीतिक सियासत तेज हो गई। साथ ही आरोप-प्रत्यारोप भी बढ़ गए।अधिकारी के बयान पर पलटवार करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि आपका आयातित हिंदू धर्म वेदों या हमारे ऋषियों द्वारा समर्थित नहीं है। आप मुसलमानों के अधिकारों को कैसे नकार सकते हैं? यह धोखाधड़ी के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा असली हिंदू धर्म को नकारते हुए अपनी विचारधारा को बढ़ावा दे रही है। अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ भाजपा के व्यवहार पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मुझे हिंदू धर्म की रक्षा करने का अधिकार है, लेकिन आपके संस्करण की नहीं। कृपया हिंदू कार्ड न खेलें। साथ ही बनर्जी ने कहा कि अगर आप हमारे नेताओं के बयान पर टिप्पणी कर सकते हैं, तो हमें भी अपनी मान्यताओं का बचाव करने का अधिकार है। उन्होंने भाजपा द्वारा उनकी पार्टी के नेताओं की आलोचना किए जाने की निंदा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि टीएमसी ने अपने कुछ नेताओं, जैसे फिरहाद हकीम, हुमायूं कबीर और मदन मित्रा को अनुचित टिप्पणियां करने से बचने की सलाह दी है।

अपने बयान में सीएम ममता ने एकता और धर्मनिरपेक्षता का महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम एक धर्मनिरपेक्ष, बहुलवादी राष्ट्र हैं। हर किसी को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। बहुसंख्यकों का कर्तव्य अल्पसंख्यकों की रक्षा करना है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा पर विधानसभा में व्यवधान उत्पन्न करने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा के सदस्य सदन से वॉकआउट कर गए और कागज फाड़े। उन्होंने सभी सदस्यों से सदन की गरिमा बनाए रखने और एक-दूसरे की बात सुनने का आग्रह किया।

अंत में सीएम ममता ने पश्चिम बंगाल के जनसांख्यिकीय विविधता का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बंगाल में 23 प्रतिशत अनुसूचित जाति और जनजाति समुदाय की आबादी है, जबकि 33 प्रतिशत मुस्लिम हैं। उन्होंने कहा कि सभी समुदायों की रक्षा करना जरूरी है क्योंकि मानवीय मूल्य धार्मिक सीमाओं से परे होते हैं।

## भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, 40 घायल; व्यापारी के घर में घुसे चोर पकड़े गए

**विशाखापत्तनम।** यह हादसा दो बसों के आपस में टकराने से हुआ। मंत्री ने जांच के भी आदेश दिए हैं ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों से बचा जा सके। आंध्र प्रदेश के अन्नामया जिले में हुए एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और 40 घायल हुए हैं। घायलों में से पांच की हालत गंभीर है। आंध्र प्रदेश के परिवहन मंत्री रामप्रसाद रेड्डी ने मौतों पर संवेदना प्रकट की है और घायलों के तुरंत इलाज के लिए निर्देश दिए हैं। यह हादसा दो बसों के आपस में टकराने से हुआ। मंत्री ने जांच के भी आदेश दिए हैं ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों से बचा जा सके। आंध्र प्रदेश के चित्तूर में एक चर्चि व्यवसायी के घर में चोरी के इरादे से घुसे चोर पकड़े गए हैं। दरअसल हथियारबंद बदमाश चित्तूर में बच्चों के सामान के प्रमुख प्रतिष्ठान पुष्पा किट वर्ल्ड शॉपिंग के मालिक के घर में घुसे।

# औरंगजेब पर टिप्पणी को लेकर दर्ज मामले में अबू आजमी की पेशी

**रवाना**

**पुलिस स्टेशन रवाना होने से पहले उन्होंने कहा था, मैं मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन जा रहा हूं।**



**मुंबई।** पुलिस के सामने पेश होने के बाद अबू असीम आजमी ने कहा, ...मुझे बयान दर्ज करने की कोई जरूरत नहीं है, कोई मामला नहीं है। मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। मैंने अग्रिम जमानत ली थी। मुझे जमानत मिल गई है और मुझे 3 दिनों के लिए आकर हस्ताक्षर करने होंगे। मैं डरा हुआ हूं, मैंने कुछ नहीं किया, फिर भी मामला दर्ज कर लिया गया। मुझे आतंकवादी तक कहा गया, मुझे पूरे सत्र से निलंबित कर दिया गया। समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी औरंगजेब पर अपनी टिप्पणी को लेकर अपने खिलाफ दर्ज मामले में पुलिस के सामने पेश हुए। मामले में अबू मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन पहुंचे। पुलिस स्टेशन रवाना होने से पहले उन्होंने कहा था, मैं मरीन ड्राइव पुलिस स्टेशन जा रहा हूं। अदालत ने मुझे पुलिस स्टेशन जाकर तीन दिनों तक हस्ताक्षर करने के लिए कहा है। पुलिस के सामने पेश होने के बाद अबू असीम आजमी ने कहा, ...बयान दर्ज करने की कोई जरूरत नहीं है, कोई मामला नहीं है। मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। मैंने अग्रिम जमानत ली थी। मुझे जमानत मिल गई है और मुझे 3 दिनों के लिए आकर हस्ताक्षर करने होंगे। मैं डरा हुआ हूं, मैंने कुछ नहीं किया, फिर भी मामला दर्ज कर लिया गया। मुझे आतंकवादी तक कहा गया, मुझे पूरे सत्र से निलंबित कर दिया गया। इससे पहले मुंबई की एक अदालत ने मंगलवार को अबू को मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने संबंधी टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ दर्ज एक मामले में अग्रिम जमानत दे दी। आजमी ने अर्जी में कहा कि उनकी टिप्पणी किसी व्यक्ति विशेष का अपमान करने या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए नहीं की गई थी, जिसके बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीजी रघुवंशी ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली। महाराष्ट्र विधानसभा से 26 मार्च तक निलंबित आजमी को राहत देते हुए अदालत ने कुछ शर्तें लगाईं और उन्हें 20,000 रुपये का जमानत मुचलका भरने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आजमी को दक्षिण मुंबई के मरीन ड्राइव पुलिस थाने में तीन दिन 12, 13, 15 मार्च के लिए आने और जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया।

## उत्तर प्रदेश में पकड़े गए भाजपा विधायक के करीबी सतीश भोसले



**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने बुधवार को खोक्या नाम से मसहूर सतीश भोसले को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया। भोसले के खिलाफ बीड जिले में हत्या के प्रयास के दो मामले और नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज है। महाराष्ट्र पुलिस ने बुधवार को भाजपा कार्यकर्ता और बीड विधायक सुरेश धास के करीबी सहयोगी सतीश भोसले को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार किया। खोक्या नाम से मसहूर भोसले पर हत्या के प्रयास और अन्य गंभीर मामलों का आरोप है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भोसले के खिलाफ बीड जिले में हत्या के प्रयास के दो मामले और नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज है। इसके अलावा, वह वन अधिनियम के तहत भी आरोपी हैं। भोसले भाजपा की खानाबदोश जनजाति शाखा भटके विमुक्त अघाड़ी का पदाधिकारी है और शिरुर कासर तहसील के जापेडवाड़ी का निवासी है। उसे धास का करीबी सहयोगी माना जाता है।

# घुसपैठ पर पांच साल की सजा और पांच लाख जुर्माने का प्रावधान

**नई दिल्ली।** लोकसभा में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि विदेशियों से जुड़े मामलों को विनियमित करने के लिए केंद्र सरकार को वीजा व पंजीकरण की जरूरत सरीखी शक्तियां देना जरूरी है। राय ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा-संप्रभुता के लिए यह जरूरी कानून है। देश में प्रवेश के लिए चार मौजूदा कानूनों में से दो ब्रिटिश काल के हैं। इनमें कई अहम बातें आदेश के रूप में हैं।

घुसपैठ और फर्जी दस्तावेज के सहारे नागरिकता हासिल करना अब आसान नहीं होगा। सरकार ने विदेशी नागरिकों के प्रवेश और निवास को कड़े नियमों के दायरे में बांधने वाला आव्रजन और विदेशियों विषयक विधेयक मंगलवार को लोकसभा में पेश किया। विधेयक में घुसपैठ के मामले में पांच साल की सजा और पांच लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा, इसमें विदेशियों के प्रवेश या निष्कासन पर आव्रजन अधिकारियों का निर्णय ही अंतिम माना जाएगा। विधेयक के कानूनी जामा पहनने के बाद इससे जुड़े चार पुराने कानून फॉरनर्स एक्ट 1946, पासपोर्ट एक्ट 1920,



रजिस्ट्रेशन ऑफ फॉरनर्स एक्ट 1939 और इमिग्रेशन एक्ट 2000 निरस्त हो जाएंगे। लोकसभा में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि विदेशियों से जुड़े मामलों को विनियमित करने के लिए केंद्र सरकार को वीजा व पंजीकरण की जरूरत सरीखी शक्तियां देना जरूरी है। राय ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा-संप्रभुता के लिए यह जरूरी कानून है। देश में प्रवेश के लिए चार मौजूदा कानूनों में से दो ब्रिटिश काल के हैं। इनमें कई अहम बातें आदेश के रूप में हैं। वहीं, कई बातें अस्पष्ट हैं। सरकार इन्हें स्पष्ट करने के साथ कानूनी रूप दे रही है। आव्रजन और विदेशी विधेयक, 2025 लाने के लिए संसद के पास विधायी क्षमता का अभाव होने की बात को सिरे से खारिज करते हुए राय ने कहा, सरकार के पास इस विषय पर कानून लाने के लिए संघ सूची के तहत सभी अधिकार हैं। पर्यटन पर इसके प्रभाव के आरोप पर राय ने कहा, पर्यटकों का भारत में स्वागत है, पर यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है कि देश में शांति और संप्रभुता बरकरार रहे।

घुसपैठ पर पहले साधारण सजा और 50 हजार रुपये जुर्माने का प्रावधान था। इस विधेयक में इसके लिए पांच साल की जेल और पांच लाख के जुर्माने का प्रावधान है। फर्जी पासपोर्ट या दस्तावेज के जरिये भारत में प्रवेश करने पर यह सजा पांच साल से बढ़ाकर सात साल कर दी गई है। जुर्माने की रकम एक लाख से दस लाख रुपये तक हो सकती है। विधेयक में आव्रजन विभाग को पहले के मुकाबले अधिक शक्तियां दी गई हैं। विपक्ष ने विधेयक को मौलिक अधिकारों का हनन करने वाला और असांविधानिक बताया। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने कहा, यह संविधान के कई प्रावधानों और कानूनों का उल्लंघन करता है।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को एम्स से दी गई छुट्टी, नौ मार्च को कराया गया था भर्ती

**नई दिल्ली।** एम्स-दिल्ली ने कहा, चिकित्सा टीम से आवश्यक देखभाल मिलने के बाद, उनकी हालत में संतोषजनक सुधार हुआ और 12 मार्च को उन्हें छुट्टी दे दी गई। उन्हें अगले कुछ दिन तक पर्याप्त आराम करने की सलाह दी गई है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को बुधवार को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल ने एक बयान में बताया कि धनखड़ के स्वास्थ्य में संतोषजनक सुधार हुआ है। उन्हें हृदय संबंधी बीमारियों के कारण नौ मार्च को एम्स में भर्ती कराया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का हालचाल जाना था। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, एम्स जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

एम्स-दिल्ली ने कहा, चिकित्सा टीम से आवश्यक देखभाल मिलने के बाद, उनकी हालत में संतोषजनक सुधार हुआ और 12 मार्च को उन्हें छुट्टी दे दी गई। उन्हें अगले कुछ दिन तक पर्याप्त आराम करने की सलाह दी गई है।

राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने एक्स पर एक पोस्ट में एम्स की मेडिकल टीम को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 9 मार्च को भर्ती होने से लेकर 12 मार्च को छुट्टी मिलने तक एम्स (नई दिल्ली) की मेडिकल टीम की देखभाल और पेशेवर रवैये की मैं तहे दिल से सराहना करता हूं। उनके समर्पण और सावधानीपूर्वक ध्यान ने मेरे सुचारू रूप से ठीक होने को सुनिश्चित किया।उपराष्ट्रपति ने कहा, भारत और उसके बाहर शुभचिंतकों की चिंता और शुभकामनाओं के लिए आभारी हूं। आपके विचार वास्तव में उत्साहवर्धक रहे हैं।

## भारत और मॉरीशस के बीच हुए आठ समझौते; व्यापार, समुद्री सुरक्षा में सहयोग बढ़ाना मकसद



**पोर्ट लुईस।** पीएम मोदी के मॉरीशस दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच आठ अहम समझौते किए गए हैं। जिसका मकसद व्यापार, समुद्री सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है। इस दौरान महासागर नाम की नई नीति की भी घोषणा की गई है।

भारत और मॉरीशस ने अपने संबंधों को उन्नत रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देते हुए 8 महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों का उद्देश्य व्यापार, समुद्री सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान भारतीय नौसेना का एक युद्धपोत और वायुसेना की आकाश गंगा स्काईडाइविंग टीम ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

पीएम मोदी ने वैश्विक दक्षिण के विकास के लिए महासागर ( म्यूचुअल एंड हॉलिस्टिक एडवांसमेंट फॉर सिक्योरिटी एंड ग्रोथ अक्रॉस रीजन्स) नाम की नई नीति की घोषणा की। यह नीति 2015 में शुरू की गई सागर (सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन) नीति का विस्तार है। उन्होंने कहा कि भारत और मॉरीशस दोनों के लिए भारतीय महासागर को मुक्त, सुरक्षित और स्थिर रखना प्राथमिकता है। भारत मॉरीशस के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की सुरक्षा में पूरा सहयोग देगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान कई नई विकास परियोजनाओं की भी घोषणा की। जिसमें 100 किलोमीटर लंबी जल पाइपलाइन का आधुनिकीकरण, 500 मिलियन मॉरीशस रुपये की सामुदायिक विकास परियोजनाएं और मॉरीशस की नई संसद का निर्माण, जिसे भारत मॉरीशस को लोकतंत्र की जननी की ओर से उपहार के रूप में देगा। भारत और मॉरीशस के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए अहम घोषणाएं की गई है। जिसमें मॉरीशस के लोगों के लिए भारत में चारधाम यात्रा और रामायण ट्रेल की सुविधाएं दी जाएंगी। यूपीआई और रुपे कार्ड का विस्तार किया जाएगा जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। अटल बिहारी वाजपेयी लोक सेवा एवं नवाचार संस्थान का उद्घाटन किया गया।

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस इसी महीने कर सकते हैं भारत का दौरा

**वॉशिंगटन।** पिछले महीने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने एक आक्रामक भाषण दिया था, जिसमें उन्होंने यूरोपीय सरकारों पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने, चुनावों में धांधली करने और अवैध आव्रजन को ठीक से संभालने में विफल रहने का आरोप लगाया था। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और उनकी पत्नी (सेकंड लेडी) उषा वेंस इस महीने के अंत में भारत आ सकते हैं। एक रिपोर्ट का दावा किया गया है। फरवरी में फ्रांस और जर्मनी की अपनी पहली यात्रा के बाद यह उपराष्ट्रपति के रूप में वेंस की दूसरी अंतरराष्ट्रीय यात्रा होगी। पिछले महीने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने एक आक्रामक भाषण दिया था, जिसमें उन्होंने यूरोपीय सरकारों पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने, चुनावों में धांधली करने और अवैध आव्रजन को ठीक से संभालने में विफल रहने का आरोप लगाया था।

# ट्रेन पर हमले के बाद अब तक क्या हुआ

## कितने बलोच लड़ाके ढेर

**इस्लामाबाद।** बीते दिन नौ डिब्बों में लगभग 500 यात्रियों को लेकर जाफर एक्सप्रेस क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी, तभी सशस्त्र हमलावरों ने मंगलवार की दोपहर को बोलान क्षेत्र में पीरू कुनरी और गुदलार के पहाड़ी इलाकों के पास एक सुरंग में उसे रोक लिया। 'बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी' (बीएलए) ने बाद में इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को एक सुरंग में बलोच लड़ाकों ने एक यात्री ट्रेन पर हमला कर दिया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों को बंधन बना लिया। इसके बाद चलाए गए बचाव अभियान में अब तक सुरक्षा बलों ने कम से कम 17 हथियाबंद लड़कों को मार गिराया है और 155 यात्रियों को बचा लिया गया है। बचाए गए यात्रियों को एक अन्य ट्रेन से माच शहर भेजा गया है। माच शहर पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के कच्छी जिले में है। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों और लड़ाकों के बीच मुठभेड़ लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी जारी है। बीते दिन नौ डिब्बों में लगभग 500 यात्रियों को लेकर



जाफर एक्सप्रेस क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी, तभी सशस्त्र हमलावरों ने मंगलवार की दोपहर को बोलान क्षेत्र में पीरू कुनरी और गुदलार के पहाड़ी इलाकों के पास एक सुरंग में उसे रोक लिया। 'बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी' (बीएलए) ने बाद में इस हमले की जिम्मेदारी ली है। दरअसल, बोलान क्वेटा और सिबी के बीच 100 किलोमीटर से ज्यादा लंबा पहाड़ी इलाका है। इस इलाके में 17 सुरंग हैं, जिनसे होकर रेलवे पटरी गुजरती है। दुर्गम इलाका होने की वजह से यहां ट्रेन की गति अक्सर धीमी रहती है। दावा यह भी किया जा रहा है कि लड़ाके कुछ यात्रियों को पहाड़ी इलाकों में ले गए हैं। सुरक्षा बल उनका पीछा कर रहे हैं। पिछले वर्ष अक्तूबर में पाकिस्तान रेलवे ने डेढ़ महीने से अधिक समय के निलंबन के बाद क्वेटा और पेशावर के बीच रेल सेवाएं बहाल करने की घोषणा की थी। जिस इलाके में ट्रेन को रोका गया है, वहां के जिला पुलिस अधिकारी राणा मोहम्मद दिलावर ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया है, लेकिन ऐसी खबरें हैं कि लड़ाकों ने कुछ महिलाओं और बच्चों को बंधक बना लिया है। ट्रेन में करीब चार से पांच सरकारी अधिकारी भी सवार थे।

इस बीच बीएलए ने दावा किया कि उसने ट्रेन को पटरी से उतारकर उसे अपने काबू में कर लिया। समूह ने कहा कि उसने छह सुरक्षाकर्मियों की हत्या कर दी है और सुरक्षाकर्मियों सहित 100 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया है। बीएलए ने एक बयान में चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान की सेना कोई अभियान चलाती है, तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। इस समूह पर पाकिस्तान, ब्रिटेन और अमेरिका में प्रतिबंध है। बलूचिस्तान में पिछले एक साल में हमलों में बढ़ोतरी देखी गई है।

## गाजा संघर्ष विराम के अगले चरण के लिए बातचीत शुरू, इस्राइल-हमास मतभेदों के बावजूद उम्मीदें कायम

**दोहा।**15 महीनों के संघर्ष के बाद इस्राइल-हमास के बीच 42 दिनों का संघर्ष विराम आरोप प्रत्यारोप और कुछ बंधको की रिहाई के बाद मार्च के शुरुआत में समाप्त हो गया। इसके बाद जारी गतिरोध के बीच गाजा संघर्ष विराम के दूसरे चरण के लिए वार्ता कतर की राजधानी दोहा में वार्ता शुरू हो गई है। इस बात की पुष्टि हमास के वरिष्ठ अधिकारी ने की।

गाजा संघर्ष विराम को लेकर कतर की राजधानी दोहा में मंगलवार को वार्ता का एक नया दौर शुरू हुआ। हमास के वरिष्ठ अधिकारी अब्दुल रहमान शदीद ने कहा कि उनका आंदोलन इन वार्ताओं को सकारात्मक और जिम्मेदारी से ले रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा आंदोलन इन वार्ताओं को जिम्मेदारी से ले रहा है।

# ब्रिटेन ने स्टील और एल्युमीनियम पर ट्रंप के टैरिफ को बताया निराशाजनक



**लंदन।** वैश्विक स्टील और एल्युमीनियम आयात पर अमेरिका के टैरिफ के एलान पर ब्रिटेन ने प्रतिक्रिया दी है। ब्रिटेन ने इस फैसले को निराशाजनक बताया। साथ ही यह भी कहा कि वह जवाबी टैरिफ नहीं लगाएंगे।

ब्रिटेन सरकार ने बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा वैश्विक स्टील और एल्युमीनियम के आयात पर लगाए गए करों (टैरिफ) को निराशाजनक बताया। इसने साथ ही यह भी कहा कि वह इसके जवाब में कोई बदले वाला कदम नहीं उठाएगी।

हालांकि, व्यापार मंत्री जोनाथन रेनोल्ड्स ने भविष्य में अमेरिकी आयात पर टैरिफ लगाने की संभावना से इनकार नहीं किया और कहा कि वह अमेरिका के साथ करीब से संपर्क बनाए रखेंगे, ताकि ब्रिटेन के व्यापारिक हितों को प्राथमिकता दी जा सके। रेनॉल्ड्स ने कहा, हम सभी विकल्प खुले रखेंगे और राष्ट्रीय हित में जवाब देने से हिचकिचाएंगे नहीं। उन्होंने कहा, हमारी सरकार व्यावहारिक दृष्टिकोण पर फोकस कर रही है और हम अमेरिका के साथ एक व्यापक आर्थिक समझौते पर बातचीत कर रहे हैं, ताकि अतिरिक्त टैरिफ हटाए जा सकें और ब्रिटेन के व्यापार और अर्थव्यवस्था को लाभ हो। वहीं, ब्रिटेन के वित्त मंत्री जेम्स मरे ने भी रेनॉल्ड्स के बयान का समर्थन करते हुए टाइम्स रेडियो से कहा, हमारे पास जवाब देने का अधिकार सुरक्षित है। ब्रिटेन यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं है। ईयू ने बुधवार को अमेरिकी सामानों के आयात पर टैरिफ लगाने की घोषणा की, जिसमें स्टीज, एल्युमीनियम, बोरबोन, पीनट बटर और जींस जैसी चीजें शामिल हैं। यह कदम ट्रंप के फैसले के जवाब में उठाया गया। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संबंध मजबूत बनाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि अमेरिकी टैरिफ का असर उनके देश पर न पड़े, जैसा कि अमेरिका के अन्य व्यापारिक साझेदारों पर असर पड़ा है। पिछले महीने व्हाइट हाउस में ट्रंप और स्टार्मर ने एक बैठक के बाद कहा था कि दोनों सरकारें लंबित अमेरिका-ब्रिटेन व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए काम करेंगी।

ब्रिटेन के स्टील उद्योग के लिए यह बड़ा झटका है। 1970 के दशक में यह उद्योग बहुत मजबूत था, लेकिन अब यह काफी सिकुड़ चुका है और देश की अर्थव्यवस्था में इसका हिस्सा केवल 0.1 फीसदी है। इससे ब्रिटेन के सबसे बड़े स्टील संयंत्र पोर्ट टेलबोट (जो वेल्स में स्थित है) में हजारों लोगों की नौकरियां जा सकती हैं। इसके मालिक टाटा स्टील इस संयंत्र को अधिक कुशल और माहौल के अनुकूल बनाने की योजना बना रहे हैं, ताकि यह लाभकारी हो।

## बांग्लादेश में शेख हसीना और परिवार की मुश्किलें बढ़ीं, घर सुदासाधन समेत कई संपत्तियां होंगी जब्त



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को ढाका के अदलात से एक और बड़ा झटका लगा है। जहां कोर्ट ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) के आवेदन पर हसीना के परिवार को कुछ संपत्ति और 100 से ज्यादा बैंक खातों को सीज करने का आदेश दिया है। ढाका की एक अदालत ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के परिवार की कुछ संपत्तियों को जब्त करने का आदेश दिया है। इनमें शेख हसीना का धानमंडी स्थित आवास सुदासाधन और उनके परिवार के 124 बैंक खाते शामिल हैं। बता दें कि यह आदेश भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) के आवेदन पर दिया गया। अदालत ने शेख हसीना के पति, दिवंगत परमाणु वैज्ञानिक एमए वाजेद मिया के नाम पर रखे गए घर सुदासाधन को भी जब्त करने का आदेश दिया। इसके अलावा, शेख हसीना के परिवार के अन्य सदस्य जैसे उनके बेटे साजिब वाजेद जॉय, बेटी साइमा वाजेद पुतुल, बहन शेख रेहाना और उनकी बेटियां ट्यूलिप सिद्दीकी और रादवान मुजीब सिद्दीकी की संपत्तियां भी जब्त की गई हैं। इतना ही नहीं बीते 6 फरवरी को बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्मों पर लगातार किए जा रहे झूठे और मनगढ़ंत बयानों पर भारत सरकार के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया। बांग्लादेश सरकार ने कहा कि शेख हसीना के बयान बांग्लादेश के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं और यह देश में अस्थिरता फैलाने की कोशिश की जा रही है। साथ ही ढाका में भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त को भेजे गए विरोध पत्र में बांग्लादेश ने भारत से अनुरोध किया कि वह शेख हसीना को भारत में रहते हुए सोशल मीडिया और अन्य संचार माध्यमों का इस्तेमाल करके ऐसे भड़काऊ बयान देने से रोकने के लिए उचित कदम उठाए। गौरतलब है कि 5 अगस्त को बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व में एक बड़े विरोध आंदोलन ने बांग्लादेश का तख्त पलटकर रख दिया।

इस आंदोलन ने समय के साथ ऐसा रूप धारण कर लिया कि इसमें 600 से ज्यादा लोगों की जान चली गई, जिसके चलते शेख हसीना को बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा। इसके बाद, शेख हसीना भारत चली गईं और नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार का गठन हुआ।

# विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य

**अवधनामा संवाददाता**

**परिवहन आयुक्त के पत्र के क्रम में कुलसचिव ने जारी किया आदेश**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल परिसर में हेलमेट और कार में सीट बेल्ट न लगाने वालों को प्रवेश नहीं मिलेगा। सड़क सुरक्षा समिति द्वारा दिए गए निर्देशों को विश्वविद्यालय ने कड़ाई से पालन करने के लिए आदेश जारी किया। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान भी चलाएगा। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में हुई बैठक मिले निर्देशों के पालन के लिए विश्वविद्यालय में पत्र भेजा है। इसके क्रम में सड़क सुरक्षा के लिए कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कार्यालय आदेश जारी किए हैं।कुलसचिव महेंद्र कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा के लिए जो दिशा निर्देश मिले हैं इसका कड़ाई से पालन करना है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में कार्यरत सभी शिक्षक, नियमित, संविदा एवं अन्य कर्मचारी तथा अध्ययनरत विद्यार्थी समेत अन्य जो दुपहिया वाहन से आते हैं. वे हेलमेट अनिवार्य रूप से पहने मोबाइल का प्रयोग न करे। उनके साथ यात्रा करने वाले सहयात्री के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य है। चार पहिया वाहन से जो लोग कार्यालय आते हैं, वे वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें एवं अन्य सभी सह यात्रियों के लिए सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य होगा। सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्ष को यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि वह इन दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन कराए। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर तैनात सुरक्षाकर्मी हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने की जांच करेंगे। बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रवेश करने पर रोक लगाई जायेगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन की भी सहायता ली जाएगी। उन्होंने कहा कि यह निर्देश केवल एक औपचारिकता न होकर प्रत्येक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। हम सभी को इस पहल को गंभीरता से लेना चहिए और समाज एक सकारात्मक वातावरण का सृजन करना चाहिए। सड़क सुरक्षा के नोडल अधिकारी डॉ. श्याम कन्हैया सिंह ने सभी से अपील की है कि अपनी सुरक्षा के भी इन दिशा निर्देशों का पालन करें।

# महाकुम्भ के बाद अब संगम की रेती उगलेगी सोना

**अवधनामा संवाददाता**

- **पांच लाख प्रतिमाह कमाई का अवसर, मेले के बाद स्थानीय किसानों ने बड़े पैमाने पर शुरू की तरबूज, ककड़ी, खीरे और खरबूजे की खेती**
- **सीएम योगी के निर्देश पर इस बार छोड़ा गया है रिकॉर्ड पानी, नहीं होने पाएगी सिंचाई की समस्या**
- **महाकुम्भ में अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती के बाद नए क्षेत्र में खुल रहे संभावनाओं के द्वार**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुम्भ के भव्य आयोजन के बाद अब संगम की रेती में नई संभावनाएं जन्म ले रही हैं। जहां करोड़ों श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई, वहीं अब यहां के किसान तरबूज, ककड़ी, खीरे और खरबूजे की फसल से अपनी तकदीर बदलने की तैयारी में हैं। बलुई मिट्टी और गंगा-यमुना के शुद्ध जल से इस क्षेत्र में जायद फसलों की बंपर पैदावार होने की उम्मीद है। खास बात यह है कि इस खेती से हजारों स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। सीएम योगी के निर्देश पर इस बार रिकॉर्ड पानी छोड़ा गया है। जिसकी वजह से सिंचाई की कोई समस्या नहीं होने पाएगी। वैज्ञानिकों के अनुसार बलुई मिट्टी इस फसल के लिए सबसे मुफीद है। महाकुम्भ में अर्थव्यवस्था को मिली मजबूती के बाद अब नए क्षेत्र में संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। बुवाई का काम अब शुरू हो चुका है और किसानों पर मेहरबान गंगा मैया उनकी झोली भरने के लिए तैयार हैं। प्रयागराज के वैज्ञानिक इन किसानों को अधिक उत्पादन की तकनीकें भी सीखा रहे हैं। महाकुम्भ के बाद प्रयागराज के संगम तटों पर स्थानीय किसानों ने बड़े पैमाने पर खेती शुरू कर दी है। गंगा पार, यमुना पार, झूंसी, फाफामऊ और जसरा क्षेत्र में किसानों ने तरबूज, ककड़ी, खीरे और खरबूजे की बुवाई शुरू कर दी है। प्रयागराज के वैज्ञानिक ( उद्यान ) डॉक्टर हिमांशु सिंह के अनुसार यहां की बलुई मिट्टी इस तरह की फसलों के लिए सबसे उपयुक्त होती है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार गंगा, यमुना में रिकॉर्ड मात्रा में पानी छोड़ा गया है। जिससे किसानों को सिंचाई की कोई समस्या नहीं होने पाएगी।जायद फसलों की खेती से न केवल किसानों को फायदा होगा, बल्कि हजारों स्थानीय युवाओं को भी रोजगार मिलेगा। इस फसल से किसान एक महीने में पांच लाख रुपये तक की कमाई कर सकते हैं। डॉक्टर हिमांशु के अनुसार खेती के साथ-साथ पैकेजिंग, ट्रांसपोर्ट और मार्केटिंग के भी नए अवसर खुल रहे हैं। जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। महाकुम्भ ने प्रयागराज ही नहीं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। अब इस भूमि से कृषि की एक नई कहानी लिखी जा रही है। संगम तट पर हजारों किसानों ने उम्मीदों की फसल बोई है। जो आने वाले महीनों में उनकी झोली खुशियों से भरने वाली है। इस खेती के लिए बाकायदा किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र प्रयागराज द्वितीय के वैज्ञानिक डॉक्टर अनुराग सिंह विशेष रूप से प्रशिक्षण भी दे रहे हैं।

## बाइक अनियंत्रित होने से महिला की गिरकर मौत

**जौनपुर (चंदवक)** स्थानीय थाना क्षेत्र से गाज़ीपुर मार्ग पर बलिरामपुर के पास सड़क पर बने गड्ढे मे मोटर सायकिल अनियंत्रित होने से महिला की गिर कर मौत हो गयी। मिलीं जानकारी अनुसार चन्दवक थाना क्षेत्र के बलरामपुर मोड़ के पास समय करीब 2?बजे के आसपास आदर्श सिंह अपनी माता कंचन सिंह पत्नी अरुन सिंह को अपनी ननिहाल , नियर बाजार, थाना, चोलापुर से अपने घर ग्राम,सरकी, कोतवाली, केराकत जा रहा था । बलरामपुर मोड के पास मोटरसाइकिल के गड्ढे में पढ़ते ही उसकी मां मोटरसाइकिल से गिर गई, ग्रामीणों की मदद से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरी बारी पहुंचाया गया।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई मौके पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही मे जुट गई

# स्वरोजगार से मजबूत हो रही ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति: डॉ स्वाति

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** सोसाइटी ऑफ बायोलॉजिकल साइंसेज एवं रूरल डेवलपमेंट प्रयागराज द्वारा एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी भारत में महिला उद्यमिता एवं नारी सम्मान समारोह का आयोजन हाइब्रिड मोड में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । इस कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत साधना त्रिपाठी ने किया । डॉक्टर हेमलता पंत ने कार्यक्रम की जानकारी प्रस्तुत की , इस कार्यक्रम की अतिथि प्रवक्ता के बारे में जानकारी डॉक्टर नीरजा शुक्ला ने दी। मुख्य वक्ता डॉक्टर स्वाति दीपक दुबे वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र कालाकांकर प्रतापगढ़ में अपने उद्बोधन में बताया कि महिलाओं को घर परिवार एवं बच्चों की जिम्मेदारी निभानी पड़ती है । जब वह बाहर का कार्य करती है तो दोनों में तालमेल बैठाने में बहुत दिक्कत आती है । पर उसमें इतनी क्षमता होती है कि वह दोनों कार्य आसानी से कर ले जाती हैं । डॉक्टर दुबे ने कहा कि उनके संपर्क में लगभग 400 महिलाएं कार्य कर रही हैं। उन्होंने कई स्वयं सहायता समूह बनवाए हैं, प्रत्येक समूह में विभिन्न उत्पाद बनाए जाते हैं महिलाएं अपने घर पर ही साफ सफाई का ध्यान रखते हुए गुणवत्ता युक्त उत्पाद बनाकर के वी के प्लेटफार्म पर ला सकती हैं । डॉक्टर स्वाति ने बताया कि ये महिलाएं विभिन्न उत्पाद जैसे अचार ,पापड़, चटनी ,मुरब्बा ,अगरबत्ती, बैग, स्कूल ड्रेस , रंग के डिब्बे , दीपावली के सजावट का सामान विभिन्न प्रकार के बीज आदि सामान तैयार करती हैं और ये सब के वी के किसान माल द्वारा आसानी से बिक जाता है । इस तरह से इन सब महिलाओं की आर्थिक स्थिति में बहुत सुधार हुआ है । जिससे इन सभी में आत्मविश्वास भी बहुत बढ़ गया है । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉक्टर अर्चना उदय सिंह ,प्रधान वैज्ञानिक आई ए आर आई पूसा नई



दिल्ली ने सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में हो रहे इस कार्यक्रम में सभी को बधाई दी और कहा हम सबको महिला होने पर गर्व करना चाहिए । डॉक्टर सिंह ने कहा कि किसान मॉल के वी के कालाकांकर में एक बहुत अच्छी उपलब्धि है । जब महिलाओं की आर्थिक स्थिति अच्छी हो जाती है तो वह हर तरह से दृढ़ हो जाती हैं ।इस कार्यक्रम में डॉक्टर धृति बनर्जी , निर्देशक , जेड . एस. आई कोलकाता को श्री शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में डॉक्टर स्वाति दीपक दुबे ,डॉक्टर ज्योति वर्मा , डॉक्टर साधना वैश्य , डॉ अर्चना यादव, डॉक्टर वंदना गुप्ता , डॉक्टर शिखा खरे , डॉक्टर सारिका सुशील, डॉक्टर सपना मौर्या , डॉ मंजू तिवारी ,डॉक्टर सहनशी हाशमी , डॉक्टर मजहबी हाशमी, डॉक्टर अंजली वर्मा, डॉक्टर निधि शुक्ला , डॉक्टर प्रत्यूषा,डॉ अर्चना श्रीवास्तव ,डॉक्टर रितू सक्सेना ,डॉ अनु सिंह, डॉक्टर वर्षा जायसवाल, डॉक्टर दीपा श्रीवास्तव , डॉ अनीता सिंह ,डॉक्टर पल्लवी राय ,डॉक्टर विनी जॉन ,डॉक्टर कुमारी सुमन ,श्रीमती मनोरमा ,डॉक्टर अर्चना राजे, डॉक्टर मोनिका सिंह , डॉक्टर दीपांजलि पांडे ,डॉ अनीता सिंह ,डॉक्टर सरिता त्रिपाठी ,डॉक्टर कामिन ,डॉक्टर वंदना सिंह ,डॉक्टर अर्चना यू सिंह ,डॉ नीरजा ,डॉक्टर साधना , डॉक्टर दुर्गेश नंदिनी ,सहित शौर्या, स्नेहा, प्रियंका मिश्रा को नारी सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया । इस कार्यक्रम में सुप्रिया ,रागिनी, निकिता ,स्नेहा ,प्रिया ,तृप्ति गुप्ता, वर्षा सिंह उपस्थित थी ।अतुल कुमार ने तकनीकी सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी गरिमा सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर दुर्गेश नंदिनी गोस्वामी ने किया।

## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, सुलतानपुर

संख्याः मेमो/जि0आ0अधि0/सुलतानपुर/चेता0/अपील/2024-25/दिनांक मार्च 12, 2024

**चेतावनी/अपील**

होली के मद्देनजर जन-साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध स्थानों/अड्डों से खरीदी गयी शराब जहरीली हो सकती है। इसमें मिथाइल अल्कोहल भी मिला हो सकता है। मिथाइल अल्कोहल एक घातक जहर है। इसकी थोड़ी सी मात्रा पीने से व्यक्ति अन्धा हो सकता है और उसकी जान भी जा सकती है और उसकी मृत्यु भी हो सकती है।

अतः किसी भी दशा में अवैध स्थानों/अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन न करें। ''रास्ते के चक्कर में जान न गवायें''। अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनुज्ञापित मदिरा की दुकान से ही सही क्यू0आर0 कोड एवं सील लगी हुई बोतलें तथा टेट्रा पैक ही खरीदें।

इसके अतिरिक्त किसी भी सरकारी मदिरा की दुकानों पर किसी प्रकार की शिकायत/ओवर रेटिंग तथा अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री होने की सूचना, प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर 14405 एवं व्हाट्सऐप नम्बर 9454466019 तथा आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1 (तहसील सदर) सुलतानपुर मो0नं0 9454466236, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2 (तहसील कादीपुर) सुलतानपुर 9454466237, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3 (तहसील जयसिंहपुर) सुलतानपुर 9454466704, आवकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4 (तहसील लम्भुआ) सुलतानपुर 9454466705, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-5 (तहसील बल्दीराय) सुलतानपुर 7007078052 पर सूचना देने का कष्ट करें। सूचना देने वाले का नाम, नम्बर गुप्त रखा जायेगा।

**जिला आबकारी अधिकारी**
**सुलतानपुर**

# सड़क सुरक्षा समिति की मण्डलायुक्त एवं डीआईजी की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त विवेक एवं डीआईजी सुनील कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की प्रथम बैठक मंडलायुक्त सभागार में आयोजित की गई। आयुक्त ने संबंधित अधिकारी से मंडल के तीनों जनपदों में चिन्हित 93 ब्लैक स्पॉट के संबंध में क्या कार्रवाई हुई, इसके संबंध में जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि ब्लैक स्पॉट को ठीक कराने के लिए जो बजट प्राप्त होता है, उसका उपयोग करते हुए ब्लैक स्पॉट को ठीक कराएं। उन्होंने कहा कि तीनों जनपदों के एआरटीओ एवं पुलिस आपस में समन्वय स्थापित कर तीनों जनपदों में चिह्नित किए गए ब्लैक स्पॉट जो सही किए गए हैं, उसका निरीक्षण कर लें। उन्होंने कहा कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटना को कम करने के लिए स्पीड ब्रेकर, स्ट्रंबलर एवं साइनेज आदि लगाना सुनिश्चित करें। आयुक्त महोदय ने समस्त जिलाधिकारियों को बधाई दिया कि इस मामले में तीनों जनपदों की रैंकिंग अच्छी हुई है। उन्होंने कहा कि इसी तरह मंडल की रैंकिंग को अच्छा बनाए रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 35 प्रतिशत जो मौते होती है वह हेलमेट नहीं पहनने के कारण होती है। इसको कम करने के लिए सख्ती से हेलमेट के प्रयोग पर जोर दे एवं पीछे बैठने वालों को भी हेलमेट लगाने हेतु निर्देशित करें। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप पर नो हेलमेट नो फ्यूल का सख्ती से पालन कराएं। तथा पेट्रोल पंपों पर लोगों को जागरूक करने के लिए लाउडस्पीकर के माध्यम से अनाउंस कराएं एवं यातायात जागरूकता संबंधी बैनर लगाए जाएं। इसके लिए पेट्रोल पंप मालिकों के साथ बैठक कर इसका अनुपालन सुनिश्चित कराएं। आयुक्त ने कहा कि जितनी भी सड़क दुर्घटनाएं अभी तक हुई हैं, एक-एक करके उसका कारण एवं निवारण की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने यह अभी कहा कि सड़क दुर्घटना में जितनी मौतें होती हैं, मंडलायुक्त ने कहां की एक कमेटी बनाएं, पुश कमेटी के माध्यम से ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करें और उसको ठीक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बिना परमिट की जो गाड़ियां घूमती हैं, विशेष रूप से अन्य प्रदेशों से जनपद में प्रवेश करने वाले वाहनों की सख्ती से चेकिंग करें एवं चालान आदि आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक नियमित रूप से कराएं एवं विद्यालयों में चलने वाले वाहनों के फिटनेस, आरसी, परमिट एवं इंश्योरेंस आदि की चेकिंग करना सुनिश्चित करें तथा निर्देशित करें कि कोई भी वाहन बिना फिटनेस के नहीं चलने चाहिए। डीआईजी सुनील कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी नाबालिक बच्चा रिक्शा एवं टेंपो आदि कदापि न चलाएं, इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अवैध बस अड्डा, ऑटो स्टैंड को बंद कराते हुए स्थाई ऑटोध्बस स्टैंड की व्यवस्था कराएं। बैठक में जिलाधिकारी आजमगढ़ नवनीत सिंह चहल, जिलाधिकारी मऊ प्रवीण मिश्रा, पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना, पुलिस अधीक्षक मऊ इला मारन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, एसपी ट्रैफिक बलिया, आरटीओ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य मंडल स्तरीय अधिकारी एवं बसध्ऑटो यूनियन के अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नरजिस जहरा पत्नी सैयद अमीर हैदर रिजवी, निवासी 392/384/01, हसनपुरिया, मैदान एल.एच. खां, लखनऊ ने अपना नाम सैयद नरजिस जहरा से बदल कर नरजिस जहरा कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

**नरजिस जहरा**
**पत्नी सैयद अमीर हैदर रिजवी**
निवासी 392/384/01,
हसनपुरिया, मैदान एल.एच. खां,
लखनऊ

## नगर पालिका परिषद उझानी (बदायूँ)

पत्रांक- मीमो/2024-25 दिनांक- 12-03-2025

**होली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाए**

**सुझाव :-**

1. स्वच्छ शौचालय का प्रयोग करे स्वच्छ भारत मिशन में योगदान दे।
2. नगर पालिका सीमान्तर्गत वाहर खुले में शौच न जाए।
3. खुले में शौच करते हुए पाये जाने पर नगर पालिका परिषद द्वारा जुर्माने का प्राविधान किया गया है।
4. गीला और सूखा कूडा पालिका वाहन में रखे डस्टबिन में ही डाले।
5. पालिका क्षेत्र के निवासियों से निवेदन है सब अपने अपने घरो में स्वच्छ शौचालय बनवाये।
6. नगर पालिका क्षेत्रवासियों से अपील है कि स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में पालिका प्रशासन का सहयोग करें।
7. वृक्षारोपण करे पर्यावरण बचाये।
8. पॉलीथिन का प्रयोग न करे उसके स्थान पर कैरीबैग का प्रयोग करे।
9. भूजल बचाये अपने घरो में रैन बाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाये।
10. पालिका सीमान्तर्गत लगे पानी के नालो की टोटी खुली न छोडे।
11. पालिका के गृहकर/जलकर/जलमूल्य आदि देयो का भुगतान समय पर करें।
12. सफाई, पेयजल, पथप्रकाश समेत पालिका से जुडी सुविधाओं गओं को वेहतर बनाने में पालिका का सहयोग करे।

**अधिशासी अधिकारी** — **नगर पालिका परिषद, उझानी (बदायूँ)**
**निवेदकः** — **समस्त सम्मानित सदस्य एवं कर्मचारी**
**अध्यक्ष** — **नगर पालिका परिषद, उझानी (बदायूँ)**

## उत्तर रेलवे

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | MPS-2025-2 |
| कार्य का विवरण | Allotment of Multi-Purpose Stall at Lucknow and Varanasi stations of Lucknow Division for a period of five (05) years |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.03.2025 at 14:00:00 |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.03.2025 till 14:40:00 |
| वेबसाईट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

778/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## कार्यालय-खण्ड शिक्षा अधिकारी मिठवल, सिद्धार्थनगर

पत्रांक - 1432-34/2024-25 दिनांक 06/03/2025

**नीलामी विज्ञप्ति**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर के पत्रांक/समग्र शि0/नि0का0/9975-78/2024-25 दिनांक 19 फरवरी 2025 के द्वारा विकास खण्ड मिठवल के निम्नलिखित विद्यालयों की नीलामी की जानी है -

| क्रम सं. | नीलामी वाले विद्यालय का नाम | नीलामी हेतु न्यूनतम धनराशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | कम्पो0 वि0 गजहड़ा का मूल भवन (प्राथमिक) | 0.61 |
| 2 | प्रा0वि0 मसिना खास का 01 ए0सी0आर0 | 0.5 |
| 3 | कम्पो0 वि0 दानोकुइयां का मूल भवन (प्राथमिक) | 0.76 |
| 4 | कम्पो0 वि0 कटबन्ध का मीना कक्ष | 0.56 |
| 5 | प्रा0वि0 सुमहा का मूल भवन | 0.89 |
| 6 | कम्पो0 वि0 भरमा का 1 ए0सी0आर0, 2 किचेन | 0.32 |
| 7 | प्रा0वि0 घुमची का मूल भवन | 1.02 |
| 8 | पू0मा0वि0 छरहटा का मूल भवन (पुराना) | 1.0 |
| 9 | प्रा0वि0 नदांव का मूल भवन | 0.77 |
| 10 | कम्पो0 वि0 कड़सरा का मूल भवन | 0.69 |
| 11 | कम्पो0 वि0 रमवापुर दूबे का मूल भवन, 1 ए0सी0आर0 | 1.08 |
| 12 | कम्पो0 वि0 जीवा का मुख्य भवन व 3 ए0सी0आर0 | 1.42 |
| 13 | प्रा0वि0 कम्हरिया खुर्द के 2 ए0सी0आर0 | 0.40 |
| 14 | प्रा0वि0 इमिलिया का मूल भवन, किचेन, ए0सी0आर0 | 0.94 |
| 15 | प्रा0वि0 मिठवल का रोशनपुरा मॉडल मूल भवन, ए0सी0आर0 | 0.88 |
| 16 | प्रा0वि0 गनवरिया का मूल भवन, 2 ए0सी0आर0 | 1.38 |
| 17 | प्रा0वि0 बरगदवा चौबे का मूल भवन | 0.66 |

उक्त नीलामी दिनांक 19 मार्च 2025 को दिन में 01 बजे ब्लॉक संसाधन केन्द्र मिठवल पर होगी। नीलामी प्रक्रिया में बोली लगाने के इच्छुक व्यक्ति/संस्था निर्धारित मूल्य का 25 प्रतिशत धनराशि नकद जमा करने के उपरान्त ही नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करेंगे। अधिकतम बोली लगाने वाले व्यक्ति/ संस्था के पक्ष में नीलामी की जायेगी जिसे 03 दिनों के अन्दर अवशेष धनराशि जमा करने के उपरान्त 07 दिनों में मलबा हटाना अनिवार्य होगा। विस्तृत जानकारी ब्लॉक संसाधन केन्द्र मिठवल पर चस्पा है।

**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**मिठवल, सिद्धार्थनगर**

## राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की हुई बैठक

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एवं अखिल भारतीय ठठेरा, कसेरा, ताम्रकार महासभा संयुक्त रूप से कार्यकर्ता बैठक संपन्न हुआ बैठक कि अध्यक्षता अवधेश ठठेरा एवं संचालन सुनिता विश्वकर्मा ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश संयोजक शिवमोहन शिल्पकार ने बताया कि आज कि बैठक में होने वाला अयोजित कार्यक्रम 28 मार्च को स्वर्गीय राजेश शिल्पकार ठठेरा के आठवां पुण्यतिथि एवं अजय मिश्रा वर्ग महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह मनाया जाएगा। जिसका ठठेरा वर्ग नेतृत्व करेगा उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भारत सरकार माननीय पशुपति कुमार पारस जी को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाए जाने का सभी लोगों ने समर्थन किया और राष्ट्रीय लोग जनशक्ति पार्टी के नेतृत्व में सामाजिक कार्यों में गति देने का घोषणा किया गया साथ ही साथ आगामी पंचायत के चुनाव में अपने अधिका अधिक जनप्रतिनिधियों को विजई बनाने का संकल्प लिया गया सभी को एक मत और एक राय होकर संगठन को मजबूत और गतिशील बनाना है।

## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लोक निर्माण विभाग, बहराइच

पत्रांक : 1242/8 काम/ई-टेण्डरिंग/बहराइच-श्रावस्ती वृत्त/2024-25 दिनांक : 11.03.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना प्रकाशन (स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

1. अधीक्षण अभियन्ता, बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में 'ए एवं बी' श्रेणी (मार्ग कार्य) के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (समस्त करों सहित रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| विधानसभा-महसी (स्वीकृति की प्रत्याशा में) | | | | | | |
| 1 | बहराइच | पिपरी माफी से प्राथमिक पाठशाला पिपरी माफी होते हुए पठानपुरवा तक सं0मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | 250.00 | 14.50 | 2715.00 | 12 माह |
| 2 | बहराइच | इटहा-गढ़वा-नौतला (अन्य जिला मार्ग) के किमी0-5 से बांये ग्राम पंचायत किशुनपुर मीठा में परमश्वरदीन कोटेदार की दुकान से आई0टी0आई0 रोड भयापुरवा तक सं0मार्ग का नवनिर्माण कार्य। | 135.00 | 8.75 | 2715.00 | 12 माह |

2. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-

(क) बिड डाक्यूमेन्ट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15-03-2025 से 24-03-2025 तक उपलब्ध रहेगी, जो आनलाइन इसी साइट पर सबमिट की जायेगी।

(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आनलाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 24-03-2025 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेकनिकल बिल दिनांक 24-03-2025 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि., बहराइच में खोला जायेगा। विस्तृत विवरण http//etender.up.nic.in देखा जा सकता है।

(घ) निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्त तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई-टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट www.uppwd.gov.in के प्रहरी साफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि 24-03-2025 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदिव कोई हो, तो उसे ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा।

**(इं. प्रदीप कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.,**
**बहराइच**

UPID-231135 Dated-11-03-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

**(इं. अजय भास्कर)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**बहराइच-श्रावस्ती वृत्त, लो.नि.वि.,**
**बहराइच**

# वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन ने महिलाओं को सृजनशक्ति नेशनल अवार्ड्स से सम्मानित किया

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस अपने अनूठे तरीके से मनाया।



युनिवर्सिटी ने रचनात्मक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए तीन महिला डिजाइनरों को सृजनशक्ति नेशनल अवार्ड प्रदान किया। वर्ष 2025 के अवार्ड्स के लिए तीन वर्गों में नामांकन आमंत्रित किए गए थे और गहरी विशेषज्ञता रखने वाले एवं कला, डिजाइन और विरासत को लेकर गहन रूप से प्रतिबद्ध जजों के पैनल ने इस प्रतिष्ठित सम्मान के विजेताओं के नामों पर निर्णय किया। इस पैनल में फैशन एजुकेशन और सांस्कृतिक विरासत में अग्रणी सुश्री राठी विनय, पद्मश्री से सम्मानित और प्रख्यात भरतनाट्यम डांसर एवं गायिका सुश्री गीता चंद्रन और विश्वविख्यात ग्राफिक डिजाइनर एवं क्यूरेटर सुश्री पिया कैकोनेन शामिल थीं। अवार्ड प्राप्त करने वालों में टिकाऊ फैशन को गति देने और उद्देश्यपूर्ण परिधान ब्रांड को 60 से अधिक देशों तक ले जाने के लिए डिजाइन आंत्रप्रिन्योर ऑफ दि ईयर अवार्ड विजेता नूतन दयाल, डिजिटल हेल्थकेयर डिजाइन में अपने नेतृत्व के लिए इंडस्ट्री इन्नोवेशन चैंपियन अवार्ड प्राप्त करने वाली डाक्टर शाओन सेनगुप्ता और टिकाऊपन, वकालत और वैश्विक सामाजिक बदलाव के लिए 25 वर्षों से डिजाइन का उपयोग कर रही मोनिका खन्ना गुलाटी शामिल हैं जिन्हें सोशल इंपैक्ट कैटलिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। डिजाइन में महिलाओं के लिए भारत के अब तक के प्रथम पुरस्कारों की शुरुआत करने के बारे में वर्ल्ड युनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के कुलपति डाक्टर संजय गुप्ता ने कहा, ÷सृजनशक्ति अवार्ड रचनात्मक क्षेत्र में उन महिलाओं को सम्मानित करने के लिए है जो अपने कार्य से वास्तव प्रभाव छोड़ रही हैं। ये महिलाएं डिजाइन के जरिए संस्कृति का संरक्षण करने के लिए अपने नवप्रवर्तन, नेतृत्व क्षमता, समावेशिता, सामाजिक प्रभाव, मार्गदर्शन और प्रयासों से दूसरों से अलग हैं। सृजन का अर्थ है रचनात्मकता और शक्ति महिला शक्ति का प्रतिनिधित्व करती है और दोनों को मिलाने से महिलाओं और रचनात्मकता के बीच एक मजबूत संबंध बनता है।

# खुदरा खरीदारी बढ़ने से सोना चढ़ा, चांदी 1300 रुपये मजबूत हुई

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार मामूली खुदरा खरीदारी के साथ-साथ आभूषणों की मांग बढ़ने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में मामूली तेजी आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 60 रुपये बढ़कर 88,850 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। चांदी की कीमत 1,300 रुपये की तेजी के साथ करीब तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर एक लाख दो सौ रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर पहुंच गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार मामूली खुदरा खरीदारी के साथ-साथ आभूषणों की मांग बढ़ने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतों में मामूली तेजी आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 60 रुपये बढ़कर 88,850 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। मंगलवार को यह 88,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोना 99.5 प्रतिशत शुद्धता 60 रुपए बढ़कर 88,450 रुपए प्रति दस ग्राम हो गया।

चांदी की कीमत 1,300 रुपये की तेजी के साथ करीब तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर 1,00,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी की कीमत 98,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना हाजिर 2,915.73 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा।

अबान्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता ने कहा, आर्थिक चिंताओं और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण अमेरिकी डॉलर के पांच महीने के निचले स्तर पर पहुंचने से सोने की कीमतें स्थिर रहीं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अप्रत्याशित व्यापार नीतियों के कारण अमेरिकी आर्थिक स्थिरता को लेकर आशंकाओं के बीच डॉलर संघर्ष कर रहा है।

इसके अलावा, अप्रैल डिलीवरी के लिए कॉमेक्स वायदा 2,921.30 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। इस बीच, एशियाई बाजारों में चांदी की हाजिर कीमत 0.25 प्रतिशत बढ़कर 33.03 डॉलर प्रति औंस हो गई।

# केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस और जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस की साझेदारी से होम लोन ग्राहकों को मिलेगी मजबूत वित्तीय सुरक्षा

**मुंबई:** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस) ने होम लोन ग्राहकों के लिए वित्तीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जीआईसीएचएफ) के साथ एक रणनीतिक वितरण साझेदारी की है। इस सहयोग के तहत, केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस अपने 'ग्रुप एसेट सिक्योर' उत्पाद की पेशकश करेगी, जो एक व्यापक क्रेडिट लाइफ इंश्योरेंस योजना है। यह योजना होम लोन लेने वालों और उनके परिवारों को अनपेक्षित परिस्थितियों में ऋण देयता से सुरक्षा प्रदान करेगी। इस साझेदारी का उद्देश्य भारतीय नागरिकों के अपने घर के मालिक बनने के सपने को सुरक्षित बनाना है। जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस के विविध ग्राहक आधार के चलते, यह गठबंधन होम लोन ग्राहकों को अतिरिक्त वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने का अवसर देगा। होम लोन प्रक्रिया में एक मजबूत बीमा समाधान जोड़कर, केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस और जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस अपने ग्राहकों के लिए सुरक्षित और स्थायी वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहे हैं। जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री सचिंद्र सालवी ने कहा, वित्तीय सुरक्षा जिम्मेदारीपूर्वक ऋण देने की एक महत्वपूर्ण कसौटी है। भारत में घर खरीदने की इच्छा रखने वाले ग्राहकों के लिए यह आवश्यक है कि उनके पास ऐसे समाधान हों जो उनके दीर्घकालिक आर्थिक स्थायित्व को सुनिश्चित करें। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के साथ हमारी साझेदारी यह दर्शाती है कि हम केवल ऋण प्रदान नहीं कर रहे, बल्कि एक समग्र वित्तीय सुरक्षा समाधान भी दे रहे हैं। हमें विश्वास है कि यह पहल ग्राहकों को आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य का निर्माण करने में मदद करेगी। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य वितरण अधिकारी (अल्टरनेट चैनल्स) और मुख्य विपणन अधिकारी, श्री ऋषि माथुर ने कहा, हम जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस के साथ साझेदारी कर होम लोन ग्राहकों के लिए अपने वित्तीय सुरक्षा उत्पाद को उपलब्ध कराने को लेकर उत्साहित हैं। केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस में, हमारा विश्वास ग्राहकों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने में है, और यह साझेदारी उसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

इससे जीआईसीएचएफ के लोन लेने वाले परिवार अपने किसी प्रियजन के आकस्मिक निधन की स्थिति में वित्तीय अनिश्चितता से बच सकेंगे। हम हाउसिंग लोन सेक्टर में इस तरह के नवाचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के विपणन और बिक्री प्रमुख, श्री एस. अच्युत रामा मूर्ति ने कहा, केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस के साथ हमारी साझेदारी यह सुनिश्चित करेगी कि होम लोन ग्राहक आत्मविश्वास के साथ अपने घर का सपना पूरा कर सकें। इस बीमा समाधान के माध्यम से, उन्हें यह भरोसा मिलेगा कि कठिन परिस्थितियों में भी उनका आर्थिक भविष्य सुरक्षित रहेगा।

# मेड इन इंडिया, मेड फ़ॉर इंडिया' पर ध्यान केंद्रित करते हुए, हायर ने नई एसी उत्पादन और इंजेक्शन मोल्डिंग इकाइयों के साथ ग्रेटर नोएडा प्लांट का विस्तार किया




**नई दिल्ली।** लगातार 16 वर्षों से नंबर 1 वैश्विक प्रमुख उपकरण ब्रांड हायर अप्लायंसेज़ इंडिया ने अभूतपूर्व क्षमताओं के साथ अपने एसी विनिर्माण का विस्तार किया है और ग्रेटर नोएडा के अपने प्लांट में एक नई इंजेक्शन मोल्डिंग सुविधा का उद्घाटन किया है। भारत में अग्रणी घरेलू उपकरण निर्माताओं में से एक, यह विकास ÷मेड इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया÷ पहल को मज़बूत करने की दिशा में एक और कदम है।इस शिलान्यास समारोह का नेतृत्व उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह और हायर अप्लायंसेज़ इंडिया के अध्यक्ष श्री एनएस सतीश ने किया। इस अवसर पर आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रमुख सचिव श्री अनुराग यादव और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ श्री रवि कुमार एनजी भी मौजूद थे। यह उपलब्धि 'मेड इन इंडिया, मेड फ़ॉर इंडिया' के प्रति हायर की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है, स्थानीय विनिर्माण को मज़बूत करती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और देश के आर्थिक विकास को गति देती है।हायर ने इन नई सुविधाओं में महत्वपूर्ण निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। 2024-2028 के बीच हायर 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का अतिरिक्त निवेश करेगा, जिससे 3,500 लोगों के लिए अतिरिक्त रोज़गार पैदा होगा और इससे उत्तर प्रदेश की आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। आगामी एसी फैक्ट्री की वार्षिक उत्पादन क्षमता 2.5 मिलियन यूनिट होगी, जो मौजूदा 1.5 मिलियन यूनिट से बढ़कर कुल 4 मिलियन यूनिट हो जाएगी। इस बीच, इंजेक्शन मोल्डिंग सुविधा प्रमुख घटकों के उत्पादन को मज़बूत करेगी, जिससे हायर की उत्पाद श्रेणियों में विनिर्माण दक्षता में वृद्धि होगी।इस अवसर पर हायर अप्लायंसेज़ इंडिया के अध्यक्ष श्री एन.एस. सतीश ने कहा, ÷इंजेक्शन मोल्डिंग फैक्ट्री का उद्घाटन और एसी निर्माण इकाई का शिलान्यास भारत की आर्थिक वृद्धि में सही मायने में भागीदार बनने की हमारी यात्रा में एक और मील का पत्थर है। ग्रेटर नोएडा प्लांट में यह विस्तार देश की 'मेक इन इंडिया' पहल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता दर्शाती है और भारत सरकार के मज़बूत समर्थन से यह संभव हो पाया है। आगामी एसी निर्माण इकाई बढ़ती स्थानीय माँग को पूरा करने के लिए हमारी उत्पादन क्षमता को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएगी और साथ ही रोज़गार के महत्वपूर्ण अवसर भी पैदा करेगी।

## फीमैन्स ने आई पी एल 2025 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑफिशियल टूल्स पार्टनर के रूप में साझेदारी की




**गोरखपुरा।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2025 इंडियन प्रीमियर लीग सीजन के लिए मापने के टूल्स, हैंड टूल्स और पावर टूल्स में प्रसिद्ध ब्रांड फ्रीमैन्स को अपने %ऑफिशियल टूल्स पार्टनर% के रूप में शामिल किया है। साहिल नायर, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, फ्रीमैन्स ने बताया कि, ÷क्रिकेट बारीकियों का खेल है, जहां सटीकता ही सब कुछ तय करती है। ठीक ऐसा ही कुछ हमारे व्यवसाय में होता है। लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ साझेदारी हमें सटीकता, बेहतरीन परफोर्मेंस और उत्कृष्टता की निरंतर ऊंची उड़ान भरने का मौका देती है। हम लखनऊ सुपर जायंट्स के इस सफर में साथ चलने के लिए बेहद उत्साहित हैं और साथ ही उम्मीद करते हैं कि यह एक शानदार आई पी एल सीजन होगा।÷इस रोमांचक साझेदारी से दो बेहतरीन ब्रांड एक साथ जुड़ते है, जो सटीकता, बेहतरीन परफोर्मेंस और उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह चैंपियंस का समर्थन करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता मजबूत करने हेतु इस स्पॉन्सरशिप के तहत फ्रीमैन्स का लोगो लखनऊ सुपर जायंट्स के हेलमेट के पीछे बनाया गया है, जो साफ तौर पर दिखेगा। विनय चोपड़ा, सीओओ, लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस साझेदारी को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि, ÷हम फ्रीमैन्स को लखनऊ सुपर जायंट्स परिवार में शामिल करके बेहद खुश हैं।

## इस फिल्म की सबसे खास बात यह है कि यह पुरानी ऐक्शन फिल्मों से काफी प्रेरित है जैक क्वैड ने अपनी आगामी एक्शन फिल्म नोवोकैन को लेकर कहा



**मुम्बई।** धमाकेदार एक्शन, जबरदस्त स्टंट और रोमांचक मुकाबलों से भरी एक बेहतरीन एक्शन फिल्म दर्शकों की धड़कनें तेज़ कर देती है! ऐसी फिल्में अपने दमदार एक्शन सीक्वेंसेज़, यादगार किरदारों और हल्के-फुल्के हास्य के साथ दर्शकों को पूरी तरह बांध लेती हैं। नोवोकैन एक ऐसी ही रोमांचक एक्शन थ्रिलर है, जो सस्पेंस और मनोरंजन से भरपूर होगी। इस फिल्म में जैक क्वैड मुख्य किरदार नाथन केन के रूप में नजर आएंगे, और यह फिल्म अभी से सुर्खियों में बनी हुई है। लेकिन इस फिल्म में जैक को सबसे ज्यादा क्या पसंद आया? जवाब है- पुरानी क्लासिक एक्शन फिल्में!

जैक क्वैड ने बताया कि उन्हें एक्शन फिल्मों से इतना लगाव क्यों है और इस जबरदस्त किरदार ने उन्हें कैसे आकर्षित किया।

नाथन केन का किरदार निभाना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा था, क्योंकि मैं बचपन से ही एक्शन फिल्मों का बड़ा फैन रहा हूँ, खासकर 80 और 90 के दशक की मजेदार एक्शन फिल्में हमेशा से मेरी पसंदीदा रही हैं। जब ये फिल्में सही ढंग से बनाई जाती हैं, तो मुझे बेहद प्रभावशाली लगती हैं, खासकर तब जब वे कोई भावना जगा सकें या दर्शकों से प्रतिक्रिया हासिल करें। इस फिल्म की सबसे बड़ी खासियत यही है कि यह पुरानी एक्शन फिल्मों से प्रेरित है, जहां असली मज़ा एक्शन को एंजॉय करने में था।

इस किरदार की तैयारी के लिए निर्देशकों ने जैक को कुछ खास फिल्मों की लिस्ट दी, जिन्हें देखने की सलाह दी गई थी। इस बारे में जैक ने कहा, डैन और बॉबी उन बेहतरीन लोगों में से हैं, जिनके साथ मैंने अब तक काम किया है। उनकी इस प्रोजेक्ट को लेकर जोश और एनर्जी इतनी जबरदस्त थी कि सेट का माहौल खुद ही शानदार बन गया। उन्होंने मुझे लीथल वेपन 1 और 2, डाई हार्ड और हार्ड बॉयल्ड जैसी फिल्मों को देखने की सलाह दी, जो वाकई शानदार फिल्में हैं। इसके अलावा, मैंने बिफोर सनराइज़ जैसी रोमांटिक फिल्में भी देखीं। उम्मीद है कि अगर हमने अपना काम सही से किया है, तो नोवोकैन एक्शन और रोमांस, दोनों जॉनर में अपनी अलग और मजेदार पहचान बनाएगी।

जब नाथन केन की प्रेमिका का अपहरण हो जाता है, तो वह अपनी सबसे बड़ी कमजोरी को अपनी ताकत बना लेता है। उसे दर्द महसूस नहीं होता, और यही ताकत उसे अपने प्यार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए प्रेरित करती है।

डैन बर्क और रॉबर्ट ओल्सन के निर्देशन में बनी %नोवोकैन% दमदार एक्शन, रोमांस और सस्पेंस से भरपूर है, जिसमें नाथन अपनी हर कमजोरी को ताकत में बदलते हुए हर मुश्किल से लड़ता है। तेज़ रफ्तार एक्शन सीक्वेंस, गहरी भावनाएं और एक ऐसी कहानी, जो साबित करती है कि सच्चे प्यार के लिए हर जंग लड़ी जा सकती है- यह फिल्म आपको एक पल के लिए भी सीट से हिलने नहीं देगी!

## फीमैन्स ने IPL 2025 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑफिशियल टूल्स पार्टनर के रूप में साझेदारी की




**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2025 इंडियन प्रीमियर लीग सीजन के लिए मापने के टूल्स, हैंड टूल्स और पावर टूल्स में प्रसिद्ध ब्रांड फ्रीमैन्स को अपने ऑफिशियल टूल्स पार्टनर के रूप में शामिल किया है। इस रोमांचक साझेदारी से दो बेहतरीन ब्रांड एक साथ जुड़ते है, जो सटीकता, बेहतरीन परफोर्मेंस और उत्कृष्टता के प्रतीक हैं। मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह चैंपियंस का समर्थन करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता मजबूत करने हेतु इस स्पॉन्सरशिप के तहत फ्रीमैन्स का लोगो लखनऊ सुपर जायंट्स के हेलमेट के पीछे बनाया गया है, जो साफ तौर पर दिखेगा।

साहिल नायर, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, फ्रीमैन्स ने बताया कि, क्रिकेट बारीकियों का खेल है, जहां सटीकता ही सब कुछ तय करती है। ठीक ऐसा ही कुछ हमारे व्यवसाय में होता है। लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ साझेदारी हमें सटीकता, बेहतरीन परफोर्मेंस और उत्कृष्टता की निरंतर ऊंची उड़ान भरने का मौका देती है। हम LSG के इस सफर में साथ चलने के लिए बेहद उत्साहित हैं और साथ ही उम्मीद करते हैं कि यह एक शानदार IPL सीजन होगा।

विनय चोपड़ा, सीओओ, लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस साझेदारी को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि, हम फ्रीमैन्स को स्त्र परिवार में शामिल करके बेहद खुश हैं। उनकी सटीकता और गुणवत्ता की विरासत हमारे टीम के मूल्यों से पूरी तरह मेल खाती है। यह सहयोग हमारी साझा उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# यामाहा ने 150CC में भारत की पहली हाइब्रिड मोटरसाइकिल : 2025 FZ-S Fi Hybrid' लॉन्च की

**चेन्नई।** इंडिया यामाहा मोटर ने आज अपनी पहली हाइब्रिड मोटरसाइकिल, 2025 FZ-S FiHybrid लॉन्च करने की घोषणा की। इसकी कीमत INR 1,44,800(एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखीगईहै।

2025 FZ-S FiHybrid का डिज़ाइन पूरी तरह से संतुलित और आधुनिक है। टैंक कवर पर दी गई शार्प एजनेइ से और भी आकर्षक और सुडौल बना दिया है। इसने अपने खास लुक को बरकरार रखा है। इसकी डिजाइन में एक प्रमुख अपडेट यह है कि आगे केटर्न सिग?नल को अब एयर इनटेक एरिया में लगाया गया है, जिससे यह और भी दमदार और एयरोडायनैमिक दिखता है। इस मोटरसाइकिल को चलाने के लिए इसमें 149ष्ठ का ब्लूकोर इंजन दिया गया है, जो अब OBD-2क्क मानकों के अनुरूप है। इसमें यामाहा का स्मार्ट मोटर जनरेटर और स्टॉप एंड स्टार्ट सिस्टम भी है। जब मोटरसाइकिल रुकी होती है, तो यह सिस्टम इंजन को अपने आप बंद कर देताहै, और जब आप क्लच दबाते हैं, तो इंजन तुरंत फिर से चालू हो जाता है। इस तकनीक से ईंधन की बचत होती है। राइडर की सुविधा को और बढ़ाने के लिए, नई FZ-S FiHybrid में 4.2 इंच का रंगीन टीएफटी इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर दिया गया है, जो Y-Connect ऐप के माध्यम से स्मार्टफोन से आसानी से जुड़ जाता है। इसमें गूगल मैप्स से जुड़ा टर्न-बाय-टर्न नैविगेशन भीहै ,जोरियल-टाइम दिशा, नैविगेशन इंडेक्स, चौराहे के विवरण और सड़कों के नाम बताता है, जिससे राइडिंग का अनुभव आसान और परेशानी मुक्त हो जाता है। लंबी यात्राओं के दौरान आराम के लिए हैंडलबार की स्थिति को और बेहतर बनाया गया है। दस्ताने पहने होने पर भी बेहतर पहुंच के लिए स्विचेज को एडजस्?ट किया गया है। इसके अलावा, हॉर्न स्विच को रिपोजीशन किया गयाहै ताकि राइडर को पूरा कम्?फर्ट मिले और उसे गाड़ी चलाने में आसानी हो। फ्युल टैंक में अब एक एयरप्?लेन-स्?टाइल का फ्युल कैप है जो रिफ्यूलिंग के दौरान जुड़ा रहता है। नई 2025 FZ-S FiHybrid दो रंगों - रेसिंग ब्लू और सायन मेटैलिक ग्रे मेंउपलब्ध है।

अपनी श्रेणी में पहली हाइब्रिड मोटरसाइकिल के लॉन्च पर, यामाहा मोटर इंडिया ग्रुप के चेयरमैन श्री इतारू ओतानी ने कहा, भारत में यामाहा की यात्रा में स्त्रं ब्रांड ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो हमारे ग्राहकों की बदलती उम्मीदों और व्यावहारिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर पीढ़ी के साथ विकसित हुआ है। इस सेगमेंट में हाइब्रिड तकनीक पेश करके, हम न केवल परफॉर्मेंस को बेहतर बना रहे हैं बल्कि राइडर के लिए आधुनिक और नई-नई खूबियां लानेकीअपनीप्रतिबद्धताकोभीमजबूतकररहेहैं। हमने स्त्रं बाइक को हमेशा अपने ग्राहकों की पसंद के हिसाब से बनाया है। इसमें जो भी बदलाव किए गए हैं, वो ग्राहकों की राय से ही किए गए हैं। हम चाहते हैं कि लोगों को बाइक चलाने में मज़ा आए और उन्हें कोई परेशानी न हो। यह नई बाइक हमारी कोशिशों का नतीजा है, जिसमें नई तकनीक और लोगों की पसंद को ध्यान में रखा गया है। हम चाहते हैं कि हमारी बाइक भविष्य में भी लोगों को पसंद आए।

# हिंदी ऑडिबल ओरिजिनल पोडकास्ट सीरीज़ मार्वल वेस्टलैंडर्स का छठवाँ और अंतिम सीज़न हुआ रिलीज़!




**नई दिल्ली।** प्रीमियम ऑडियो कंटेंट के अग्रणी निर्माता एवं प्रदाता, ऑडिबल ने आज हिंदी ऑडिबल ओरिजिनल पोडकास्ट सीरीज़ मार्वल वेस्टलैंडर्स का छठवाँ और अंतिम सीज़न रिलीज़ किया।वूल्वेरीन, ब्लैक विडो, स्टार-लॉर्ड, हॉकआई, और डॉक्टर डूम मिलकर वैलेरिया रिचड्र्स को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। वह धरती की सबसे स्मार्ट और अमर महिला है, और बहुत अकेली है। उत्तरी कैलिफोर्निया में न्यूक्लियर मिसाईल की बारिश से बचने और वास्तविकता को बदलने वाले कॉस्मिक क्यूब का कब्जा हासिल करने के बाद उसका जुनून पागलपन की हद तक चला गया है। रेडियेशन में डूबे ''डेड ज़ोन'' में कुछ रहस्यमयी घटित हो रहा है। मार्वल के अंतिम सीज़न में स्टार लॉर्ड की आवाज सैफ अली खान ने दी है, हॉकआई के किरदार को जयदीप अहलावत, ब्लैक विडो के किरदार को करीना कपूर खान, वूल्वेरीन के किरदार को शरद केलकर, डूम को आशीष विद्यार्थी, तथा वैलेरिया रिचड्र्स के किरदार को यशस्विनी दयामा ने अपनी आवाज दी है।मार्वल वेस्टलैंडर्स ऑडिबल और मार्वल एंटरटेनमेंट के गठबंधन में पहली सीरीज़ है। इस ऑडियो महागाथा का छठवाँ सीज़न इंग्लिश भाषा में जून, 2021 में लॉन्च किया गया था। अंतिम सीज़न, मार्वल वेस्टलैंडर्स के इंग्लिश भाषा के वर्ज़न का निर्देशन किंबरले सीनियर ने किया था। ओरिजिनल साउंड डिज़ाईन वन थाउजैंड बड्र्स ने दिया था। ओरिजिनल संगीत लिंडसे जोन्स का था। कहानी मार्क वेड की थी, जिसे निक बर्नार्डीन, जे होल्थम और मार्क वेड ने लिखा था।

## यूनिक्लो ने 'लाइफ़ इन लिनन' कैम्पेन किया लॉन्च

### बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर ख़ान और अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा होंगे कैंपेन का हिस्सा





**नई दिल्ली।** वैश्विक परिधान रिटेलर यूनिक्लो ने आज अपना नवीनतम स्प्रिंग समर कैंपेन, 'लाइफ़ इन लिनन' को लॉन्च किया, जिसमें बॉलीवुड के जानेमाने सितारे और यूनिक्लो ब्रांड एंडोर्सर्स, करीना कपूर ख़ान और सिद्धार्थ मल्होत्रा शामिल हैं। अत्याधिक गर्मियों के मौसम से पहले, यह कैंपेन यूनिक्लो के प्रीमियम लिनन कलेक्शन की सुंदरता और बहु उपयोगिता को दर्शाता है।'लाइफ़ इन लिनन' कैंपेन में लिनन को गर्मियों के लिए आदर्श विकल्प के रूप में दर्शाया गया है, जो आराम एवं सदाबहार स्टाइल का एक अनूठा मिश्रण है। शांति के क्षणों से लेकर सुकून भरी सभाओं तक, दो अलग-अलग फ़िल्में करीना और सिद्धार्थ दोनों के दिनचर्या के बारे में बताती हैं, जो रोज़मर्रा की ज़िंदगी में लिनन की बहु उपयोगिता को दर्शाती हैं यूनिक्लो इंडिया की मार्केटिंग डायरेक्टर निधि रस्तोगी कहती हैं, गर्मी और लिनन एक दूसरे के लिए एकदम सही मेल हैं। 'लाइफ़ इन लिनेन' कैंपेन के साथ, हम लिनन कलेक्शन की क्वालिटी को उजागर करने की इच्छा रखते हैं और बताना चाहते हैं कि यह कितना हवादार है- अवसर चाहे कोई भी हो, यह हर सीज़न के लिए ज़रूरी है। 100त्न यूरोपीय प्रीमियम लिनन से बना यह उत्पाद यूनिक्लो के लाइफ़वियर क्वालिटी और टाइमलेस अपील के वादे का एक बड़ा प्रतिबिंब है। करीना कपूर ख़ान और सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ, यह कैम्पेन हमारे लाइफ़वियर फ़िलॉसफ़ी को बेहद खूबसूरती के साथ दर्शाता है - हर पल के लिए टाइमलेस, क्वालिटी अपेरल।

# होली हुई और भी मज़ेदार - पैराशूट एडवांस्ड गोल्ड का नया म्यूजिक वीडियो हुआ लॉन्च!

**नई दिल्ली।** होली रंगों और मस्ती का त्योहार है, लेकिन इसके साथ बालों के खराब होने की चिंता भी बनी रहती है। इस साल, पैराशूट एडवांस्ड गोल्ड एक नए होली कैंपेन और मज़ेदार म्यूजिक वीडियो के साथ आया है, जिससे आप बिना किसी टेंशन के होली का पूरा आनंद ले सकते हैं! इस कैंपेन में म्यूजिक और मस्ती के साथ यह सीधी सच्चाई बताई गई है कि ÷सिर्फ नारियल काफी है!÷ इस होली एंथम में मशहूर डिजिटल इन्फ्लुएंसर इक्लिप्स नोवा (दीपांशु राज) और नैना (नैंसी सिंह) नजर आ रहे हैं, जो बालों की देखभाल का मज़ेदार संदेश दे रहे हैं। इस वीडियो में दिखाया गया है कि होली में पैराशूट एडवांस्ड गोल्ड कोकोनट हेयर ऑयल लगाने से बालों को जबरदस्त पोषण मिलता है और रंगों से कोई नुकसान नहीं होता। मारिको लिमिटेड की सीएमओ सोमाश्री बोस अवस्थी ने बताया, ÷होली भारत का सबसे रंगीन त्योहार है और हम चाहते थे कि यही जोश हमारे कैंपेन में भी नजर आए। हमने मस्ती और एनर्जी से भरी सिर्फ नारियल काफी है की कहानी के ज़रिए एक यादगार और एंटरटेनिंग वीडियो बनाया है। हम सबको याद दिला रहे हैं कि बालों को सुरक्षित रखना मुश्किल नहीं है—बस पैराशूट एडवांस्ड गोल्ड लगाइए और बेफिक्र होली मनाइए! इक्लिप्स नोवा के स्टेज नेम से मशहूर दीपांशु राज एक बहुत ही प्रतिभाशाली गायक और गीतकार हैं और वे इस म्यूजिक वीडियो में नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''गाना बहुत मज़ेदार है और हर कोई इसे होली पर खूब पसंद करेगा। और हाँ, बाहर निकलने से पहले नारियल तेल लगाना बहुत आसान है, और इससे बहुत फर्क पड़ता है।''



नैंसी सिंह, जिन्हें मेटा पर नैना के नाम से जाना जाता है, ने कहा, ''इस कैंपेन में इतनी एनर्जी है कि मज़ा आ जाता है! ये होली है, इसमें ढेरों रंग हैं, मस्ती है और बालों के खराब होने की कोई टेंशन नहीं। बस तेल लगाओ और मजे करो।'' सोशल मीडिया पर यह कैंपेन तेजी से वायरल हो रहा है, खासतौर पर मेटा प्लेटफॉर्म्स पर इसके छोटे-छोटे मज़ेदार क्लिप्स खूब पसंद किए जा रहे हैं। यूट्यूब पर भी यह गाना फेस्टिवल का माहौल बना रहा है और लोग ÷सिर्फ नारियल काफी है÷ की धुन पर झूम रहे हैं! तो इस होली, बालों की कोई टेंशन नहीं—बस पैराशूट एडवांस्ड गोल्ड लगाइए और रंगों में खो जाइए!

# कच्ची शराब के ठिकानों पर कार्रवाई, 29 कुंतल लहन नष्ट, 21 भट्ठियां तोड़ी

## सौ लीटर कच्ची शराब के साथ दो महिला समेत पांच गिरफ्तार

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कसया पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने बुधवार को अवैध कच्ची शराब के ठिकानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में लहन नष्ट कर भट्ठियां तोड़ दी। इसके अलावा सैकड़ों लीटर कच्ची शराब भी बरामद किया। होली त्यौहार के मद्देनजर कसया पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के भैसहा सदर टोला समेत गंडक नदी के किनारे कच्ची शराब के ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान छापेमारी में टीम ने 29 क्विंटल लहन नष्ट कर दिया। थानाध्यक्ष कसया ओम प्रकाश तिवारी, आबकारी निरीक्षक कसया अरुण कुमार, चौकी इंचार्ज कुशीनगर एसआई गौरव शुक्ला के नेतृत्व में छापेमारी की गई। टीम ने लहन नष्ट करने के साथ ही 21 शराब की भट्ठियां तोड़ीं और 100 लीटर अवैध कच्ची बरामद कर कारोबारियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मौके से दो महिलाओं सहित पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर टीम अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मनोज सिंह पुत्र स्व राज बंशी सिंह निवासी सिघना व मुसाफिर पुत्र रमजान निवासी भैसहा सदर टोला और खलील पुत्र रंगी निवासी राजा टोला भैसहा के रूप में हुई है। पुलिस सभी आरोपियों को आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। **होली के दिन शराब की दुकानें रहेंगी बंद –** जिला मजिस्ट्रेट विशाल भारद्वाज ने होली पर्व पर लोक शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 59 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए दिनांक 14 मार्च 2025 को जनपद कुशीनगर स्थित समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शॉप, बार, भांग, ताड़ी, की समस्त थोक व फुटकर दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इस बंदी के लिए किसी भी अनुज्ञापन धारक को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।


नष्ट की गई लहन के साथ पुलिस टीम

## अनियंत्रित आटो से ठोकर लगने पर मां-बेटी घायल

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत हाटा पिपराइच मार्ग पर स्थित खोठठा चौराहे पर बुधवार की दोपहर 2 बजे के लगभग एक अनियंत्रित आटो ने चौराहे के पुल पर फल खरीद रही महिला को ठोकर मार दिया जिससे वह जमीन पर गिर पड़ी और वह बुरी तरह घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के सितुहिया गांव के निवासिनी इंदू देवी उम्र 45 वर्ष ने अपने पुत्री संध्या उम्र 23 वर्ष को लेकर कुछ सामान की खरीदारी करने खोठठा चौराहे पर गई थीं।

सामान खरीदकर पुल पर स्थित एक फल की दुकान से फल खरीद रही थी तभी पिपराइच की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही ऑटो ने महिला को ठोकर मार दिया। जिससे मां और बेटी दोनों घायल हो गई। तभी किसी ने इसकी जानकारी परिजन को दी परिजन मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए अपनी निजी साधन से सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पिपराइच ले गए।

# मेरे आंगन मेरे बच्चे कार्यशाला का आयोजन



- बच्चों की जिज्ञासाओं को शांत करना शिक्षक शिक्षिकाओं की पहली जिम्मेदारी : शिव कुमार यादव
- बच्चों को प्यार दुलार से पढ़ने के लिए तैयार करती हैं आंगनबाड़ियां

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी/भादर।** बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र भादर की ओर से कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम के परिसर में मेरे आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवाद गोष्ठी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के शैक्षिक विकास और कौशल विकास के क्रम में आयोजित गतिविधियों और निपुण भारत मिशन के निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करने के तरीकों पर विस्तार से संवाद हुआ। कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यशाला का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव और प्रभारी सी डी पी ओ सीमा सिंह ने मां वाणी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया। खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने कहा कि मेरे आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम का मकसद बच्चों के व्यक्तित्व का विकास करना है। बच्चे छोटी सी उम्र में बड़े जिज्ञासु होते हैं, उनकी जिज्ञासाओं को शांत करने के साथ उनके सभी प्रश्नों का उत्तर देना शिक्षिकाओं की पहली जिम्मेदारी है। बच्चों का न्यूनतम अधिगम स्तर बना रहे इसके लिए बाल वाटिका और माता उन्मुखीकरण कार्यशाला जैसे तमाम कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। ए आर पी मंजीत यादव ने कहा कि मां की गोद शिशु की प्रथम पाठशाला होती है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां बच्चे की दूसरी मां होती हैं। बच्चों को प्यार दुलार से पढ़ने के लिए तैयार करती हैं। ए आर पी त्रिवेणी यादव ने निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के निपुण लक्ष्य के बारे में जानकारी दी। संकुल शिक्षक रोहित प्रताप सिंह ने स्कूल रेडीनेस प्रोग्राम और ईयरली चाइल्ड केयर एजूकेशन के बारे में जानकारी दी। आंगनबाड़ी कार्यकत्री कलावती ने आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन और वर्तमान गतिविधियों के बारे में अपने अनुभव शेयर किए। कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम के इं प्र अ संजीव कुमार ने तकनीकी और बदलाव के युग में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित नवाचारी कार्यक्रमों को ठीक से संचालित करने पर जोर देते हुए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# उत्तर पुस्तिका का बंडल गायब होने के मामले में, जांच में जुटी तीन सदस्यीय टीम

अवधनामा ब्यूरो

- जनता इंटर कॉलेज सोहसा मठिया का मामला

**कुशीनगर।** जिले के जनता इंटर कॉलेज सोहसा मठिया के केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ माध्यमिक शिक्षा विभाग ने जांच शुरू कर दी है। संकलन केंद्र पर ले जाते समय उत्तरपुस्तिकाओं का बंडल गायब होने के मामले की जांच करने के लिए डीआईओएस ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर रिपोर्ट मांगी गई है।

बीते सात मार्च को जनता इंटर कॉलेज सोहसा मठिया में बने परीक्षा केंद्र पर हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय की 283 उत्तर पुस्तिकाओं का बंडल रास्ते से गायब होने के मामले में प्रधानाचार्य बने केन्द्र व्यवस्थापक तथा उप संकलन केंद्र प्रभारी पर डीआईओएस ने घटना के दूसरे दिन आठ मार्च को कसया थाने में केस दर्ज कराया था। इस मामले में डीआईओएस ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर विभागीय जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

गठित टीम में विजय कुमार राय प्रधानाचार्य राजकीय विद्यालय मनिकौरा, डॉ. भूपेन्द्र मिश्रा प्रधानाचार्य पंडित दीनदयाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिश्रौली और विकास मणि प्रधानाचार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़ार विन्दवलिया शामिल हैं। डीआईओएस ने बताया कि पिछले एक मार्च को दूसरी पाली में फाजिलनगर क्षेत्र के अशोक विद्या पीठ इंटरमीडिएट कॉलेज नकटहां मिश्र में परीक्षा के दौरान केंद्र को मिले रिजर्व पेपर से परीक्षार्थियों का पेपर कराने का मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। डीआईओएस ने इसे अफवाह बताया था और परीक्षा के दौरान कार्यों में शिथिलता बरतने पर केंद्र व्यवस्थापक व प्रधानाचार्य कश्यप कुमार को हटा कर उनके स्थान पर वरिष्ठ शिक्षक गिरिजेश कुमार त्रिपाठी केंद्र व्यवस्थापक बनाया था। इस मामले में डीआईओएस ने केंद्र व्यवस्थापक व प्रधानाचार्य कश्यप कुमार को लापरवाही बरतने के मामले में निलंबित कर दिया है।

# डीआईओएस का संकलन केंद्र पर हिंदी विषय के उत्तर पुस्तिका खुलवाकर अलग कराने का एक और मामला

अवधनामा ब्यूरो

- डीआईओएस श्रवण कुमार का एक और कारनामा आया सामने

**कुशीनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक का दिन प्रतिदिन नए मामले खुलकर सामने आ रहे है। इस बार इनका कारनामा यह है कि संकलन केंद्र पर हिंदी विषय के उत्तर पुस्तिका का बंडल खुलवाकर देखने की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इनके लापरवाही का नजीता यह भी देखा गया कि बीते दिनों अशोक विद्यापीठ में रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने व जनता इंटरमीडिएट कालेज सोहसा का उत्तर पुस्तिका गायब होने की घटना अभी सुर्खियों में था कि इनके द्वारा एक और नया मामला सामने आ गया है। विभागीय गलियारों में इस बात की खूब चर्चा है कि बोर्ड परीक्षा ने डीआईओएस के कार्य क्षमता को फेल्योर साबित कर दिया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड का शुभारंभ पूरे प्रदेश में 24 फरवरी को हुआ था। सूत्र बताते है कि बोर्ड परीक्षा के पहले दिन यानी कि 24 फरवरी को कुशीनगर जनपद के खड्डा स्थित किलानी देवी इंटरमीडिएट कालेज केन्द्र पर संपन्न हुए इंटर के हिन्दी (कोड संख्या 301) व सामान्य हिन्दी (कोड संख्या 302) विषय की परीक्षा का उत्तर पुस्तिका केन्द्र व्यवस्थापक के लापरवाही के कारण एक ही बंडल में बांधकर पडरौना स्थित उदित नारायण इंटरमीडिएट कालेज में बने संकलन केन्द्र पर जमा कर दिया। सूत्र बताते है कि जब परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक को अपनी लापरवाही का एहसास हुआ तो संकलन केन्द्र प्रभारी के जरिए जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त को मामले की जानकारी दी गई। सूत्रो का कहना है कि परीक्षा के पहले दिन जब डीआईओएस को इतनी बडी लापरवाही की जानकारी हुई तो वह अपने कार्यालय के दो लिपिक व एक सिपाहसलार को साथ लेकर संकलन केन्द्र बने उदित नारायण इंटरमीडिएट कालेज पहुंचे और संकलन केन्द्र प्रभारी के साथ मिलकर एक ही बंडल में रखे गए हिन्दी 301 व हिन्दी सामान्य 302 का उत्तर पुस्तिका अलग-अलग बंडलों में करा कर जमा कराया जो नियम विरुद्ध है। डीआईओएस का यह कारगुजारी वहां लगे तीसरी आंख में कैद है जैसा कि सूत्रो का दावा है। इस दावे में कितनी सच्चाई है यह दिनांक 24 फरवरी 2025 के सायंकाल छह बजे से रात्रि आठ बजे के बीच सीसीटीवी टीवी कैमरा में कैद दृश्य को खंगालने के बाद ही स्पष्ट जायेगा।


डीआईओएस श्रवण गुप्ता

### जिम्मेदारों की जुबानी

इस संबंध मे जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त से उनके सरकारी मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर पूरे मामले से अवगत कराते हुए उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होने बडी ही निर्लज्जता व बेरुख़ी से जवाब देते हुए कहा कि कुछ अराजक तत्व बदनाम करने की कोशिश कर रहे है आपने बता दिया, दिखवाता हूं। अब सवाल यह उठता कि डीआईओएस क्या दिखवाएंगे जबकि खुद वो ही इस खेल के खिलाडी है। इसी कडी में संकलन केन्द्र प्रभारी/उदित नारायण इंटरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह से बात किया गया तो उन्होने कहा कि बंडल खुलवाया नही गया है। एक ही बंडल में दोनों उत्तर पुस्तिका जमा कर लिया गया है। यह पूछे जाने पर कि अलग नही कराया गया तो फिर कापी जांच के दौरान दिक्कत नही होगी तो उन्होने बताया कि 301 कोड संख्या पर ही बंडल जमा कर लिया गया 302 कोड पर शून्य दिखा दिया जायेगा जहां कापियां जायेगी वहा दोनो उत्तर पुस्तिकाओं की जांच हो जायेगी।

# बोर्ड परीक्षा : इंटर अंग्रेजी में 3238 ने छोड़ी परीक्षा

## सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संपन्न हुई बोर्ड परीक्षा

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा में बुधवार द्वितीय पाली में हाई स्कूल अंग्रेजी विषय में 3238 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा जिले के 152 केंद्रों पर सम्पन्न हुई। परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। कहीं से भी अनुचित साधन प्रयोग करने का समाचार नही प्राप्त हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को द्वितीय पाली में हाई स्कूल अंग्रेजी में पंजीकृत कुल परीक्षार्थियों की संख्या 51305 थी जिसमें से बालक वर्ग से 24533 व बालिका वर्ग से 23534 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें बालक वर्ग से 2201 व बालिका वर्ग से 1037 अनुपस्थित रहे। जबकि कृषि विषय में कुल पंजीकृत छात्रों। की संख्या 292 थी जिसमें से 21 अनुपस्थित रहे। इस तरह से कुल 3259 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। परीक्षा की निगरानी के लिए सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। शुचिता पूर्ण और नकलविहीन परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों को छह जोन और 17 सेक्टर में बांटा गया है। डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित है। यहां से सभी केंद्रों की सीसीटीवी कैमरों से जोड़ निगरानी की जा रही है। इसके अलावा सभी केंद्रों पर परीक्षक तैनात करने के साथ ही केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए है।

## प्रभारी मंत्री ने नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

**रायबरेली।** जनपद रायबरेली के सामुदायिक भवन रतापुर में सदर/सलोन विधानसभा क्षेत्र की नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग, उप्र/ जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान रहे। इस कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री तथा सदर विधायक अदिति सिंह, सलोन विधायक अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा कुल 77 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मंत्री द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि जनपद रायबरेली में कुल 350 रिक्त/विज्ञप्ति पद के सापेक्ष 337 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है, तत्क्रम में विधानसभा क्षेत्र सलोन की 61, विधानसभा सदर की 16 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों नियुक्ति पत्र वितरित किया गया शेष अन्य विधानसभाओं में भी जल्द ही नियुक्त पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। नव नियुक्त आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण करने वाला प्रदेश का दूसरा जिला रायबरेली है।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** होली के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को खुशियों का उपहार देते हुए, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को 1,890 करोड़ रुपये की गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी प्रदान की गई। इस राशि का वितरण माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लोक भवन सभागार, लखनऊ से किया गया। जनपद देवरिया में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया एवं जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की उपस्थिति में पात्र परिवारों को सब्सिडी प्रदान की गई।

इस योजना के तहत जनपद देवरिया के 1,97,863 उज्ज्वला कनेक्शन धारकों को इस लाभ का सीधा फायदा मिलेगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने लाभार्थियों से संवाद कर सरकार की योजनाओं की महत्ता को रेखांकित किया। उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। इसके साथ ही, पर्यावरण सुधार के साथ ही घर-घर में स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। योजना के अंतर्गत होली और दीपावली के अवसर पर पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सुविधा दी गई है। पहले चरण में (अक्टूबर से दिसंबर 2024) दीपावली पर आधार-प्रमाणित परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी दी गई थी, जबकि दूसरे चरण में (जनवरी से मार्च 2025) होली के अवसर पर यह सब्सिडी अंतरित की जा रही है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रति गैस रिफिल पर केंद्र सरकार द्वारा 334.78 तथा राज्य सरकार द्वारा 508.14 की सब्सिडी दी जा रही है। योजना की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सब्सिडी की राशि आधार-लिंक्ड बैंक खातों में सीधे अंतरित की गई है। इस अवसर पर सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल गरीब परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध करा रही है, बल्कि उनके स्वास्थ्य और पर्यावरण की भी रक्षा कर रही है। मुख्यमंत्री योगी द्वारा होली के अवसर पर उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सौगात देकर गरीब परिवारों को बड़ी राहत दी गई है।



## सदर विधायक ने कार्यकर्ताओं संग जमकर खेली होली

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** हर साल की तरह इस साल भी सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने पालिटेक्निक के निकट स्थित अपने आवास मां सरस्वती सेवा सदन पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यकर्ताओं ने जनप्रतिनिधियों के साथ जमकर अबीर गुलाल उड़ाए और मिठाइयों का आनंद लिया। बिहार से आए कलाकारों ने फगुआ के के धुन पर सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कलाकार अनुपमा यादव और विनय तिवारी ने होली गीतों पर लोगों को खूब नचाया । विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, विधायक सुरेंद्र चौरसिया, सभाकुंवर कुशवाहा, सहित जिले के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## अपनी रायबरेली-रमणीय रायबरेली के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा अपनी रायबरेली रमणीय-रायबरेली स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु विकास खण्ड अन्तर्गत तैनात सफाई कर्मचारियों की टीम लगाकर साफ-सफाई का कार्य कराये जाने के निर्देश दिये गये है।जिसके क्रम में जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह द्वारा अपनी रायबरेली रमणीय रायबरेली स्वच्छता पखवाड़ा मनाये जाने हेतु समस्त सफाई कर्मियों को कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए टीम भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिये गये। उक्त कार्यक्रम के शुभारम्भ हेतु आज विकास खण्ड-राही की ग्राम पंचायत गोविन्दपुर के राजस्व ग्राम पूरे सिद्धा में टीम लगाकर साफ-सफाई का कार्य प्रारम्भ कराया गया। इस दौरान जिला सलाहकार राहुल सिंह, प्रेरित कटियार, सहायक विकास अधिकारी (पं0) प्रेमपाल सिंह, सचिव ग्राम पंचायत सुषमा वर्मा एवं सुधीर चौधरी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
शुद्धिपत्र
संदर्भः ई प्रापण निविदा सं.
उप मु०इं०–नि०–सा०–जी.के.पी–22–2024
सन्दर्भित निविदा में शिड्यूल का कार्य का विवरण के सम्बन्ध में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है।
**क्रमांक 1:– पूर्व में दिया गया मानकः** प्रोवाइडिंग एण्ड लेइंग डिजाइन मिक्स कंट्रोल कंक्रीट एम 45/एम 55 इन प्री–कास्ट, प्री–टेंशनड/पोस्ट टेंशनड पी०एस०सी स्लैब इंक्लूडिंग ट्रांसपोर्टेशन टू साइट एंड लॉन्चिंग इन पोजिशन यूजिंग वेल ग्रेडेड स्टोन एग्रीगेट आफ 20 एम0एम0 नॉमिनल साइज। पेमेंट टू बी रिलीजड इन टू स्टेजः (i) 50% ऑन कास्टिंग एंड स्ट्रेशिंग आफ स्लैब (ii) 20% आन ट्रांसपोर्टेशन आफ स्लैब टू द साइट (iii) 20% आफ्टर लांचिंग द स्लैब इन पोजिशन; एंड (iv) बैलेंस 10% ऑन कम्प्लीशन ऑफ बैलेंस वर्क।
**संशोधित मानकः** प्रोवाइडिंग एण्ड लेइंग डिजाइन मिक्स कंट्रोल कंक्रीट एम 45/एम 55 इन प्री–कास्ट, प्री–टेंशनड/पोस्ट टेंशनड पी०एस०सी स्लैब इंक्लूडिंग ट्रांसपोर्टेशन टू साइट एंड लॉन्चिंग इन पोजिशन यूजिंग वेल ग्रेडेड स्टोन एग्रीगेट आफ 20 एम०एम० नॉमिनल साइज। पेमेंट टू बी रिलीजड इन टू स्टेजः (i) 50% ऑन कास्टिंग एंड स्ट्रेशिंग आफ स्लैब (ii) 20% आन ट्रांसपोर्टेशन आफ स्लैब टू द साइट (iii) 20% आफ्टर लांचिंग द स्लैब इन पोजिशनय; एंड (iv) बैलेंस 10% ऑन कम्पलीशन ऑफ बैलेंस वर्क, नोटः– द पेमेंट ऑफ रिफोर्समेंट स्टील, प्री स्ट्रेसिंग केबल, सीमेंट ट्रांसपोर्ट एंड लॉन्चिंग का गर्डर विल बी पेड एक्स्ट्रा एज पर आइटम का शेड्यूल। अन्य शर्ते पूर्वतः की भाँति लागू रहेगी। शुद्धि पत्र वेब साइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
उप मुख्य इन्जी0/निर्माण/सा0
मुजाधि/डब्लू–440 गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ वार्षिक महायज्ञ, मेले में उमड़ी हजारों की भीड़

**अमेठी/टीकरमाफी अवधनामा संवाददाता।** स्वामी परमहंस आश्रम में वार्षिक महायज्ञ और पारम्परिक मेला साम्प्रदायिक सद्भाव और हर्षोल्लास के माहौल में सम्पन्न हुआ। वार्षिक महायज्ञ में यूपी के दो दर्जन से अधिक जनपदों से श्रद्धालु शामिल हुए। बड़ी संख्या में आम जनता के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और संत महात्माओं ने स्वामी जी की समाधि के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम के प्रबंधक 1008 स्वामी हरि चैतन्य ब्रह्मचारी और पीठाधीश्वर स्वामी दिनेशानंद महराज ने श्रद्धालुओं को प्रसाद और सुखी जीवन के लिए आशीर्वाद प्रदान किए। चौकी इंचार्ज इंद्रेश राव के साथ संग्रामपुर पुलिस और आसपास के थानों से आई फोर्स ने मेले में सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। मेले में चोरी, अराजक तत्वों की गतिविधियों और मनचलों की अश्लील हरकतें रोकने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। पुलिस सादी वर्दी में भी मेले टहलती देखी गई।



## एडीएम प्रशासन ने एस.एल.टी. इंटर कॉलेज का किया निरीक्षण

**देवरिया।** एडीएम (प्रशासन) जैनेंद्र सिंह ने आज एस.एल.टी. इंटर कॉलेज, केशोबारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रथम पाली में उर्दू विषय की परीक्षा चल रही थी, जिसमें मात्र एक परीक्षार्थी उपस्थित पाया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक आशीष साहनी अनुपस्थित पाए गए। पूछताछ करने पर बताया गया कि उनके परिवार में एक सदस्य के निधन के कारण वे वहां गए हैं। उनकी अनुपस्थिति में अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक उदय सिंह परीक्षा केंद्र पर उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में उर्दू विषय के अध्यापक एजाज अहमद उपस्थित पाए गए, जो बोर्ड परीक्षा के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार, जिस विषय की परीक्षा हो रही हो, उस विषय का अध्यापक विद्यालय परिसर में उपस्थित नहीं रह सकता। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एडीएम प्रशासन ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि वे इस अनियमितता का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें और की गई कार्यवाही से अवगत कराएं।

# भ्रष्टाचार को लेकर आमने-सामने समाज कल्याण अधिकारी और वरिष्ठ सहायक, मंत्री ने दिए जांच के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** समाज कल्याण विभाग में भ्रष्टाचार को लेकर समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल और वरिष्ठ सहायक गोकुल प्रसाद जायसवाल आमने-सामने हैं। दोनों एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं। प्रकरण संज्ञान में आने पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने जांच के निर्देश दिए हैं।

गोकुल प्रसाद जायसवाल समाज कल्याण विभाग में लम्बे समय से कार्यरत हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी से उनकी पटरी नहीं बैठ रही हैं। सूत्रों का कहना है कि विभाग से मिलने वाली अनुदान की धनराशि और मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत वैवाहिक आयोजनो में लाभार्थियों के चयन से लेकर धनराशि के प्रेषण तक जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। भ्रष्टाचार की पोल तब खुली जब समाज कल्याण अधिकारी ने गोकुल प्रसाद जायसवाल को अपने कक्ष में बलपूर्वक बुलाया और उनका मोबाइल लेकर 40000रु अपनी पत्नी अंजू शुक्ल के खाते में जबरन ट्रांसफर कर दिए। गोकुल प्रसाद जायसवाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से समाज कल्याण अधिकारी की जोर जबरदस्ती के खिलाफ आवाज उठाई है और डी एम से शिकायत की है।

जिले में तैनात जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल पर विभाग के गोकुल प्रसाद ने आरोप लगाया है कि समाज कल्याण अधिकारी द्वारा डरा धमका कर मोबाइल से 40 हज़ार रुपए बलपूर्वक अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर कराया गया है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) असीम अरुण ने अयोध्या मंडल के उपनिदेशक को मौके पर भेज के जांच करवाने का निर्देश विभाग के निदेशक श्री कुमार प्रशांत को दिया है। गोकुल प्रसाद का आरोप है कि 26 दिसंबर 2024 को समाज कल्याण अधिकारी ने अपने चैंबर में बुलाया और बल पूर्वक मोबाइल लेकर फोन-पे का पासवर्ड प्राप्त कर अपनी पत्नी डॉ. अंजू शुक्ल के खाते में 40 हज़ार रुपए ट्रांसफर कर लिया। बाबू ने अपनी शिकायत में रुपये के लेनदेन का एक साक्ष्य भी दिया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण मंत्री ने 20 मार्च को जांच रिपोर्ट से अवगत कराने का निर्देश दिया है।

> प्रदेश सरकार ज़ीरो टोलरेंस के तहत भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार प्रहार कर रही है। विभाग में किसी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जांच के बाद दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न हो।
>
> **असीम अरुण**
> **मंत्री, समाज कल्याण विभाग**

## प्रभारी मंत्री ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी उपलब्ध कराये जाने का प्रतीकात्मक चेक किया प्रदान



अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री उप्र योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार, लखनऊ में प्रदेश के उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार रायबरेली में किया गया। इस कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना के लगभग 100-150 लाभार्थी उपस्थित रहे, जिनके द्वारा मुख्यमंत्री के उज्ज्वला कार्यक्रम के सम्बोधन को सुना गया। इस कार्यक्रम में जनपद में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग, उप्र/जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान जी उपस्थित रहे, मा0 मंत्री जी द्वारा उज्ज्वला योजना के 10 लाभार्थियों एवं उपस्थित अन्य समस्त उज्ज्वला लाभार्थियों को राज्य सरकार द्वारा होली के त्यौहार पर सब्सिडी 511.95 का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया।

**उत्तर रेलवे**
निविदा समापन तिथि बढ़ाने की सूचना
कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप, आलमबाग, लखनऊ में आर.एम.पी.यू. में एल.एच.बी. वातानुकूलित यान/हाइब्रीड वातानुकूलित यान में ट्रफ फ्लोर एवं डक्ट से होने वाले पानी के रिसाव की रोकथाम की व्यवस्था के कार्य हेतु एन.आई.टी. सं. विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/194B/2024-25 दिनांक 17.02.2025 द्वारा निविदायें आमंत्रित करने की तिथि को प्रशासनिक कारणों से 17.03.2025, 15.00 बजे तक बढ़ाया जाता है। 774/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बहराइच महोत्सव-2025 के मेगा ड्रा में बाबू राम कश्यप को मिली स्कूटी

- कलेक्ट्रेट में डीएम व सीडीओ के हाथों पुरस्कृत हुए विजेता
- उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किये गये अधिकारी



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जिले में 08 से 10 मार्च तक गेंद घर मैदान में आयोजित हुए बहराइच महोत्सव-2025 को अधिकं आकर्षक व रूचिकर बनाने तथा जनपदवासियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अभिनव पहल के तौर पर शामिल किये गये लकी ड्रा के विजेताओं को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के साथ मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार का वितरण किया। उल्लेखनीय है कि बहराइच महोत्सव के अन्ति दिन जनपद के मा. प्रभारी मंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों एवं हज़ारों दर्शकों के समक्ष किये गये लकी ड्रा में रू. 500 की धनराशि के कूपन के सापेक्ष बाबूराम कश्यप टोकेन नम्बर 4118 को स्कूटी, शशि देवी 3481, सनत कुमार शर्मा 3920, आंसिफिया इरफान 4695 व टोकेन सं. 342 के हिस्से में आई पैड आया। जबकि जिला सूचना कार्यालय, बहराइच द्वारा विक्रय किये गये रू. 200 की धनराशि के कूपन के लकी ड्रा में रफीक उल्ला खां को टोकेन नं. 1051 व 1054 के लिए मोबाइल व आयरन प्रेस तथा सविता वर्मा को टोकेन नं. 1024 मिक्सर ग्राइंडर तथा रू. 200 की कैटेगरी के जनपद स्तरीय लकी ड्रा में पुरूषोत्तम लाल 239, जगत पाल 365 व राजेन्द्र प्रसाद 5128 को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर मोबाईल, मिक्सर ग्राइंडर व आयरन प्रेस का प्रेस वितरण किया गया।नगर निकायों अन्तर्गत रू. 200 की कैटेगरी के लकी ड्रा में नगर पालिका परिषद बहराइच से प्रियांशु राज भाष्कर, अयाज, लाल बहादुर सिंह व नगर पालिका परिषद नानपारा से राज कुमार गोयल, मुक्तिनाथ साहू व श्रीमती शन्नो को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार मिला। इसी प्रकार नगर पंचायत रिसिया से दीपक कश्यप, अरविन्द गुप्ता, मनीष कुमार, जरवल से माला, धरम, अब्दुलवाली, कैसरगंज से मो. कैश, रीमा, कुलदीप कुमार, रूपईडीहा से वैभव गुप्ता, अमर कुमार, राज कुमार, मिहींपुरवा से अनिल वर्मा, सरजू मिश्रा, प्रशांत मिश्रा को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। लकी ड्रा में प्रथम स्थान पाने वाले को मोबाईल, द्वितीय स्थान पाने वाले को मिक्सर ग्राइंडर व तृतीय स्थान पाने वाले को आयरन प्रेस दिया गया।इसी प्रकार ब्लाक अन्तर्गत रू. 200 की कैटेगरी के लकी ड्रा में विकास खण्ड बलहा अन्तर्गत मन्सूर अकबाल टो.न. 4351, वसी इब्राहिम 650, जुबेर अहमद 4452, चित्तौरा के सलमा बेगम 1256, शालिनी मौर्य 1234 व लीला वती 1253, हुजूरपुर अनीता सिंह 2167, रूद्र प्रताप सिंह 2140, अखण्ड प्रताप सिंह 2124, जरवल से माण्डवी वर्मा 2977, विकास सिंह 2987, शिवांशु शुक्ला 2915, कैसरगंज से भूधर चन्द्र 519, मीना सिंह 522, ज्योति सिंह 546, महसी से छोटका नकछेद 5708, ज्ञान प्रकाश चौधरी 4279, राम तीरथ 4216, मिहींपुरवा से गुड़िया 5813, शम्भू 5959, रंजीत 5928, नवाबगंज से ग्राम प्रधान उभरिया 5327, ग्राम प्रधान जैतापुर 5318, ग्राम प्रधान गंगापुर 5315, फखरपुर के कुसुम सिंह 2241, लक्ष्मी यादव 2374 व रामतेज विश्वकर्मा 2223, पयागपुर के जगतजीत दुबे 4569, अमृतांशु सिंह 4803 व जगतजीत दुबे 4567, रिसिया के पुष्पा से पुष्पा देवी 1796, शिवकुमार 1652 व सूफिया 1753, तेजवापुर से नीरज 1865, मोहित 1881 व संदीप शुक्ला 1835, शिवपुर के अनुराग 1422, अनुज 1450 व अंकुर 1443, विशेश्वरगंज की रूकमणी 2003, संतोष 2036 व अनोखी लाल 2057 को लकी ड्रा में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर मोबाईल, मिक्सर ग्राइंडर व आयरन प्रेस का प्रेस वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने बहराइच महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग करने वाले अधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए मा. जनप्रतिनिधियों, मीडिया बन्धुओं तथा जनपदवासियों का आभार ज्ञापित किया।

# जे0एस0 में हुए फर्जीवाड़े को लेकर जिलाधिकारी ने किया जांच समिति का गठन

- पीड़ित छात्र मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं शिकायत



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जे.एस. विश्वविद्यालय शिकोहाबाद में हुए शैक्षिक अभिलेखों में फर्जीवाड़ा के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक चार सदस्यीय जांच समिति का गठन कर अविलम्ब जांच करने के दिए निर्देश। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी ने जे.एस. विश्वविद्यालय, शिकोहाबाद द्वारा शैक्षिक अभिलेखों में फर्जीवाडा किये जाने की प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में जांच किये जाने हेतु समिति का गठन किया गया है। समिति का विवरण निम्नवत् है, मुख्य विकास अधिकारी (अध्यक्ष), अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) (सदस्य), अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), (सदस्य), क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी (सदस्य), वरिष्ठ कोषाधिकारी फिरोजाबाद। समिति द्वारा आज 12-03-2025 को जे.एस. विश्व विद्यालय, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के समय विश्वविद्यालय में केवल गार्ड, माली उपस्थित मिले, विश्वविद्यायल के अन्य कोई प्रशासनिक अधिकारी, अन्य अधिकारी, कार्मिक प्राध्यापक आदि उपस्थित नहीं मिले। अतः जांच के सन्दर्भ में जे.एस. विश्वविद्यालय शिकोहाबाद के कुलपति, उप कुल सचिव, परीक्षा नियन्त्रक, अन्य को अपना पक्ष, अभिलेख, साक्ष्य आदि 17-3-2025 को अपरान्ह 05 बजे तक समस्त प्रमाणित अभिलेखों, साक्ष्यों सहित अपना पक्ष मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, सिविल लाइन, दबरई, फिरोजाबाद में उपलब्ध कराने का निर्देश समिति द्वारा दिया गया है। इसके अतिरिक्त जे.एस. विश्व विद्यालय, शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद के सन्दर्भ में कोई भी छात्र, अभिभावक या व्यक्ति, संस्था आदि उपरोक्त के सन्दर्भ में अपना पक्ष, साक्ष्य, अभिलेख, बयान रखना चाहते हैं, तो किसी भी कार्य दिवस में अपरान्ह 05 बजे तक मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, सिविल लाइन, दबरई, फिरोजाबाद में उपलब्ध करा सकते हैं, बयान दे सकते हैं।

## पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह 22 मार्च को

**बहराइच।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सेवानिवृत्त कर्नल एम.सी. ध्यानी ने बताया कि 22 मार्च 2025 को जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, बहराइच में पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह का आयोजन प्रस्तावित है। श्री ध्यानी ने बताया कि समारोह में स्वास्थ्य परीक्षण हेतु मैडिकल कैम्प, ईसीएचएस योजना एवं स्पर्श से सम्बन्धित जानकारी, सीएसडी कैंटीन की सुविधा, स्वतः रोजगार एवं विभागीय कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के साथ आर्थिक सहायता वितरण भी किया जायेगा।

# 1.86 करोड़ पात्र परिवार को गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी वितरण

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** शासन प्रशासन का उद्देश्य है कि समाज के सभी तबकों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित करते हुए उनके जीवन में उत्पन्न समस्याओं को दूर किया जाए, इसी विचार के तहत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रु0 1890 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवार को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में वितरित किया गया, जनपदों में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण लाभार्थियों की उपस्थिति में देखा गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर कामिनी राठौर ने की उनके साथ इस कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा एवं उज्ज्वला के नोडल अधिकारी मोहम्मद वसीम, जिला पूर्ति अधिकारी स्वीटी सिंह भी उपस्थित रहीं, साथ ही साथ बड़ी संख्या में महिला लाभार्थियों ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की। जनपद में इस योजना के कुल लाभार्थियों की संख्या 2 लाख 33 हजार 322 है, इस अवसर पर महापौर ने निम्न लाभार्थियों को चेक वितरित किया जिसमें नन्नी देवी, रूबी बेगम, नीरज, पिंकी देवी, बबली, बबीता, सुरजमुखी, मार्गश्री, सुनीता देवी, मीरेश देवी, पुष्पा देवी, अनीता देवी, पिंकी, सोनी, कमला देवी, फिज़ा, नूरजा बेगम, इमराना हुस्नबानो, इमराना, सबाना आयशा, इशरत नगीना आदि लाभार्थियों को चेक वितरण किया।

## पेयजल परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्धता कार्य की डीएम ने की समीक्षा

**बहराइच।** अमृत 2.0 कार्यक्रम अन्तर्गत पेयजल योजनाओं हेतु जरवल व सदर में हेतु भूमि का चिन्हांकित किये जाने, भूमि के अविवादित होने एवं प्रभारी अधिकारी द्वारा सम्बन्धित प्रकरणों की स्वयं समीक्षा किये जाने के सम्बन्ध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने पेयजल योजनाओं हेतु भूमि की उपलब्धता के बारे में जानकारी करने पर बताया गया कि जरवल के मोहल्ला सराय तकिया कटरा दाक्षिणी में चिन्हित भूमि विवादित है। इस सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी कैसरगंज को निर्देश दिया गया कि विवाद सुलझा कर शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराएं। इसी प्रकार तहसील नानपारा में पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में एसडीएम नानपारा को निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही भूमि चिन्हित कराकर अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को अवगत करा दें। डीएम मोनिका रानी ने प्रभारी अधिकारी नगर निकाय/एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि नगर निकायों में भूमि उपलब्धता की स्वयं समीक्षा कर ले।

# श्री अन्न औषधि है : डीएम

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कलैक्ट्रेट से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनांतर्गत जनपद स्तरीय मिलेट्स श्री अन्न जागरूकता, प्रदर्शन, रोड-शो के प्रचार हेतु वाहन को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि श्री अन्न औषधि है, हमारे पूर्वजों ने कुदरत में पाए जाने वाली अनेक प्रकार के पदार्थों को खेती व भोजन में अपनाया, इसमें रागी, सांवा, कौणी, चीना, रामदाना, बाजरा, ओंगल, तिल, अलसी, जौ, मक्की और कई प्रकार की दालों को अपने खाने में शामिल किया और वह लंबे समय तक स्वस्थ, निःरोगी रहे, आज हम सबको मोटे अनाज को अपने खाने में शामिल करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि मिलेट्स में प्रोटीन, खनिज, विटामिन के संदर्भ में चावल और गेहूं से 03-05 गुना अधिक पोषण होता है, इसके उत्पादन के लिए बहुत कम पानी की आवश्यकता होती है, यह शुष्क और अर्द्धशुष्क यानि सूखे क्षेत्र में अच्छी पैदावार देता है। श्री सिंह ने कहा कि मिलेट्स के लिए किसानों को जागरूक किया जाये, लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए मिलेट्स बहुत ही लाभप्रद है। उन्होने किसानों का आव्हान करते हुये कहा कि सामान्य फसलों में बाजरा रागी, ज्वार, बाजरा और वरिगा प्रोसो मिलेट शामिल हैं, बाजरा अपने उच्च प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और लौह तत्त्व जैसे खनिजों के कारण गेहूँ एवं चावल की तुलना में कम खर्चीला तथा पौष्टिक रूप से बेहतर है, बाजरा कैल्शियम और मैग्नीशियम से भी भरपूर होता है, रागी को सभी अनाजों में सबसे अधिक कैल्शियम स्रोत के रूप में जाना जाता है, बाजरा पोषण सुरक्षा प्रदान करता है और विशेष रूप से बच्चों एवं महिलाओं के बीच पोषण की कमी के खिलाफ ढाल के रूप में कार्य करता है इसमें उपस्थित उच्च लौह तत्त्व भारत में महिलाओं की प्रजनन अवस्था के दौरान तथा शिशुओं में एनीमिया के उच्च प्रसार को रोकने में सक्षम हैं, बाजरा जीवनशैली की समस्याओं जैसे कि मोटापा और मधुमेह जैसी स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने में मदद करता है क्योंकि वह ग्लूटेन मुक्त होते हैं और उनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, उप कृषि निदेशक नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, जिला कृषि अधिकारी डा. सूर्य प्रताप, कृषि वैज्ञानिक आदि उपस्थित रहे।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

- खाना पूर्ति न कर समस्याओं का हल निकालें: जिलाधिकारी



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिलाधिकारी ने इस बैठक में इन बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की, जिसके कारण जनपद में दुर्घटनाएं होती हैं, जिलाधिकारी ने कहा की नए ब्लैक स्पॉटों की पहचान करें, साथ ही साथ उन कारणों का भी अवलोकन करें जिसके कारण दुर्घटनाएं होती हैं, जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी जागरूकता कार्यक्रम या स्कूल के बच्चों या अन्य के द्वारा प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता फैलाई जाती है, उस दौरान पुलिस ट्रैफिक एवं प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहें, जिससे इन कार्यक्रमों की प्रासंगिकता रहे, गोल्डन आवर में एंबुलेंस की व्यवस्था हो, साथ ही जहां ज्यादा दुर्घटनाएं हो रही हैं, वहां एआरटीओ के साथ अन्य प्रशासन के अधिकारियों को मिलाकर समिति का गठन किया जाए, जो इन घटनाओं की त्वरित जांच कर सके।

यूपीडा के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि खड़े वाहनों का चालान किया जाए, साथ ही पेट्रोलिंग वाहनों की संख्या बढ़ाई जाए, जहां तीन या तीन से अधिक मृत्यु हो वहां 48 घंटे के अंदर टीम जांच कर सही स्थिति से अवगत कराऐं, जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके, नेशनल हाईवे पर स्थित शराब की दुकानों को तुरंत बंद कराऐं, साथ ही ऐसी बसें जो बिना परमिट के सड़कों पर चल रही है और जुर्माना इत्यादि लगाने पर भी इसमें कोई सुधार नहीं आ रहा है, तो ऐसी बसों पर पूर्णतयः प्रतिबंध लगाए, साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत जहां-जहां सड़क क्षतिग्रस्त की जा रही हैं, उन्हें तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए, उन्होंने एआरएम को निर्देशित किया कि प्राइवेट बसों की पार्किंग की व्यवस्था हो, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके, बैठक के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राम बदन राम, अपर जिलाधिकारी विशु राजा सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारीगण आदि उपस्थित रहें।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**टूंडला।** सीतापुर में एक पत्रकार की गोली मारकर हुई हत्या के मामले में नाराजगी जताते हुए ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन फिरोजाबाद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने जिला मुख्यालय पर अपर जिलाधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। बुधवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन फिरोजाबाद के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने जिला मुख्यालय पर अपर जिला अधिकारी को राज्यपाल महोदय को संबोधित कर एक ज्ञापन आगरा मंडल अध्यक्ष अखिलेश सक्सेना के नेतृत्व में सौंपा इस दौरान जिलाध्यक्ष उद्देश्य तिवारी ने कहा कि सीतापुर में एक पत्रकार साथी राघवेंद्र बाजपेई की गोली मारकर निर्मम हत्या का मामला आया वह बेहद दुखद व चिंताजनक है घटना के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाए। वहीं महासचिव धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मृतक पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी व उचित मुआवजा दिलाया जाए। सह सचिव विपिन कुमार ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होते हैं सीतापुर में पत्रकार की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या का मामला बेहद चिंताजनक है तथा पत्रकारों की सुरक्षा के लिए आयोग का गठन होना चाहिए जिससे पत्रकार निडरतापूर्वक निष्पक्ष खबरें प्रकाशित कर सके। इस दौरान अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद सभी पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रख कर मृतक पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की आत्मा की शांति तथा परिवार के लोगों को यह अटूट दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की । इस दौरान यशवंत प्रताप सिंह, श्रीकृष्ण चित्तौड़ी, संजीव कुमार, दुर्वेश कुमार, नेमीचन्द्र कुशवाह, अवनीश कुमार, दिनेश प्रताप सिंह, विनेश कुमार, जे पी गौतम आदि के साथ अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# बौद्ध अनुयायी-अम्बेडकर समाज के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**

**टूंडला।** हिन्दुस्तान संवाद।महाबोधि बौद्ध महाविहार बोध गया विहार पर शासन व प्रशासन द्वारा बरती जा रही शिथिलता एवं लापरवाही को लेकर महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार नई दिल्ली के नाम एक ज्ञापन एसडीएम टूंडला को सौंपा। इस दौरान बौद्ध एवं अम्बेडकर अनुयायीगणों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि बौद्ध भिक्णु, उपासक, उपासिकाएँ, बौद्धिष्ट अनुयायी की भावनाओं प्रथम दृष्टि प्रदान करें और संवैधानिक हक प्रदान कराया जाये। बोधगया को न्यायिक दृष्टि प्रदान करते हुए आमरण अनशन पर बैठे बौद्ध भिक्षु एवं अनुयायी को न्याय प्रदान करवायें। प्रकरण के प्रति गंभीरता से कार्यवाही व संज्ञान न लेने वाले शासकीय अधिकारी व विहार सरकार के विरूद्ध तत्काल संज्ञान लें। महाबोधि को हिन्दू पुजारियों से तत्काल संज्ञान लेते हुए मुक्त करवाया जाये। पुरानी विधिक कानूनी व्यवस्था को तत्काल निरस्त कराया जाये। बौद्ध भिक्षु एवं उपासक एवं बाबा साहिब डा. बीआर अम्बेडकर के अनुयायीयों को उनका हक प्रदान करते हुए हिन्दु पुजारियों से मुक्ति दिलायी जाये। इस मौके पर आरपी सिंह, रोशन लाल, शिवपुत्रा नंद, दीवान सिंह, रविकांत सिंह, संजय कुमार, प्रदीप कुमार, नवेद आलम, हैदर अली, प्रमोद रावत, चंद्र प्रकाश, राजुद्दीन अली, विशंभर सिंह, शमसुद्दीन अली, अनिल यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## आशा/आशासंगिनी कर्मचारी संगठन ने सौंपा ज्ञापन

**सुलतानपुर।** जनपद की आशा/आशासंगिनी कर्मचारी संगठन सम्बंद्ध भारतीय मजदूर संघ ने अपने कार्य क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को दूर करने के सम्बन्ध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौपा।सात सूत्रीय ज्ञापन में अवगत कराया है कि अभी तक का लंम्बित भुगतान कराया जाय। ब्लाक स्तरीय सुविधा प्रदान कराये जनपद के सभी ब्लाको में आशा/आशासंगिनीयों के कार्यकुशलता का विवरण प्रत्येक माह अवगत कराये।आशा शिकायत निवारण समिति जो निष्क्रिय हो गई है, उसे सक्रिय किया जाय। आभा एवं आयुष्मान कार्ड के भुगतान प्रतिमाह कराना सुनिश्चित किया जाय। इस अवसर पर किरन शुक्ला जिला अध्यक्ष, गुंजा सिंह जिला मंत्री, एंव रंजना शर्मा जिला उपाध्यक्ष मौजूद रही।

## 14 मार्च को होली त्यौहार पर जनपद की समस्त देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर की दुकानें रहेंगी बन्द: डीएम

**सुलतानपुर।** जनपद में होली के पर्व पर लोकशान्ति बनाये रखने के दृष्टिगत संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 की धारा-59 के अर्न्तगत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट कुमार हर्ष ने 14 मार्च, 2025 (होली के दिन) सायं 05:00 बजे तक जनपद की समस्त देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर के फुटकर अनुज्ञापन, मॉडलशॉप, भांग के फुटकर अनुज्ञापन एफ0एल0-07/06 बार अनुज्ञापन तथा समस्त प्रकार के थोक अनुज्ञापन बन्द रखे जायेंगे। इस बन्दी के लिये सम्बन्धित अनुज्ञापियों को किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति देय नहीं होगी।

# जिला प्रशासन द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में पत्रकारों के गूँजे गीत

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** आगामी होली व चल रहे रमजान के त्योहार को सकुशल संपन्न कराने में दिन-रात पसीना बहा रहे जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिले में एक अनोखी शुरुआत की है। त्योहार के पूर्व डीएम के संयोजन में एक होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया,जहां जिले के सैकड़ो पत्रकारों ने पहुंचकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। पत्रकारों ने जहां होली से संबंधित गीत व गजलों को प्रस्तुत किया, वहीं प्रशासन व पत्रकारिता के पुल को बांधने वाले नियमों का भी उल्लेख किया गया।संवेदनाओं की बात की गई,अधिकार और कर्तव्यों का भी जिक्र हुआ। जिला सूचना अधिकारी धीरेंद्र यादव ने सभी को टीका लगाकर होली की बधाई दी। जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने होली के पहले सभी को चौंकाते हुए जिले में पत्रकारों के साथ होली मिलन की नई परंपरा की नींव रख दी। होली पर्व की तैयारी के बीच होली मिलन समारोह कार्यक्रम में जिला अधिकारी कुमार हर्ष ने पत्रकार बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा, जिले में ऐसी परंपराएं चलनी चाहिए, प्रशासन और पत्रकारों का गठजोड़ समाज को नई दिशा देता है। बीच-बीच में आपस मे बैठने से सूचनाओं का बेहतर आदान-प्रदान होता है और कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में मदद मिलती है।एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने कहा जिले में कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए कुछ ठोस शुरुआत की गई है। त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने में पत्रकारों की भूमिका भी बड़ी अहम है। छोटी-छोटी जानकारी मिलने पर अव्यवस्थाओं को दूर करने में समस्याओं को हटाने में पुलिस को बड़ी मदद मिलती है। आगामी कुछ दिनों में पत्रकारों के साथ बैठकर समस्याओं पर विचार किया जाएगा और बेहतर कानून व्यवस्था वाला जिला बनाकर जनता को उपहार दिया जाएगा। यहां वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडेय ने होली का गीत गुनगुनाया तो सभी की तालियां बजने लगी।उनके गीतों को सुनकर मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने उन्हें युवा घोषित कर दिया।कार्यक्रम को वरिष्ठ पत्रकार अनिल द्विवेदी, दिनेश दूबे, दर्शन साहू, फरीद अहमद,संजय तिवारी,राजदेव शुक्ल ने अपने विचार रखें। वही युवा पत्रकार विशाल तिवारी की सुल्तानपुर पर लिखी गई कविताओं को सभी अधिकारियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन जिला विकास अधिकारी ने किया। यहां प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार डॉ0अवधेश शुक्ला, नरेंद्र द्विवेदी, अंकित राय, दिनेश श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव,बृजेश वर्मा,फैजान सिद्दीकी, विनोद पाठक, फरीद अहमद,राजेश तिवारी, राजू श्रीवास्तव, कमलजीत सिंह ,कपिल देव सिंह,सुरेश दुबे, कपिल देव शुक्ला, अवतार अहमद सोनू, जावेद अहमद,अरबाब अहमद, सरफराज अहमद, नितिन श्रीवास्तव ,अनिल कुमार सिंह, श्री कृष्ण पांडेय , मीतेन विश्वास, जेपी तिवारी, नमो नारायण चौबे, लालजी, अरुण जायसवाल, पंकज पांडेय, सतीश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।



जिला प्रशासन व पत्रकारों के होली मिलन कार्यक्रम में गीत गजलों का चला सिलसिला, हुई सार्थक बातें, डीएम कुमार हर्ष की अनोखी पहल के मुरीद हुएं पत्रकार

# उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को खुशियों मिला निःशुल्क गैस रिफिल सिलेंडर

**अवधनामा संवाददाता**



**मैनपुरी।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत होली के पावन अवसर पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को खुशियों के उपहार स्वरूप उ.प्र. के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा निःशुल्क गैस रिफिल सिलेंडर सब्सिडी वितरण कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के उपरांत पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव रामनरेश अग्निहोत्री ने होली की बधाई देते हुए कहा कि केन्द्र, प्रदेश सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय की परिकल्पना मिशन अन्त्योदय के तहत कार्य कर रही है, एकात्म-मानववाद का सपना, जिसमें समाज के अंतिम पायदान के मानव का उत्थान-विकास का सपना था, मानव सेवा ही भगवान सेवा का मंत्र देने वाले पार्टी के संस्थापक के पद-चिन्हों पर कार्य कर रही है, केन्द्र-प्रदेश सरकार देश, प्रदेश से गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी को समाप्त करना चाहती है, किसानों की आय दोगुनी हो, वर्ष 2047 में जब हमारा देश आजादी की स्वर्ण-जयंती मना रहा हो, तब तक हमारा देश पूर्ण विकसित देश बने, यह सपना लेकर देश के प्रधानमंत्री सहित सभी राज्य सरकारें काम कर रही हैं, हमारा सपना है कि हवाई चप्पल पहनने वाला गरीब व्यक्ति भी हवाई जहाज में सफर करे, अमेरिका, जापान, इंग्लैंड की तरह सफाईकर्मी भी कार से अपने कार्य पर जाए, आज सफाई कर्मी दुपहिया वाहन से सफाई करने जा रहा है, इतना बदलाव तो हो चुका है, अभी हम और आगे जाना चाहते हैं, अपनी झाड़ू कार में रख सफाई करने जाए, इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वर्ष 2047 में भारत की गिनती पूर्ण विकसित देशों में हो। उन्होने कहा कि आज हम विश्व की 05-वीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में हैं, अगले 02 साल के अंदर हमारा देश दुनियां की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा हैं। विधायक भोगांव ने कहा कि आज महिलाओं को धुएं से निजात मिल चुकी है, पहले घर में लकड़ियों, कंडों से खाना बनता था, माता-बहनों की आंखें धुऐ से खराब हो जाती थीं, देश के प्रधानमंत्री ने इस दर्द को खुद सहा, उनकी माता जी की आंखें धुएं के कारण खराब हो चुकी थी, जिसने गरीबी को सहा, वही गरीबों के दर्द को समझ सकता है, देश के प्रधानमंत्री ने महिलाओं के दर्द को समझा और उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस सिलेंडर उपलब्ध कराकर धुएं से निजात दिलाने का कार्य किया। उन्होने कहा कि प्रदेश के मुखिया ने आप सबको होली पर गिफ्ट के तौर पर निःशुल्क गैस रिफिल सिलेंडर मुहैया कराया है ताकि आपको होली पर सिलेंडर खरीदने पर अतिरिक्त व्यय न करना पड़े, आप यह धनराशि अपने त्यौहार में खुशियों पर व्यय कर सकें।

## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, महराजगंज

संख्या -3005/जि.आ.अधि./महराजगंज/वि.प्र.अ./अपील/ दिनांक - 11 मार्च 2025

सावधान सावधान

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लास्टिक के पाउच वाली शराब किसी भी हालत में न खरीदें क्योंकि वह नकली एवं जानलेवा है तथा इसके सम्बन्ध में सूचना तत्काल उपलब्ध कराएँ। अवैध स्रोतों/अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा जहरीली हो सकती है। अवैध शराब में मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है। अतः इनका सेवन किसी भी स्थिति में न करें।

यदि किसी को अवैध मदिरा की बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1, सदर, मोबाइल नम्बर 9454466220, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2, फरेन्दा मोबाइल नम्बर-9454466221, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3, निचलौल मोबाइल नम्बर-9454465911, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4, नौतनवॉ, मोबाइल नम्बर-9454466547 तथा प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर 14405 एवं व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर इसकी सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम व पता आदि गोपनीय रखा जायेगा।

**(अतुल चन्द्र द्विवेदी)**
**जिला आबकारी अधिकारी, महराजगंज।**

**(अनुनय झा)**
**जिलाधिकारी**

# दस रमज़ान मुबारक को मस्जिद पंजाबीयान में मुकम्मल हुआ कुरआन

वहाज अली निहाल



**इटावा।** कटरा शहाब खां स्थित मस्जिद पंजाबीयान में दस रमज़ान मुबारक को तराबीह की नमाज़ में पहले दौर का कुरआन-ए-पाक मुकम्मल हुआ। बत्तीस वर्षों से लगातार मुरादाबाद के हाफिज़ रईस अहमद अपनी शानदार किरत से तराबीह की नमाज़ में कुरआन पाक सुना रहे है, इस वर्ष भी उन्होंने दस रमज़ान मुबारक को कुरआन पाक मुकम्मल किया और छब्बीस रमज़ान मुबारक को दूसरे दौर का कुरआन-ए-पाक मुकम्मल होगा। मंगलवार को कुरआन पाक मुकम्मल होने के बाद हाफिज़ साहब ने सभी के हक़ में रब तआला की बारगाह में दुआयें की। मस्जिद के मुतावल्ली हाजी साजिद हुसैन वारसी, अरशद हुसैन वारसी आदि ने हाफिज़ साहब सहित मस्जिद के पेश इमाम मौलाना ज़ाहिद रज़ा और मुअज़्ज़िन मो.इरशाद का गुलपोशी कर व शाल पहनाकर तीनों का गर्मजोशी से इस्तक़बाल किया। बाद तराबीह के हाफिज़ साहब ने अपनी-अपनी जगहों पर बैठे नमाज़ियों के पास जाकर फूके डाली और नमाज़ियों ने आपका गुलपोशी कर इस्तक़बाल किया। इस मौके पर हाफिज़ कैफ़, हाफिज़ हसन रज़ा आदि ने नबी पाक की शान में शानदार कलाम पेश किये। बाद सलाम व नज़र के तबर्रुख दिया गया। इस मौके पर हाफिज़ कैफ, कारी मारिफ, कारी परवेज़ आलम, माजिद हुसैन वारसी, मशहूद हुसैन वारसी, हैदर हुसैन वारसी, सरवर हुसैन, सादिक हुसैन, अरहम हुसैन, अयान हुसैन, लईक खां, हाशिम क़ुरैशी, इमरान खां, शेख़ आफताब, शेख़ शकील अहमद, आफाक आलम, अज़हरुद्दीन, शेख़ नवाब, रियाज़ अहमद, मो.ज़ीशान, इश्तियाक खां, वारिस खान आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## क्रेशर मालिक के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश: न्यायालय

**सोनभद्र।** डाला क्रशर मे मजदूर के मौत पर न्यायालय सख्त। सीजीएम न्यायालय ने क्रशर मालिक राजेश जायसवाल के खिलाफ मुक़दमा पंजीकृत कर विवेचना किये जाने का आदेश दिया है। पीड़िता फुलवंती ने विकाश शाक्य एडवोकेट के जरिये सीजेएम न्यायालय मे 173(4) बीएनएस मे प्रार्थना प्रस्तुत कर के आरोप लगाई कि राजेश जायसवाल का सोनांचल क्रशर स्टोन प्लांट बिल्ली बाड़ी डाला मे है जिसमें फुलवंती के पति जगबंधन मजदूरी का काम कर रहा था तभी क्रेशर के बेल्ट में फंसकर जग बंधन की मृत्यु हो गई पुलिस ने इस मामले को सुलह- समझौता करा कर मामले को समाप्त कर दिया था परंतु मृतका की पत्नी फुलवंती ने सीजीएम न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर क्रेशर मालिक के खिलाफ आरोप लगाई कि क्रेशर मालिक की लापरवाही से पति का मौत हुई है। न्यायालय मे मृतक की पत्नी ने यह भी आरोप लगायी है कि राजेश जायसवाल मजदूरों को सेफ्टी अथवा अन्य कोई मौके पर सुरक्षा उपाय नहीं रखें हैं।

# 12 घंटे के भीतर लूट की घटना का पुलिस नें किया खुलासा, लुटेरे गिरफ्तार

जवाबी फायर में जमशेदउद्दीन के पैर में लगी गोली

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा - हमीरपुर।** 11 मार्च को मौदहा कस्बे के बाइक सवार को असलहा लगाकर लूट के मामले में पुलिस ने तमंचा कारतूस के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार देर रात पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौदहा कस्बे के मीरातालाब बड़ी देवी मंदिर निवासी अमित कुमार ने पुलिस को बताया कि मंगलवार कांशीराम कॉलोनी, मराठीपुरा मोड़ के पास से जब घर जा रहा था। रास्ते में अपाचे बाइक सवार तीन बदमाशों ने असलहा लगाकर 7300 रुपये, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड व मोबाइल फोन लूट लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर टीमें गठित कर जांच शुरू कर दी। देर रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि शाम को मराठीपुरा मोड़ पर लूट की घटना के दो बदमाश सिजनौड़ा क्रासिंग के पास हनुमान मंदिर के तरफ से आ रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर क्रासिंग के पास साहिल बाबू और सोबराती अहमद उर्फ शाकिर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बताया कि वह दोनों और उनका साथी चौधराना कस्बा निवासी जमशेदउद्दीन ने मराठीपुरा कांशीराम कॉलोनी मोड़ के पास व्यक्ति को तमंचा लगाकर उसका पर्स तथा उसका मोबाइल लूटे थे। पर्स में 7300 रुपये व आधार कार्ड व एटीएम कार्ड था। सीओ विनीता पहल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी साहिल बाबू से लूट के 2800 रुपये, एटीएम, सोबराती अहमद से लूट का 2650 रुपये व आधार कार्ड बरामद किया गया। इसके बाद आरोपी जमशेदउद्दीन की तलाश शुरू की गई। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी कम्हरिया की तरफ से मौदहा की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश करते हुए कम्हरिया की तरफ जा रहे थे, कि जैसे ही ब्राइट इंटरनेशनल स्कूल से पहले पुलिया के पास पहुंचे कि सामने से एक बाइक आती हुई दिखाई दी। उसे रोकने का प्रयास किया गया, तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया गया। पुलिस टीम की जवाबी फायर में जमशेदुद्दीन के पैर में गोली लग गई। उसे घेरकर गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से लूटी गई मोबाइल व लूट का पैसा तथा लूट की घटना में प्रयुक्त बाइक ,तमंचा कारतूस बरामद किया।

## जमीनी विवाद के चलते फिर चली गोली

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे के देवगांव रोड में बुधवार की सुबह 7 बजे करीब जमीनी विवाद को लेकर दिन दहाड़े हुये गोलीकाण्ड में गोली लगने से एक पक्ष का एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया गोली काण्ड की घटना से कस्बे में दहशत फैल गयी। पुलिस ने घटना में नामजद एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह देवगांव रोड में उस समय सनसनी फैल गयी जब जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष ने ताबड़?तोड कई फायर गोली चलाई जिससे लोगो में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया बताया गया कि मैथलीशरण मार्ग बड़ी पुलिया पास के निवासी राममिलन सोनी पुत्र महावीर और रानी लक्ष्मीबाई तिराहा के पास के निवासी अवधकिशोर पाण्डेय पुत्र स्व-रामकिशोर पाण्डेय के बीच काफी समय से जमीनी विवाद चल रहा है जिसान मामला अदालत में विचाराधीन है।

# इटावा की कोग्रेड को शार्क टैंक से मिला एक करोड़ का चेक




अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** ग्रामीण शिक्षा के उन्नयन के लिए कार्य कर रही इटावा के स्टार्टअप कोग्रेड को सोनी टीवी के बहुचर्चित बिजनेस रियलिटी शो शार्क टैंक से एक करोड़ का चेक शो के पैनल में शामिल रितेश अग्रवाल फाउंडर ओयो, नमिता थापर डायरेक्टर एमक्योर फार्मा, विनीता सिंह फाउंडर शुगर कॉस्मेटिक्स द्वारा दिया गया है। यह पैसा कोग्रेड को उनके सॉफ्टवेयर मेधा एआई के डेवलपमेंट और नए स्कूल खोलने के लिए प्रदान किया गया है मेधा ए आई भारत की पहली ऐसी ए आई है जो बिना किसी इंटरनेट के कार्य करने में सक्षम है इस पैसे से यह कम्पनी भारत के सुदूरवर्ती ग्रामों में बन्द हो चुके विद्यालयों को गोद लेकर पुनर्जीवित करेगी जिसके साथ साथ उन स्कूलों में पढ़ने आने वाले बच्चों की आधुनिक शिक्षा के साथ वहां के शिक्षकों को भी आधुनिक तकनीकी के साथ प्रशिक्षित करेगी। कम्पनी ने ऐसे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए मेधा ए आई नाम का एक सॉफ्टवेयर बनाया है जो कि बिना किसी इंटरनेट के भी काम करेगा जिसकी सहायता से सभी छात्र छात्राओं को आसानी से पढ़ाया जा सकेगा। कम्पनी की इस उपलब्धि से कोग्रेड के संस्थापक सौरभ यादव, हिमांशु चौरसिया के परिवार में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर सौरभ की माता जी श्रीमती राधा यादव एवम बड़े भाई आनंद कुमार यादव, कोर्डिनेटर कोग्रेड, इटावा डॉ आशीष त्रिपाठी ने खुशी जताई है और कम्पनी के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद भी दिया है।

## फर्जी निस्तारण की शिकायत पुलिस अधीक्षक से

**हमीरपुर।** जन सुनवाई पोर्टल मे दायर शिकायत को थाने मे बैठ कर फर्जी ढग से निस्तारण का आरोप लगाया गया है सुमेरपुर थाना के नई बस्ती झण्डा मैदान निवासी प्रवीण उर्फ प्रत्यूश साहू ने आरोप लगाया है कि उसने जन सुनवाई पोर्टल के मध्यम से पुलिस अधीक्षक हमीरपुर को सम्बोधित थाना प्रभारी सुमेरपुर के खिलाफ दिनांक 17/02/2025 को सन्दर्भ संख्या 2001682500 1468 है जिसमे उक्त शिकायत को निस्तरित आख्या मे मेरे बयान होना अंकित है जब कि सम्बंधित जांच अधिकारी द्वारा मेरे कोई बयान नही लिये गये और बगैर बयान लिये झूठी आख्या लगाकर शिकायत को निस्तारित कर दिया गया है । उसने बताया कि वो एक शान्ति प्रिय नागरिक है और अन्याय के खिलाफ हमेशा संघर्ष करता रहता है उसने बताया कि दिनांक 06/02/ 2025 को एक मामले के सम्बंध मे थाना सुमेरपुर मे मौजूद था उसके साथ थाना प्रभारी द्वारा अभद्रता पूर्वक व्यवहार किया गया और गली गलौज की गयी इस सम्बंध मे शिकायत पर क्षेत्र अधिकारी द्वारा जांच की गयी और उसने आरोप लगाया है कि झूठी आख्या लगायी गयी है और थाना प्रभारी द्वारा उसे झूठे मुकदमे मे फंसाने की धमकी भी दी जा रही है।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में होली महोत्सव का हुआ आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में होली के पावन अवसर पर बुधवार को रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उत्सव में विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने एक दूसरे को रंग लगाकर मिलनसार माहौल का निर्माण किया और होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश चंद्र यादव (सीबीएसई डीटीसी) ने सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को होली के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए, इस पर्व के धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि होली न केवल बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है, बल्कि वसंत ऋतु के आगमन और प्रकृति के नूतन रूप के जश्न का भी प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान रंगो-रेशमी गतिविधियाँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ एवं मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसने सभी उपस्थित लोगों का मन आनंद से भर दिया। कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार के साथ किया गया, जिसमें सभी ने मिलकर उत्सव की खुशियाँ बांटी। इस भव्य आयोजन से स्कूल समुदाय में एकता, प्रेम एवं भाईचारे की भावना और प्रबल हुई, जिससे होली के वास्तविक अर्थ की पुनर्स्मृति हुई।

## धूम धाम से मना यश इंटरनेशनल में होली का त्योहार



**इटावा।** रंगों और मिठाइयों के बीच धूम धाम से मना यश इंटरनेशनल स्कूल में होली का त्योहार। होली, देश का सबसे रंगारंग त्योहार, यश इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। बच्चों ने फूलों की पंखुड़ियों और रंगों के साथ होली का त्योहार धूम धाम से मनाया। राधा कृष्ण के रूप में प्रच्छन्न, हमारे प्री-प्राइमरी के बच्चों ने हंसते-खेलते त्योहार का आनंद लिया। कार्यक्रम में बच्चे होली के गीतों पर खूब थिरके। कक्षा एक से आठ तक के छात्रों ने विद्यालय के ग्राउंड में एक दूसरे को एवं शिक्षकों को रंग लगा कर उनसे आशीर्वाद लिया और शिक्षकों ने बच्चों को होली की शुभकामनाएं दीं। प्रिंसिपल श्रीमती श्रद्धा दुबे ने बच्चों को अपने परिवार के साथ एक खुश और सुरक्षित होली खेलने के लिए प्रेरित किया।

## दिलायी गई नो स्मोकिंग डे एवं तम्बाकू नियंत्रण दिवस की शपथ

**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** सम्पूर्ण भारत में तम्बाकू नियन्त्रण दिवस मनाया जा रहा है इसी क्रम में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन पहुँचकर पुलिस कार्यालय के सभी शाखाओं एवं पुलिस लाइन में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को शपथ दिलाई गई। शपथ दिलाते हुये उन्होंने कहा कि मै शपथ लेता हूँ कि अपने कार्यालय को धूम्रपान एवं तम्बाकू मुक्त बनाये रखने के महाअभियान में सच्चे मन के साथ सक्रिय रुप से भाग लूंगा व व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जन स्वास्थ्य की दृष्टि से मै स्वयं तम्बाकू का सेवन नहीं करूंगा तथा समाज के सभी लोगों को तम्बाकू न सेवन करने के लिए प्रेरित करूंगा तथा भविष्य में अपने कार्यालय को धूम्रपान एवं तम्बाकू मुक्त बनाये रखने के लिए किये जा रहे प्रयासों को अनवरत रूप से जारी रखने की दिशा में सामुदायिक सहभागिता के लिए सदैव संकल्पबद्ध रहूंगा।

## ग्रामीण विकास को भाजपा सरकार प्रतिबद्धः अजीत

**सोनभद्र।** रॉबर्ट्सगंज विकास खंड के नरैना गांव के चौहान बस्ती में इंटरलाकिंग कार्य का लोकार्पण किया गया ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण विकास को नई गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने कहा हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। हमारा उद्देश्य लोगों के जीवन को बेहतर बनाना है। हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण और युवा विकास को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। हम महिलाओं और युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के अवसरों को प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, ÷इंटरलाकिंग जैसे छोटे छोटे कार्य होने से रहवासियों को सहूलियत मिलेगी। ग्रामीणों की मांग पेयजल किल्लत को देखते हुए वाटर पम्प लगवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जेई श्याम धर, प्रिन्स सिंह, ग्राम प्रधान उषा देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य रामलाल, धीरेन्द्र सिंह, हंसराज चौहान, राकेश चौहान, पार्वती देवी, मुन्नी राजकुमारी, और शांति देवी उपस्थित थे।

# नि:शुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में उज्वला लाभार्थियों को नि:शुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण का कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। लखनऊ में मा मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में हुए उक्त कार्यक्रम लाइव प्रसारण भी देखा गया। जिसमें मुख्यमंत्री उ.प्र., उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, सतीश चन्द्र शर्मा जी राज्य मंत्री खाद्य तथा रसद विभाग उ.प्र., तथा सुरेश कुमार खन्ना मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य उ.प्र. द्वारा लाभार्थियों को उज्जवला योजना की जानकारी दी गयी। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबोधित करते हुए अवगत कराया गया कि जनपद हमीरपुर में आच्छादित राशनकार्ड लाभार्थियों के सापेक्ष लगभग 64 प्रतिशत लाभार्थियों को उज्वला योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। इसके साथ में ही जिन लाभार्थियों को ई. के.वाई.सी. नहीं हुई है। उनको यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिये गये हैं। जिससे उक्त योजना का लाभ सभी को प्राप्त हो सके। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा सोमवती, राजवती, रामजानकी, पुष्पादेवी, कुसमा आदि 50 लाभार्थियों की सब्सिडी चेक वितरण किया गया है। उक्त कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील पाठक अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जिला पूर्ति अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी सिमरन, आपूर्ति विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं आई.ओ.सी.एल., बी.पी.सी.एल., एच.पी.सी.एल. के सेल्स आफीसर तथा गैस ऐजेन्सी के संचालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अन्त में जिला पूर्ति अधिकारी हमीरपुर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों तथा लाभार्थियों को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मुख्यमंत्री के सम्बोधन का किया गया सजीव प्रसारण

**प्रधानमंत्री उज्जवला योजना :** गैस रिफलिंग सब्सिडी के लाभार्थियों को विधायक सदर व जिलाधिकारी ने सब्सिडी के चेक का किये वितरण

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस रिफलिंग सब्सिडी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सम्बोधन का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण किया गया, इस मौके पर विधायक सदर भूपेश चौबे, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव गुप्ता, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित योजना के लाभार्थीगणों ने मुख्यमंत्री के सम्बोधन के सजीव प्रसारण को देखा और सुना, इस मौके पर विधायक सदर व जिलाधिकारी ने गैस रिफलिंग सब्सिडी के लाभार्थियों को चेक वितरण किये। इस मौके पर विधायक ने कहा कि ये जो लाभार्थी हैं, लाभार्थी के साथ-साथ देश के विकास में अहम भूमिका भी निभाते हैं, जिसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा उन्हें आज उज्जवल योजना के तहत मिलने वाले गैस की धनराशि को सब्सिडी के रूप में उनके खाते में भेजने का कार्य किया जा रहा है। परिवार समाज को मजबूत बनाने में मातृशक्ति का महत्वपर्ण योगदान है, इसलिए देश के प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तिकरण को मजबूती देने के दृष्टिगत उज्जवला योजना का गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत महिला मुखिया के नाम किया है, देश के प्रधानमंत्री का मत है कि देश विकसित भारत तब बनेगा, जब देश की मातृशक्ति मजबूत होगी। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस रिफलिंग सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का प्रसारण लखनऊ से किया गया, गैस रिफलिंग सब्सिडी से जनपद के लाभार्थियों को भी लाभान्वित किया जायेगा, जनपद में 2 लाख 51 हजार गैस कनेक्शन हैं, गैस की समस्या किसी भी क्षेत्र में नहीं है और सभी लाभार्थियों को गैस कनेक्शन की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो रही है, गैस रिफलिंग सब्सिडी हेतु अभी तक जिन लाभार्थियों ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है, वह अनिवार्य रूप से अपना रजिस्ट्रेशन करा लें, जिससे कि सब्सिडी की सुविधा उन्हें प्राप्त हो सकें।

- देश के प्रधानमंत्री का मत है कि देश विकसित भारत तब बनेगा, जब देश की मातृशक्ति मजबूत होगी-विधायक सदर
- गैस रिफलिंग सब्सिडी प्राप्त करने हेतु लाभार्थी अनिवार्य रूप से कराये अपना रजिस्ट्रेशन-जिलाधिकारी

## 42 किग्रा गांजा के साथ 7 अन्तर्जनपदीय गांजा तस्कर गिरफ्तार



**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध सोनभद्र पुलिस के निरन्तर प्रहार की कड़ी में अपर पुलिस अधीक्षक । (मुख्यालय) कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर डॉ0 चारू द्विवेदी के पर्यवेक्षण में एसओजी/सर्विलांस टीम व चोपन पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को समय 16.30 बजे वाराणसी -शक्तिनगर राज्य मार्ग पर बग्धानाला पुल के पहले ओबरा मोड़ के उतराई के पास में पुलिस चेकिंग से बचने के उद्देश्य से छुप कर खड़े दो वाहन मारूती सुजुकी स्विफ्ट संख्या JH 10 AA 0705 व महिंद्रा बोलेरो संख्या UP70 HH 1152 से उड़ीसा प्रान्त से 46 प्लास्टिक के बंडल (बड़े बंडल 38 व छोटे बंडल 8) में कुल 42 किलोग्राम गांजा (अनुमानित कीमत कुल 08 लाख 40 हजार रुपये) लोड करके प्रयागराज ले जा रहे 07 नफर अन्तर्राज्यीय/अन्तर्जनपदीय गांजा तस्करों धीरेंद्र तिवारी उर्फ राजेश तिवारी पुत्र कैलाश तिवारी निवासी सलैया थाना कमरजी जनपद सीधी मध्य प्रदेश उम्र करीब 35 वर्ष,आयुष पांडे उर्फ़ नितिन पुत्र सुनील कुमार पांडे निवासी बनाई का पूरा जुड़ापुर जीर बरी भोज थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज उम्र 21 वर्ष, आकाश शुक्ला पुत्र दिनेश कुमार शुक्ला निवासी बारी सोरांव थाना फाफामऊ जनपद प्रयागराज उम्र करीब 21 वर्ष, बृजेश कुमार पुत्र राम कैलाश निवासी जगदीशपुर मसनी थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज उम्र लगभग 21 वर्ष, विवेक कुमार तिवारी उर्फ सम्राट पुत्र राजकुमार तिवारी निवासी केशवपुर रुधौली थाना मानिकपुर कुंडा जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 24 वर्ष, कान्हा त्रिपाठी पुत्र विजय कुमार त्रिपाठी निवासी चंदई का पुरवा थाना बाघराय जनपद कुंडा प्रतापगढ़ उम्र करीब 21 वर्ष, संयम बागची उर्फ बप्पी पुत्र गौरांग बागची निवासी खिजिरपुर अतराम थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है।

# आर्थिक तंगी के चलते अधेड़ ने की आत्महत्या

अवधनामा संवाददाता



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में बुधवार को आर्थिक तंगी से परेशान एक व्यक्ति ने घर की अटारी में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस हृदयविदारक घटना से परिवार में मातम छा गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

श्यामबाबू कुशवाहा उर्फ बच्चू (47) पुत्र रामसनेही कुशवाहा अपने पीछे पत्नी पार्वती (42) और चार मासूम बच्चे–राहुल (17), विमल किशोर (15), ईशू (12) और जीतू (10) को बेसहारा छोड़ गया है। परिजनों के अनुसार, वह लंबे समय से आर्थिक संकट से जूझ रहा था होली का त्योहार निकट होने के बावजूद घर में खर्च चलाने के लिए पैसे नहीं थे। अपनी परेशानियों को किसी से साझा न कर पाने के कारण वह मानसिक तनाव में रहता था। बुधवार सुबह जब परिजनों ने उन्हें अटारी में फंदे से झूलता देखा तो परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिजनों का कहना है कि श्यामबाबू की आत्महत्या का कारण आर्थिक तंगी और कर्ज था, जिससे वह काफी समय से परेशान था ,पुलिस मामले की जांच कर रही है।

त्योहार के पहले घटी इस दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। जहां हर घर में होली की खुशियां होनी चाहिए थीं, वहां इस परिवार में गम का माहौल है। गरीबी और आर्थिक संकट से जूझते परिवारों की इस स्थिति पर समाज और प्रशासन को गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

## महज दो बीघे जमीन में हो रहा था परिवार का भरण पोषण, गिरवी रख दिए थे पत्नी के गहने

**सुमेरपुर। हमीरपुर।** जिले के टेढ़ा गांव में आर्थिक तंगी से आत्महत्या करने वाले श्यामबाबू कुशवाहा तीन भाइयों में से एक थे। पारिवारिक बंटवारे में उनके हिस्से महज दो बीघे जमीन आई, जिससे वह अपने परिवार का भरण-पोषण नहीं कर पा रहे थे। गुजारे के लिए पत्नी के गहने तक गिरवी रख दिए, लेकिन फिर भी बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही थी। त्योहार करीब था, लेकिन घर में खुशियों की कोई उम्मीद नहीं थी। कर्ज बढ़ता गया, समस्याएं गहराती रहीं और अंततः श्यामबाबू ने अपनी जिंदगी खत्म करने का फैसला कर लिया। अब उनकी पत्नी और चार मासूम बच्चों के सामने अंधकारमय भविष्य खड़ा है। घर में कमाने वाला कोई नहीं बचा। इस त्रासदी ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है–अब इस परिवार का गुजारा कैसे होगा।

# एनटीपीसी रिहंद (सीएसआर) द्वारा कॉम्पोजिट विद्यालय डोड़हर में स्टेम लैब की स्थापना

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व (ष्ट्स्क्र) पहल के तहत कॉम्पोजिट विद्यालय, डोड़हर में स्टेम लैब (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित लैब) की स्थापना की इस लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि, कार्यकारी निदेशक (रिहंद) अनिल श्रीवास्तव द्वारा फीता काटकर किया गया। यह लैब विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम में सहायता प्रदान करने और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। स्टेम लैब में कक्षा 6 से 8 के पाठ्यक्रम अवधारणाओं पर आधारित विज्ञान और गणित के 80 कार्यशील मॉडल उपलब्ध हैं, जो छात्रों को प्रयोगात्मक शिक्षा का अनुभव प्रदान करेंगे। इस लैब को लगभग 8 लाख की लागत से निर्मित किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथि ट्री अनिल श्रीवास्तव द्वारा छात्रों को स्कूल बैग एवं हाइजीन किट वितरित किए गए।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि एनटीपीसी रिहंद शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयासरत है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक सुविधाएं प्राप्त हो सकें। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि एनटीपीसी रिहंद भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की पहल जारी रखेगा।

## मुख्यमंत्री ने 'मंथन' महाकुम्भ एण्ड बियोण्ड' कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

# पूरी दुनिया भारत का अनुसरण कर रही: मुख्यमंत्री

**अवधनामा ब्यूरो**



- नया भारत आस्था का सम्मान करना जानता, देश-दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर
- प्रधानमंत्री जी को दुनिया हाथों हाथ लेकर उनका सम्मान करते हुए स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रही
- प्रयागराज महाकुम्भ-2025 का आयोजन दुनिया को सनातन धर्म के वास्तविक स्वरूप से अवगत कराने का माध्यम साबित हुआ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह सदी भारत की सदी है। पूरी दुनिया भारत का अनुसरण कर रही है। नया भारत आस्था का सम्मान करना जानता है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। विश्व के कल्याण का मार्ग यहीं से प्रशस्त होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दुनिया हाथों हाथ लेकर उनका सम्मान करते हुए स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रही है। प्रयागराज महाकुम्भ-2025 का आयोजन दुनिया को सनातन धर्म के वास्तविक स्वरूप से अवगत कराने का माध्यम साबित हुआ है। महाकुम्भ सनातन धर्म के विराट स्वरूप की एक झलक थी। इस अवसर पर दुनिया ने भारत के सामर्थ्य को नजदीक से देखा है।

मुख्यमंत्री आज यहां हिन्दी साप्ताहिक पाञ्चजन्य तथा अंग्रेजी साप्ताहिक ऑर्गेनाइज़र द्वारा आयोजित 'मंथनः महाकुम्भ एण्ड बियोण्ड' कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के पश्चात अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को दुनिया के सामने अपना परसेप्शन प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। दुनिया इस आयोजन को कौतूहल की निगाह से देख रही थी। महाकुम्भ का आयोजन भारत की हजारों वर्षों की विरासत का हिस्सा है। महाकुम्भ ने देश-विदेश के हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया। त्रिवेणी के संगम में देश-विदेश के श्रद्धालुओं को जाति, पंथ, मजहब, सम्प्रदाय आदि के भेद के बिना डुबकी लगाने का अवसर प्राप्त हुआ। यही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का वास्तविक रूप है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म के प्रति श्रद्धा का भाव होना आवश्यक है। तुलसीदास कहते हैं कि श्रद्धावान लभते ज्ञानम्। यदि आपके मन में श्रद्धा का भाव है, तो आगे का मार्ग स्वयं ही प्रशस्त हो जाएगा। महाकुम्भ के आयोजन के दौरान पूज्य सन्तों का सहयोग और सान्निध्य अभिनन्दनीय था। वर्ष 2019 में उन्हें पहली बार कुम्भ से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में टीम भावना के साथ कार्य किया गया है। वर्ष 2019 का कुम्भ स्वच्छता के लिए जाना जाता है। वर्ष 2025 के महाकुम्भ को डिजिटल कुम्भ बनाते हुए इसे स्वच्छता और सुरक्षा से जोड़ा गया। डिजिटल खोया-पाया केन्द्र के माध्यम से 54 हजार बिछड़े हुए लोगों को उनके घरों तक पहुंचाने का कार्य किया गया। हर व्यक्ति डिजिटल टूरिस्ट मैप के माध्यम से आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच रहा था। 1.5 लाख शौचालय बनाकर उन्हें बार कोड से जोड़ा गया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाषिणी ऐप के माध्यम से 11 अन्तरराष्ट्रीय भाषाओं में महाकुम्भ से सम्बन्धित जानकारी उपलब्ध करायी गयी। महाकुम्भ में 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन का अनुमान था।

# हमारी पुरानी गंगा-जमुनी सभ्यता की बेमिसाल विरासत है भाईचारा : मौलाना खालिद रशीद

**अवधनामा ब्यूरो**



दूर की मस्जिदों में जाने के बजाए मोहल्ले की मस्जिदों में नमाज अदा करें।

**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन व इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि धार्मिक रवादारी, राष्ट्रीय एकता, आपसी भाईचारा और एकता हमारी पुरानी गंगा-जमुनी सभयता की बेमिसाल विरासत है। यही वजह है कि इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से होली के दिन जुमे की नमाज का दूसरे पक्ष ने स्वागत किया। विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने होली जुलूस का वक्त समय से एक घण्टा पहले खत्म करने की घोषणा की। मौलाना ने होली के दिन जुमे की नमाज को लेकर जारी की गयी एडवायजरी पर कहा कि जिन मस्जिदों में जुमे की नमाज 12:30 से 1 बजे के बीच होती है वह नमाज का वक्त 2 बजे कर लें ताकि नमाजियों को परेशानी न हो। 14 मार्च को छुट्टी का दिन है इसलिए जुमे की नमाज पढ़ने मौलाना ने कहा कि ऐशबाग ईदगाह जामा मस्जिद में जुमे की नमाज 12:45 बजे है लेकिन 14 मार्च को नमाज 2 बजे होगी। मौलाना ने कहा कि अधिकांश मस्जिद कमेटियों ने एडवायजरी स्वीकार कर नमाज का वक्त 2 बजे कर लिया है। इस फैसले का दूसरे भाइयों पर अच्छा प्रभाव हुआ और उन्होंने होली जुलूस का वक्त एक घण्टा कम कर दिया। मौलाना ने कहा कि इस तरह से हमारा सामाजिक ताना-बाना और मजबूत होगा।

### तीन पारों की तरावीह का पहला दौर मुकम्मल

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में तरावीह की विशेष नमाज मस्जिदों में अदा की जा रही है। गोमती नगर के मलेसेमऊ स्थित मस्जिद आयशा में तीन पारों की तरावीह का पहला दौर हाफिज मोहम्मद यासीन ने मुकम्मल कराया। इस मौके पर मस्जिद प्रबंधन कमेटी ने हाफिज मोहम्मद यासीन का स्वागत और सम्मान किया और नमाजियों को मिठाई बांटी गयी। तरावीह का पहला दौर मुकम्मल होने पर मौलाना अब्दुल लतीफ, हाफिज मोहम्मद कमाल और ईदगाह मलेसेमऊ के इमाम मोहम्मद आसिफ विशेष रूप से मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर का सफल समापन



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) इकाई-7 द्वारा आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर का आज भव्य समापन हुआ। शिविर के दौरान शिक्षा का महत्व, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता के प्रति जागरूकता, ग्रामीणों से संवाद और सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे विविध विषयों पर जागरूकता सत्र और गतिविधियाँ आयोजित की गई। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के प्रमुख शिक्षकों और विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य संरक्षक प्रो. सौबान सईद (डीन, एकेडमिक्स) ने छात्रों को वास्तविक जीवन में सीखी गई शिक्षा को लागू करने की महत्ता समझाई। उन्होंने कहा, हॉस्टल जीवन भारत की विविधता का प्रतिबिंब है, जहाँ जाति, धर्म या क्षेत्रीय भिन्नताओं से परे रहकर मानव समानता का पाठ सीखा जाता है।इस अवसर पर बोलते हुए प्रो0 एहतेशाम अहमद (विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग) ने स्वयंसेवकों को कहा कि एनएसएस केवल सेवा का मंच नहीं, बल्कि यह मजबूत नेटवर्किंग और व्यक्तिगत विकास का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

# रमज़ानः सवालों के जवाब



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में रोजा, नमाज, जकात, हज आदि से संबंधित सवालों के जवाब देने के लिए इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में हेल्पलाहन शुरू हो गयी है। हेल्पलाइन पर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के नेतृत्व में उलमा का पैनल सवालों के जवाब देता है। हेल्पलाइन पर दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, वेबसाइट www.farangimahal.in तथा ई-मेल ramzanhelpline2005@gmail.càæm पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** रोजे की हालत में हेयर डाई कराने से क्या रोजे पर असर पड़ेगा?
**जवाब:** हेयर डाई कराने से रोजे पर कुछ असर नहीं होगा।
**सवाल:** किसी के रमजान के रोजे बाकी थे, कजा न रख सका और बूढ़ा हो गया और ताकत न रही तो क्या फिदया दे सकता है?
**जवाब:** जी हां, हिसाब लगाकर हर रोजे का फिदया दे सकता है।
**सवाल:** किसी को बार-बार पेशाब के कतरे आने की समस्या है नमाज किस तरह अदा करे? जवाबः हर फर्ज नमाज के लिए ताजा वजू करे।
**सवाल:** दिल के मरीजों के लिए एक टिकिया आती है, जिसे मुंह में रखा जाता है क्या रोजे की हालत में इसका इस्तेमाल सही है?
**जवाब:** जी हां, सही है, इससे रोजे पर कोई असर नहीं होगा।
**सवाल:** बड़े भाई ने कसम खाकर तोड़ दी तो क्या कफ्फारा अदा करना होगा?
**जवाब:** कसम तोडने का कफ्फारा अदा करना होगा, जो 10 गरीबों को दो वक्त का खाना खिलाना या कपड़े पहनाना है और हैसियत न होने पर तीन दिन बराबर रोजे रखे।

### इदारए शरैया फिरंगी महल

इदारए शरैया फिरंगी महल की ओर से मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब दिये। हेल्पलाइन पर सवाल दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9807401508 और 99181 17798 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### शिया हज़रात के सवालों के जवाब

माहे मुबारक रमजान में शिया समुदाय के रोजा, नमाज, हज, खुम्स, जकात आदि से संबंधित सवालों के जवाब के लिए कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन संचालित की जा रही है। हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा का पैनल देता है। हेल्पलाइन पर सवाल सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर और महिलाओं के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ई-मेल masael786@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** नमाज के बाद किसी हिस्से में शक हो कि सही पढ़ा कि नहीं या भूल गया तो क्या हुक्म है?
**जवाब:** नमाज खत्म करने के बाद किसी हिस्से में शक करे तो उसकी परवाह नहीं की जाएगी और नमाज सही होगी।
**सवाल:** दो नमाजे जुमा के बीच कितनी दूरी होना चाहिए?
**जवाब:** दो नमाजे जुमा के बीच एक फरसख लगभग 5 किलोमीटर की दूरी होना चाहिए। सवालः नौजवान का टैटू बनवाना कैसा है?
**जवाब:** मुस्लिम नौजवानों का टैटू बनवाना सही नहीं है जबकि वजू और गुस्ल में टैटू रुकावट बने यानि खाल तक वजू और गुस्ल का पानी न पहुंचे।
**सवाल:** कोई रमजान की पहली तारीख को पूरे महीने के रोजे की नीयत करे और बाद में मजबूरी से रोजा छोड़ना पड़े तो क्या कफ्फारा अदा करना होगा?
**जवाब:** अगर शरई उज्र की बिना पर रोजा नहीं रखा तो कफ्फारा वाजिब नहीं होगा।
**सवाल:** क्या जकात के माल से छात्र को किताबें खरीद कर दी जा सकती हैं?
**जवाब:** छात्र को जकात के माल से किताबें खरीद कर देने में कोई हर्ज नहीं है।

**सवाल:** जकात के मुस्तहक करीबी रिश्तेदार की बेटी की शादी में जेवर बनवा कर देने से क्या जकात अदा हो जाएगी?
**जवाब:** जी हां, जकात अदा हो जाएगी।
**सवाल:** कोई जानबूझ कर रोजा न रखे और मजाक में बातें तो क्या हुक्म है?
**जवाब:** बिना मजबूरी रोजा छोड़ने वाले और कजा न करने वाले और मजाक करने वाले का काफिर हो जाना और सजा जहन्नुम है। जो उसे खिलाएगा वह भी गुनहगार और बराबर का साथी समझा जाएगा।
**सवाल:** वित्र की नमाज में दुआए कुनूत नहीं पढ़ी बाद में याद आया तो सजदा सहू कर लिया क्या नमाज पूरी हो जाएगी?
**जवाब:** सजदा सहू कर लेने से वित्र की नमाज अदा हो जाएगी।

# शार्ट टर्म इस्लामिक व दीनी क्लासेज में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में शहर के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित शार्ट टर्म इस्लामिक व दीनी क्लासेज में बड़ी संख्या में युवाओं के साथ ही बुर्कापोश युवतियों और महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हो रहे हैं। इन क्लासेज में उलमा कुरान, इस्लाम और शरीयत से जुड़ी जानकारियां देने के साथ ही सवालों के जवाब भी दे रहे हैं। महदवी समाज दीनी क्लासेज में मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी ने देश में अमन-चैन और प्यार-मोहब्बत के माहौल को बरकरार रखने पर बल दिया। मौलाना ने कह कि किसी भी समाज की तरक्की में वहां के अमनो-अमान और आपसी भाईचारे का बहुत योगदान होता है। एक साथ रहने वाली कौमें त्योहार मिल-जुल कर मनाती हैं, जिससे सामाजिक भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। मौलाना मोहम्मद मियां ने कहा कि यह सिर्फ और सिर्फ हमारे वतन हिन्दुस्तान की पहचान है जहां ईद और होली सभी एक साथ प्यार-मोहब्बत के साथ मनाते हैं। इसी तरह दीवाली और शबे-बरात की मुबारकबाद एक-दूसरे को देते हैं। मौलाना ने कहा कि 14 मार्च को जुमा और होली का एक साथ जमा होना हमारे मुल्क की गंगा-जमुनी तहजीब को पेश करने का बेहतरीन मौका है। लखनऊ में जहां हिन्दू भाइयों ने एक घण्टा पहले रंग खत्म करने की अपील की है वहीं मुसलमान भाइयों ने नमाजे जुमा को एक घण्टा देर से अदा करने की अपील की। मौलाना ने कहा कि यही वह ताकत है जो दुश्मनों की आंखों में कांटे की तरह चुभती है।







